श्रावण शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 अगस्त 2024
वर्ष 34, अंक 202, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की होगी जीत : विनेश 15

35 साल बाद फिर से रिलीज होगी मैंने प्यार किया 16

पढ़ते रहिये ...
अमृत विचार
उत्सव ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 0522- 4008111

## सूचना

रक्षाबंधन के अवसर पर अमृत विचार लखनऊ कार्यालय में दिनांक 19 अगस्त (सोमवार) को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 21 अगस्त (बुधवार) को प्रकाशित होगा।

-संपादक

## एक नजर

### सिम बॉक्स गिरोह का भंडाफोड़, अंतर्राष्ट्रीय कॉल डायवर्ट करते थे चीन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने बांग्लादेश के एक नागरिक द्वारा भुवनेश्वर से संचालित किए जा रहे सिम बॉक्स गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय कॉल को पाकिस्तान, चीन और पश्चिम एशिया में भेजता था। सिम बॉक्स का इस्तेमाल मूल फोन नंबर को छिपाने के लिए किया जाता है। साइबर अपराध, आतंकवादी कृत्यों, जबरन वसूली व अन्य अवैध गतिविधियों के लिए अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। पश्चिम बंगाल के रहने वाले राजू मंडल को शनिवार को भुवनेश्वर में एक मकान से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 1,000 से अधिक सिम कार्ड, राउटर और अन्य उपकरण जब्त किए गए।

### राजस्थान के सौ अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान में रविवार सुबह राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के करीब सौ अस्पतालों को बम से उड़ानें की धमकी मिली। जानकारी के अनुसार ई-मेल के जरिये सुबह जयपुर के मोनिलेक और सीके बिरला समेत कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद प्रशासन एवं पुलिस हरकत में आया और अस्पतालों में तलाशी अभियान चलाया गया। दोपहर तक किसी भी अस्पताल में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और यह धमकी झूठी निकली। धमकी के बाद अस्पतालों में तलाशी अभियान चलाने से मरीजों एवं आने जाने वाले लोगों को परेशानी हुई।

# मर्सिडीज सवार ने मारी टक्कर 200 मीटर तक घसीटा, मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली में हिट एंड रन का मामला, चालक गिरफ्तार

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में एक तेज रफ्तार मर्सिडीज ने एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि कार सवार ने उसे दो सौ मीटर घसीटा। पुलिस ने बताया कि 35 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक प्रदीप गौतम (45) अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान यूपी के रायबरेली के राजेश के रूप में की गई है। अधिकारी ने बताया कि वह जोर बाग इलाके में माली का काम करता था। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि राजेश मदनपुर खादर से जोर बाग तक लगभग 20 किलोमीटर साइकिल से जाता था। पुलिस ने बताया कि गौतम के खिलाफ 'हिट एंड रन' का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सूचने पर मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क पर एक साइकिल सवार खून से लथपथ मृत हालत में मिला, जबकि उसकी साइकिल करीब दो सौ मीटर आगे मिली।

# हाईकोर्ट के आदेश पर बनेगी अभ्यर्थियों की नई सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## 69,000 शिक्षक भर्ती मामला

### बेसिक शिक्षा के सचिव तैयार करेंगे नई सूची

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा- किसी के साथ अन्याय न हो, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को मिले आरक्षण का लाभ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के आदेशानुसार राज्य सरकार तीन माह के भीतर 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई सूची तैयार करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा और न्याय विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ रविवार को अहम बैठक में स्थिति साफ कर दी। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को मिलना ही चाहिए।

बैठक के बाद यह भी संकेत मिल गया कि राज्य सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रकरण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा रविवार को उच्च न्यायालय के निर्णय के सभी तथ्यों से अवगत कराया गया। सर्वोच्च न्यायालय के ऑब्जर्वेशन एवं उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ बेंच के निर्णय के आलोक में कार्यवाही करने के लिए विभाग को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट मत है कि संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्राप्त होना ही चाहिए एवं किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

सूत्रों का कहना है कि बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम और महानिदेशक कंचन वर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती की नई सूची बनाने को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। न्याय विभाग के अधिकारियों समेत सरकारी अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से उर्ध्वाधर आरक्षण को लेकर दिए गए ऑब्जर्वेशन के क्रम में हाईकोर्ट के आदेश का बारीकियां प्रस्तुत की। बैठक में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह भी थे।

सूत्रों का कहना है कि बेसिक शिक्षा के सचिव सुरेंद्र तिवारी हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में नई सूची तैयार करेंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि नई सूची में कितने नए अभ्यर्थी शामिल होंगे और कितने नाम बाहर होंगे, अभी तय नहीं हुआ है। हालांकि अलग-अलग संख्या शिक्षक नेताओं की ओर से बताई जा रही है। सूची बनने पर ही सही आंकड़ा सामने आएगा।

### आसान नहीं था आंदोलन से कोर्ट तक का सफर

शिक्षक भर्ती में धांधली की लड़ाई आसान नहीं थी। मुख्यमंत्री आवास से लेकर विधानसभा, शिक्षा मंत्री का आवास, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आवास समेत सात महीने 100 फीट ऊंची टंकी पर प्रदर्शन के साथ इस दौरान आंदोलनकारियों ने कुछ साथियों को भी खो दिया। अयोध्या के अजय जायसवाल बताते हैं कि कुछ साथियों ने सुसाइड भी किया, लेकिन मजबूती से लड़ते रहे। अंततः हाइकोर्ट से जीत मिली और अब तीन माह में नई सूची जारी होते ही नौकरी भी पक्की हो गई है। आंदोलन का नेतृत्व करने वाले रायबरेली के कृष्णचंद ने भी तमाम दुश्वारियां गिनाई।

# सपा की आदत छुड़ाने के लिए है कानून का डंडा: मुख्यमंत्री

## योगी आदित्यनाथ ने कहा, सपा मुखिया दुष्कर्मियों-अपराधियों को बचाने का करते हैं काम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर आरोप लगाया कि सपा मुखिया बेशर्मी के साथ दुष्कर्मियों और अपराधियों को बचाने का काम करते हैं। ऐसा लगता है कि इनकी पार्टी का चरित्र ही ऐसा हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ये आदत छुड़ाने के लिए कानून और कानून का डंडा भी है। इन्होंने हर दुष्कर्मी और अपराधी को निर्दोष साबित करना अपने जीवन का लक्ष्य मान लिया है। अब यह यूपी में नहीं हो पाएगा।

कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय वृहद रोजगार मेला व युवा सम्मेलन में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। करीब 30 मिनट के संबोधन में आठ मिनट तक उन्होंने विभिन्न मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी और उनके मुखिया को घेरा। यहां तक कहा है कि समाजवादी पार्टी को नई अयोध्या नहीं भा रही है। वह सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और फेक न्यूज प्रायोजित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कोलकाता, अयोध्या और कन्नौज में बेटियों के साथ हुई हैवानियत को लेकर सपा नेताओं को कठघरे में खड़ा किया। कहा कि सपा के नेता कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ गैंगरेप को अंजाम देने वाले दुष्कर्मियों का समर्थन कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि इनकी पार्टी का चरित्र ही ऐसा हो गया है। इनकी ये आदत छुड़ाने के लिए कानून भी है और कानून का डंडा भी है।



छात्रा को टैबलेट प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### युवाओं के साथ कोई अन्याय नहीं कर पाएगा

2017 से पहले नौकरियों में भ्रष्टाचार का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विपक्षी दलों की सत्ता थी, तब ये युवाओं के हकों में भी ऐसे ही डकैती डालते थे। नौकरी में भी भेदभाव होता था, कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ता था। आज हम कह सकते हैं कि साढ़े छह लाख नौजवानों को नौकरी दी और इसकी शुचिता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता है।

### अयोध्या को लहूलुहान करने वाले ही कर रहे बदनाम

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या को बदनाम करने की साजिश है। आज अयोध्या बदल रही है। पहले कितनी संकरी गलियां होती थीं, आज यह फोर लेन से जुड़ गया है। यहां के मार्ग, एयरपोर्ट दुनिया को आकर्षित कर रहे हैं। अयोध्या को बदनाम करने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने अयोध्या को लहूलुहान किया था।

## रक्षाबंधन मनाने पिकअप से घर लौट रहे थे श्रमिक

# बुलंदशहर में बस और पिकअप की टक्कर, 10 की मौत, 27 घायल

बुलंदशहर, एजेंसी

- मुख्यमंत्री योगी ने घायलों के इलाज के दिए निर्देश
- सलेमपुर थाने के पास हुआ भीषण हादसा



जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक पिकअप और निजी बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को पिकअप वैन और निजी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि पिकअप वैन गाजियाबाद से संभल की तरफ जा रही थी। तभी सलेमपुर थाना के करीब यह दुर्घटना हुई।

जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद की एक ब्रेड कंपनी में काम करने वाले 35 से अधिक श्रमिक पिकअप में सवार होकर गाजियाबाद से अलीगढ़ की तहसील अतरौली के गांव रायपुर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने जा रहे थे। पिकअप जैसे ही सलेमपुर थाने के पास पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार डग्गामार बस आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिला प्रशासन के मुताबिक, इस हादसे में कुल 37 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 10 यात्रियों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि 27 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है। जिलाधिकारी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए उन्हें और अन्य अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

पुलिस के अनुसार इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 10 लोगों में से सात लोग अलीगढ़ जिले के हैं और एक बुलंदशहर जिले का है, जबकि दो की पहचान नहीं हो सकी है। मृतकों की पहचान अलीगढ़ जिले के पाली थाना इलाके के अहेरिया नगला निवासी मुकुट सिंह, दीन नाथ, ब्रजेश, शिशुपाल, बाबू सिंह, गिर्राज सिंह और सुगरपाल के आवाला बुलंदशहर जिले के रामघाट थाना इलाके के ऊंचा गांव निवासी ओमकार के रूप में हुई है।

### बस चालक स्टेयरिंग फंसकर हुआ बुरी तरह जख्मी

हादसा इतना भयावह था कि बस की टक्कर के बाद पिकअप सवार लोग सड़क पर इधर-उधर जा गिरे। हादसे के दौरान बस चालक भी बस के स्टेयरिंग में फंसकर बुरी तरह से घायल हो गया। लोगों ने क्रेन की मदद से बस में फंसे चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# सीएए: लाखों लोगों को मिलेगा न्याय

अहमदाबाद, एजेंसी

- केंद्रीय गृहमंत्री बोले- कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की अगुवाई वाली पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण देश में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार नहीं दिए गए। शाह ने गुजरात में 188 हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र देने के बाद अहमदाबाद में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लाखों शरणार्थियों को उनके अधिकार तथा न्याय देने के लिए है।

शाह ने मुसलमानों को भी आश्वासन दिया कि सीएए में किसी की भी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि यह नागरिकता देने के बारे में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की पिछली सरकारों की तुष्टीकरण की नीति के कारण शरण के लिए देश में आए लोगों को उनका अधिकार और न्याय 1947 से 2014 तक नहीं मिला।' शाह ने कहा कि उन्हें (शरणार्थियों को) न केवल पड़ोसी देशों में हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख होने के कारण प्रताड़ित किया गया, बल्कि हमारे देश में भी लाखों-करोड़ों लोग तीन पीढ़ियों से न्याय के लिए तरस रहे हैं।

शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने करोड़ों घुसपैठियों को देश में घुसने दिया और उन्हें अवैध रूप से नागरिक बना दिया, लेकिन उन्होंने कानून का पालन करने वाले और इसके लिए आवेदन करने वाले लोगों को यह कहकर नागरिकता देने से इनकार कर दिया कि इसके लिए कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। शाह ने कहा कि विभाजन के समय बांग्लादेश में 27 प्रतिशत हिंदू थे, लेकिन उनका जबरन धर्म परिवर्तन किया गया, जिससे आज वे केवल नौ प्रतिशत रह गए हैं। उन्होंने देश भर में मौजूद शरणार्थियों से कहा कि वे बिना हिचकिचाहट के नागरिकता के लिए आवेदन करें।

# एम्स के चिकित्सक ने दवा की ओवरडोज लेकर की आत्महत्या

- फ्लैट से सुसाइड नोट भी मिला, घरेलू कलह बताई जा रही वजह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के 34 वर्षीय न्यूरो सर्जन ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि गुजरात के राजकोट निवासी राज घोनिया की मौत संभवतः दवाओं के ओवरडोज के कारण हुई है, क्योंकि दक्षिणी दिल्ली के गौतम नगर इलाके में स्थित उनके घर से दवाओं की इस्तेमाल की हुई शीशियां और सीरिंज मिलीं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। हालांकि घोनिया ने इसमें किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, "रविवार दोपहर करीब 2 बजे हौज खास पुलिस थाने को गौतम नगर इलाके में एक चिकित्सक के आत्महत्या करने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घोनिया को अचेत अवस्था में पाया।" घोनिया को एम्स ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह एम्स के ट्रॉमा सेंटर में नियुक्त थे।

# बस में किशोरी से गैंगरेप 5 रोडवेज कर्मी गिरफ्तार



पकड़े गए सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी।

- गिरफ्तार आरोपियों में तीन चालक, एक परिचालक और एक कैशियर शामिल
- 12 अगस्त की रात बसअड्डे पर घटना को दिया था अंजाम

**देहरादून, अमृत विचार :** पुलिस ने देहरादून में अंतर्राज्यीय बस अड्डे के भीतर बस में पंजाब निवासी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म में पांच रोडवेज कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बीती 17 अगस्त को बाल कल्याण समिति की सदस्य प्रतिभा जोशी ने थाने में तहरीर देकर कहा कि 12 अगस्त की रात आईएसबीटी में गुमशुम बैठी पंजाब निवासी एक किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया था। लड़की ने बताया कि बीती 12 अगस्त की रात बस अड्डा परिसर की एक बस में चार-पांच लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और दो कर्मियों को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर खुलासा हो गया। पुलिस ने घटना में शामिल पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# मंत्री के ड्राइवर ने पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में फांसी लगाई

- प्रेमिका की ब्लैकमेलिंग से था परेशान, भाई ने लिखाई प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के ड्राइवर राजवीर सिंह उर्फ कुंदन ने शनिवार रात फोन पर अपनी प्रेमिका से बात करते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में फंदे पर लटक कर जान दे दी। भाई ज्ञानवीर की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि राजवीर की प्रेमिका उसे ब्लैकमेल कर रही थी। मंत्री धर्मपाल सिंह के लिए लखनऊ के अलीगंज में की आनंद शुक्ला की ट्रैवल एजेंसी से गाड़ी उपलब्ध कराई गई थी, जिसे बाराबंकी निवासी 25 वर्षीय राजवीर सिंह चलाते थे। राजवीर 16-17 अगस्त को सिविल लाइंस स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रुके थे। शनिवार रात करीब 10 बजे उन्हें मंत्री को लेने स्टेशन जाना था। कई बार फोन करने के बाद भी राजवीर ने कॉल रिसीव नहीं की तो मंत्री के गनर गेस्टहाउस पहुंचे तो राजवीर के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। सूचना पर पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो राजवीर का शव फंदे पर पंखे के कुंडे से लटका मिला।

# कोलकाता रेप-मर्डर का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीजेआई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ कल करेगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले का रविवार का स्वतः संज्ञान लिया और 20 अगस्त (मंगलवार) को सुनवाई करेगा।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ 20 अगस्त 2024 को स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। 9 अगस्त 2024 को अस्पताल की ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर के साथ शर्मशार करने वाली घटना हुई थी। इस मामले को लेकर चल रहे देशव्यापी डॉक्टरों के आंदोलन के दौरान 14 अगस्त को उस अस्पताल पर अज्ञात लोगों की भीड़ ने हमला किया, जिसमें अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को काफी नुकसान पहुंचाया गया। डॉक्टर दुष्कर्म एवं हत्याकांड के विरोध में देशभर के डॉक्टर लगातार जगह-जगह धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को सीबीआई को डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच करने का निर्देश दिया था।

### अस्पताल के आसपास इकट्ठा होने पर रोक

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आसपास पांच से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शहर में अगले सात दिनों के लिए नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा लागू कर दी गई है। इसी बीच, 9 अगस्त को अस्पताल के अंदर एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की अदालत की निगरानी में जांच कर रही सीबीआई ने लगातार तीसरे दिन अस्पताल के बर्खास्त प्राचार्य संदीप घोष को शुक्रवार और शनिवार को 23 घंटे की पूछताछ के बाद भी रविवार सुबह 11 बजे सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पेश होने के लिए बुलाया। सीबीआई अपराध के साथ-साथ स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अस्पताल में हुई तोड़फोड़ में बर्खास्त प्राचार्य के संबंध की जांच कर रही है।

# दस सीटों के लिए भी होगी सपा और कांग्रेस में खींचतान

**विधानसभा उपचुनाव** | लोस चुनाव में छह सीटें जीतने के बाद उत्साहित कांग्रेस की पांच सीटों के लिए दावेदारी, सपा सिर्फ दो देने को तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तरह प्रदेश में विधानसभा की दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी कांग्रेस और सपा में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान संभव है। दोनों दलों में इसको लेकर एक-दूसरे पर दबाव बनाने की कवायद शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस की तरफ से जहां पांच सीटों पर दावेदारी जताई जा रही है, वहीं सपा की मंशा फिलहाल दो सीटें देने की है।

दरअसल, बीते लोकसभा चुनाव में जब यूपी में कांग्रेस और सपा का गठबंधन हुआ तो सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी थीं, जबकि कांग्रेस ने कम से कम 20 सीटों पर दावा किया था। उस चुनाव में छह सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद कांग्रेस उत्साहित है और प्रदेश में नए सिरे से अपना जनाधार खड़ा करने की इच्छा रखती है। इसी इच्छा के मद्देनजर ही कांग्रेस ने सपा पर दबाव बनाने के तहत सभी सीटों पर चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति भी कर दी, जबकि सपा ने रणनीति के तहत अभी छह सीटों पर ही प्रभारियों की तैनाती की है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि सपा दो सीटें कांग्रेस को देने के शुरुआती प्रस्ताव में अगर संशोधन भी करती है तो ज्यादा से ज्यादा चार सीटें ही देगी। इन सीटों में खैर, गाजियाबाद, कुंदरकी व मीरापुर की सीट संभव हैं।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, सीटों के बंटवारे को लेकर राहुल गांधी की तरफ से जल्द ही पहल की जा सकती है। इस बार लखनऊ नहीं, दिल्ली में ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच सब तय हो जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के मुताबिक, अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से लिया जाएगा।

समाजवादी पार्टी

### इन 10 सीटों पर होना है उपचुनाव

उप्र. में विधानसभा की रिक्त हुई सीटों में सीसामऊ, कटेहरी, करहल, मिल्कीपुर, कुंदरकी, फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर शामिल हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश की इन 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों की घोषणा अभी नहीं की है।

### भाजपा के दिग्गजों ने भी संभाली चुनाव की कमान

लखनऊ। उपचुनाव में सत्तासीन भाजपा भी कम से कम सात सीटें जीतने का पुरजोर दम लगा रही है। अभी तक भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मिलाकर पांच सीटें रही हैं। यह संख्या बढ़ाने के लिए सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कदमताल जारी है। इसके तहत मुख्यमंत्री के साथ-साथ दोनों उपमुख्यमंत्री को दो-दो सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें अपने-अपने क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले मंत्रीगण भी शामिल हैं।

# रक्षाबंधन के लिए राखी व मिठाई की जमकर हुई खरीदारी

## सूती धागे से लेकर बहनों ने सोने व चांदी की राखी खरीदी, त्योहार को लेकर मिठाई की दुकानों पर दिन भर रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/संसारपुर


मेन रोड पर भाइयों के लिए राखी खरीदतीं बहनें।


संसारपुर में मिठाई की दुकान पर खरीदारी करते लोग

**अमृत विचारः** रविवार को जिले भर में रक्षाबंधन त्योहार का उल्लास रहा। शहर से गांव और कस्बों में सजी राखी और मिठाई की दुकानों पर रविवार को सुबह से लेकर रात तक खरीदारों की भीड़ उमड़ती रही। बहनों ने भाइयों को बांधने के लिए राखी और मुंह मीठा कराने के लिए मिठाई खरीदी। वहीं भाइयों ने भी बहनों को देने के लिए उपहार खरीदे।

सोमवार को राखी का त्योहार होने और इससे पहले रविवार का अवकाश पड़ने से बाजार की रौनक काफी बढ़ गई। खरीदारी के लिए दिन भर महिलाओं की भीड़ उमड़ती रही। बहनों ने बाजार में भाइयों के लिए राखी खरीदी। उधर, सराफा दुकानों पर भी सोने और चांदी की राखी खरीदने के लिए लोग पहुंचते रहे। बहनों ने सूती धागे से लेकर टेडीबियर, चंदन, गजरा, मोती, रूद्राक्ष, डोरेमान, चंदन वाली राखी से लेकर ब्रेसलेट आदि की खरीदारी की। छोटे भाइयों के लिए डिजाइन वाली तो बड़े भाइयों के लिए साधारण राखी खरीदी। वहीं संपन्न बहनों ने भाइयों लिए सोने से लेकर चांदी की राखियां खरीदीं। दूसरी ओर मिठाई की दुकानों पर भी जमकर खरीदारी हुई। आलम यह रहा कि प्रतिष्ठित दुकानों पर दोपहर शाम होते ही मिठाई खत्म हो गई। इस बार बहनों ने भाइयों के लिए काजू कतली, खजूर लड्डू, मिक्स मिठाई से लेकर सोहन पापड़ी, मोतीचूर के लड्डू खरीदे। इसके अलावा चॉकलेट से लेकर ड्राई फ्रूट की भी खूब खरीदारी हुई।

### आदेश की उड़ीं धज्जियां, जिम्मेदार

हाल ही में शासनादेश जारी हुआ था कि मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर प्रत्येक मिठाई के बाबत यह जानकारी सार्वजनिक करनी होगी कि संबंधित मिठाई कब बनी और इसे कब तक यह खाने योग्य रहेगी। मगर, आदेश जारी होने के कुछ माह तक प्रतिष्ठानों पर एक्सपायरी तारीख लिखी गई, लेकिन उसके बाद फिर से प्रतिष्ठान मालिक आदेश की धज्जियां उड़ाने लगे। त्योहार पर भी मिठाई की जमकर बिक्री हो रही है, लेकिन किसी भी मिठाई की ट्रे में इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है कि यह मिठाई कब बनी। जबकि दुकान पर काम करने वाले लेबरों का कहना है कि दुकानों पर चार पांच दिन पहले से ही मिठाई बननी शुरू हो जाती है। ऐसे में इसकी गुणवत्ता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

पहले की अनदेखी, पर्व बाद पढ़ाएंगे जागरूकता का पाठ रक्षाबंधन पर मिठाई की खरीदारी सबसे ज्यादा होती है। इसलिए इसकी गुणवत्ता को लेकर निरंतर छापेमारी की गई। सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। हालांकि दुकानों पर इसके बनने और एक्सपायरी की तारीख नहीं लिखी मिली। इसके लिए पर्व बाद जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

–ब्रजेंद्र शर्मा, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# समय के साथ बदला रक्षाबंधन का ट्रेंड

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** कुछ समय पूर्व में रक्षाबंधन त्यौहार पर लोग बड़े-बड़े गजरे हाथ में बांधे रहते थे। दो-तीन दिनों तक हाथ में बंधे रहने के बाद उन गजरों को हाथ से खोलकर रेडियो या साइकिल के हैंडिल में बांध देते थे। उस समय रेडियो या साइकिल के हैंडिल में गजरे बांधने का एक प्रचलन भी था। जो महीनों बीतने के बाद भी राखी त्यौहार की याद दिलाते थे।

रेडियो या साइकिल की ओर नजर पड़ते ही रक्षाबंधन त्यौहार की याद आ जाती थी। आज रेडियो नदारद हो गए हैं उनकी जगह स्मार्टफोन ने ले ली है। अब केवल रक्षाबंधन वाले दिन ही राखी की धूमधाम रहती है। बाद में एक साल बाद पुनः रक्षाबंधन त्यौहार की याद आती है, जिससे रक्षाबंधन त्यौहार पर अब वह ट्रेंड नहीं रहा। रक्षाबंधन के त्यौहार का स्वरूप काफी बदल चुका है और अब इसे लोग अपने तरीके से खास और यादगार बना रहे हैं। बदलते जमाने में तकनीक और ट्रेंड्स ने रक्षाबंधन के त्यौहार में सेलिब्रेशन के तरीकों में काफी प्रभाव डाला है। इसे मनाने का तरीका तो बदला ही है बल्कि अब भाई बहन पुराने तरीकों से अलग हटकर मॉडल स्टाइल और नए ट्रेंड्स को फॉलो कर फेस्टिवल सेलिब्रेट कर रहे हैं।

## एक नजर

### भाकियू टिकैत गुट के प्रदेश महासचिव ने दिया इस्तीफा

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश महासचिव अमन दीप सिंह संधू ने भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजे पत्र में लिखा है कि वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। संगठन और टिकैत परिवार के प्रति उनकी निष्ठा बनी रहेगी।

### गन्ने के खेत में मिला युवक का शव

**बेहजम। अमृत विचार :** गांव लखनियापुर के निकट गन्ने के खेत के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर सीओ मितौली एसओ मौके पर पहुंचे। शव की पहचान विकास मिश्रा (28) निवासी रसूलपर के रूप में हुई। परिवार वालों ने बताया कि विकास सुबह करीब 10 बजे अपने गन्ने के खेत को देखने के लिए गया था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया युवक की मौत सर्पदंश से होना प्रतीत हो रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कोटेदार के समर्थन में आए सैकड़ों कार्ड धारक

**तिकुनियां। अमृत विचार :** विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत मोतीपुर के सैकड़ों कार्ड धारक कोटेदार के समर्थन में उतर आए हैं। उनका कहना है कि एक पूर्व प्रधान का पुत्र गांव के ही एक परिवार के साथ मिलकर कोटेदार पम्मी देवी वर्मा के पति संजय वर्मा को फर्जी तरीके से फंसाने का कुचक्र रच रहा है। उनका कहना है कि केवल एक ही परिवार के पांच लोगों को छोड़कर किसी कार्ड धारक को कोटेदार व कोटेदार के पति से कोई परेशानी व दिक्कत नहीं है। कार्ड धारकों ने मुख्यमंत्री, डीजीपी, डीएम और एसपी को शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र भेजा है।

# रक्षाबंधनः शुभ मुहूर्त दोपहर बाद, भद्राकाल में न बांधें राखी

## दोपहर दो बजे से रात नौ बजे तक बहनें भाइयों को बांधें राखी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


महंत प्रमोद दीक्षित।

**शुभ मुहूर्त**

दोपहर 02 :02 से रात्रि 09 :05 तक– अवधि करीब 07 घंटे
अपराह्न मुहूर्त– दोपहर 02 :02 से शाम 04 :19 तक
प्रदोष मुहूर्त– शाम 06 :56 से रात 09 :07 तक।

**इन चौघड़िये में भी शुभ है रक्षाबंधन**

चर का चौघड़िया– दोपहर 02 :02 से दोपहर 03 :40 तक
लाभ का चौघड़िया– दोपहर 03 :40 से शाम 05 :18 तक
अमृत चौघड़िया– शाम 05 :18 से शाम 06 :56 तक।

**अमृत विचारः** भाई बहन के प्यार का त्योहार आज है। मगर, इस बार पर्व दोपहर बाद मनाया जाएगा। इसकी वजह दोपहर डेढ़ बजे तक भ्रदाकाल का साया है। ऐसे में बहनों का दोपहर दो बजे के बाद ही राखी बांधना शुभ होगा।

देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद दीक्षित ने बताया कि रक्षाबंधन का पर्व श्रावण माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस बार पूर्णिमा तिथि 18 अगस्त यानि रविवार रात 02:21 से सोमवार 19 अगस्त की रात 12:28 तक रहेगी। ऐसे में रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त को मनेगा। मगर, दोपहर बाद। क्योंकि 19 अगस्त को सूर्योदय से दोपहर 01:25 तक भद्रा काल रहेगा। इस दौरान राखी बांधना शुभ नहीं है। हालांकि भद्राकाल को लेकर भी ज्योतिषियों के मत अलग अलग हैं। कुछ के मुताबिक मकर राशि में चंद्रमा होने से भद्रा पाताल लोक में निवास करेगी। इसलिए पाताल लोक की भद्रा ज्यादा चिंता जनक नहीं मानी जाती है।

हालांकि अधिकतर ज्योतिषियों का मत है कि रक्षाबंधन पर्व शुभ मुहूर्त में ही मनाया जाना चाहिए। जो सोमवार दोपहर 02:02 से रात्रि 09:05 तक है। बहने इस समयावधि में ही भाईयों का टीका कर राखी बांधे।

# आज महिलाओं के लिए बसों की यात्रा मुफ्त

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


रोडवेज बस अड्डे पर मौजूद बसें और मुसाफिर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन आज है। बहनें परिवहन निगम की साधारण एवं एसी बसों में रात 12 बजे तक मुफ्त सफर कर सकेंगी। हालांकि पिछले सालों में सीएम योगी की ओर से बहनों को दो दिन मुफ्त यात्रा करने की सौगात मिलती थी, लेकिन इस बार निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने एक ही दिन का आदेश जारी कर बहनों की सौगात में कटौती कर दी है।

सीएम योगी ने रक्षाबंधन पर्व पर हर साल की तरह इस वर्ष भी दो दिन के लिए बहनों को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा कराने के निर्देश दिए थे। इस पर अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने 12 अगस्त को आदेश जारी कर 18 अगस्त की रात 12 बजे से 20 अगस्त की रात 12 बजे तक मुफ्त सफर कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन एमडी मासूम अली सरवर ने इसको निरस्त कर 14 अगस्त आदेश जारी कर इसमें कटौती कर दी है। अब महिलाएं रविवार रात 12 बजे से सोमवार रात 12 बजे तक ही निगम बसों में फ्री सफर कर सकेंगी।

**रोडवेज बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन तक उमड़ी भीड़ :** इस बार त्योहार से पहले रविवार का अवकाश लोगों के लिए मुफीद रहा। भाईयों के यहां जाने के लिए रविवार को रोडवेज बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन पर मुसाफिरों की भीड़ रही। रविवार को रेलवे स्टेशन पर लखनऊ और मैलानी के लिए आवागमन करने वाली ट्रेनों में काफी भीड़ रही। सीट पाने के लिए मुसाफिरों में जद्दोजहद होती रही। हालांकि किराया महंगा होने की वजह से रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों की संख्या ट्रेनों के मुकाबले कम रही।

**एमडी के आदेश से बहनों में नाराजगी :** राखी त्योहार पर सीएम योगी की ओर से दो दिन रोडवेज बसों में निशुल्क सफर की सौगात की घोषणा करने से बहनें खुश थी कि सोमवार को त्योहार पर भाईयों के घर राखी बांधकर दूसरे दिन रोडवेज बसों से फ्री में घर वापसी कर सकेंगी। मगर, एमडी की ओर से जारी आदेश को लेकर बहनों का कहना है कि एक दिन की वजह से भागमभाग की स्थित रहेगी।

लखीमपुर डिपो की एआरएम गीता सिंह ने बताया कि राखी त्योहार पर महिलाओं के लिए जारी निःशुल्क यात्रा सुविधा का आदेश परिवर्तित कर दिया गया है। अब बहनों को दो दिन नहीं बल्कि एक ही दिन फ्री सफर की सुविधा मिलेगी।

### जनपदीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कृषक समाज की टीमें विजयी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कृषक समाज इंटर कॉलेज में हुई 14 और 17 वर्षीय बालक, बालिका वर्ग की जनपदीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कृषक समाज की टीमें विजयी रहीं। प्रधानाचार्य एपी सरोज, विद्यालय प्रबंध समिति के उप मंत्री विनोद कुमार मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, टास कराकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। उप प्रधानाचार्य क्रीड़ा अध्यक्ष श्याममूर्ति शुक्ला के निर्देशन में हुई जनपदीय बास्केटबाल प्रतियोगिता 14 से 19 वर्ष में बालक वर्गों में कृषक समाज ने प्रथम स्थान, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज लखीमपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कृषक समाज इंटर कॉलेज की टीमें विजयी रहीं। विजयी छात्र, छात्राओं को गोल्डन एवं सिल्वर मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। बास्केटबाल प्रतियोगिता के निर्णायक पुनीत गुप्ता, मकसूद अली, टाइम कीपर मोहित राठौड़, स्कोरर सरोज कुमार वर्मा रहे।

### दुन्नी देवी विद्यालय में मना रक्षाबंधन का पर्व

**संवाददाता, अलीगंज। अमृत विचार :** दुन्नी देवी गयादीन स्मारक विद्याल में रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्री नर्सरी से कक्षा तीन तक की बहनों ने राखी बनाओं प्रतियोगिता में भाग लेकर आकर्षक राखियां बनाकर भाइयों के कलाई पर बांधी। प्रधानाचार्य रचना मिश्रा ने रक्षाबंधन के पर्व का महत्व बताया।


दुन्नी देवी विद्यालय में राखी बांधती बहनें।

# छात्राओं ने एसएसबी जवानों को बांधी राखी


▸▸ सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

एसएसबी के जवानों को राखी बांधती छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में राखी निर्माण के साथ मेहंदी प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने स्वयं राखी तैयार कर अधिकारियों के कार्यालयों में जाकर रक्षा सूत्र बांधा और फिर मेंहदी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने बताया कि विद्यालय में रक्षाबंधन कार्यक्रम हुआ। इसमें राखी निर्माण कार्यशाला से लेकर मेंहदी प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने स्वयं राखी तैयार कर विभिन्न कार्यालयों सहित एसएसबी कैंप पहुंची और राखी बांधकर शुभकामनाएं दी। इसके बाद मेंहदी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में 45 और जूनियर वर्ग में 40 छात्राओं ने हिस्सा लिया। मौके पर भारत विकास परिषद के लोगों ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम कर हाईस्कूल की मेधावी भूमि मौर्या और इंटर की मेधावी भाव्या सिंह सहित शिक्षिका सरिता तिवारी एवं रुचि तिवारी वकर्मचारी सुनील कुमार को सम्मानित किया गया। संचालन रजनी अमित बाजपेई ने किया। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने कहा कि इस त्यौहार में हमारी सनातन संस्कृति झलकती है।


मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल हुई छात्राएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सर्किल रेट में वृद्धि अनुचित, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


उप निबंधक पलिया को ज्ञापन सौंपते नगर व्यापार मंडल जिला मंत्री।

**संवाददाता पलिया कलां। अमृत विचार :** उपनिबंधक कार्यालय पलिया की मूल्यांकन सूची में तहसील की संपत्तियों के सर्किल रेट की दरों में प्रस्तावित वृद्धि को लेकर नगर के विभिन्न संगठनों एवं अन्य नागरिकों ने सहायक महानिदेशक सहायक आयुक्त स्टांप एवं निबंधन, को संबोधित ज्ञापन उप निबंधक पलिया आर राठौर को सौंपा। इस दौरान नगर व्यापार मंडल के जिला मंत्री अमित महाजन, राजीव शुक्ला, अनूप गुप्ता, जसवीर पलोरा, फिरोज खान, देवेंद्र अरोड़ा, गौरव अग्रवाल आदि मौजूद रहे। उधर, बार एसोसिएशन पलिया अध्यक्ष श्रीष द्विवेदी ने भी उन्हें मूल्यांकन सूची को लेकर ज्ञापन दिया। जबकि अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के पदाधिकारियों व कई अन्य नागरिकों ने नगर व क्षेत्र में विगत दिनों यहां आई भीषण बाढ़ का हवाला दे एसडीएम पलिया को ज्ञापन सौंपा। जिसमें वृद्धि को अनुचित व अमानवीय करार दिया।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं के लिए कराया भंडारा

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** सावन की त्रयोदशी पर तमाम श्रद्धालुओं की आवक होने से व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष कैलाशचंद गुप्त ने अपने प्रतिष्ठान के सामने भंडारा कराया। सावन में पौराणिक शिव मंदिर से पूजा अर्चना कर निकलने वाले श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ सिनेमा चौराहे पर होती है। पड़ोस में रहने वाले व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाशचंद गुप्त ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए भंडारा कराया। जो सुबह से शाम तक अनवरत चलता रहा। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में अभ्यार्थ, अभिनव, पलक, स्वास्तिक, हर्ष, अंश गुप्ता, जितेंद्र गट्टानी, गोपाल कृष्ण शुक्ल, बालकृष्ण गुप्ता, श्रवण माहेश्वरी, पंकज हालन आदि लगे रहे।


गोला में भंडारे का प्रसाद वितरित करते व्यापार मंडल अध्यक्ष। अमृत विचार

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में निकाली रैली


पलिया में रैली निकालते हिंदू संगठनों के लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां पर मौजूद हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू संगठनों ने पलिया गेस्ट हाउस से चौकी चौराहा, माल गोदाम रोड, मेला रोड होते हुए पूरे नगर में रविवार को मार्च निकाला। जिसमें हाथ में नारे लिखी तख्ती लेकर सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। तख्तियों पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार रोकने और उन्हें सुरक्षा देने की मांग की गई थी। नगर मार्च की अगुवाई भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं पर हो रहे अत्याचार भयावह हैं। वहां पर माताओं– बहनों के साथ किए जा रहे दुष्कर्म के अलावा उनके घरों, दुकानों व धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है। इसके अतिरिक्त रैली को कई अन्य युवाओं ने भी संबोधित किया। रैली में मुख्य रूप से राजकुमार राठौर, सतेंद्र मिश्रा, विष्णु शर्मा, आकाश मिश्रा, पंकज गुप्ता, अमन गुप्ता, पुनीत गुप्ता, प्रहलाद राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# यात्रियों की सुविधाओं के लिए लोगों ने दिए सुझाव

संवाददाता, मैलानी


मैलानी रेलवे की बैठक में मौजूद अधिकारी और संभ्रांत लोग। अमृत विचार

▸▸ रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की हुई बैठक

**अमृत विचारः** शनिवार को रेलवे स्टेशन पर हुई सलाहकार समिति की बैठक में लोगों ने यात्री ट्रेनों में यात्रियों की सुविधाओं के लिए सुझाव दिए ।

रेलवे स्टेशन पर समिति की स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में सहायक मंडल प्रभात कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। समिति के सदस्य अमित अरोड़ा ने नानपारा मैलानी मीटर गेज ट्रेनों का समय यात्रियों की सुविधाओं के हिसाब से निर्धारित करने, प्लेटफार्म नंबर एक पर लगे आरओ का स्थान बदलने का सुझाव दिया। सदस्य जुल्फिकार हुसैन अंसारी ने वेटिंग हॉल के शौचालय के दरवाजे में सिटकनी लगवाने, प्लेटफार्म नंबर एक पर पुल के पास बने शौचालय के दरवाजे को सही करवाने, शाहगढ़ डालीगंज पैसेंजर ट्रेन को लखनऊ के लिए चलाने और सुविधाएं बेहतर उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। करनवीर बालिया ने मैलानी से पंजाब के लिए ट्रेन चलाने का सुझाव दिया। शाहगढ़ डालीगंज पैसेंजर ट्रेन को स्टार्टर सिग्नल से पहले रोकने, मैलानी से आगरा मथुरा को ट्रेन चलाने और मैलानी से सुबह सात बजे लखनऊ के लिए ट्रेन चलाने का सुझाव दिया। गोपाल सिंघल ने आरपीएफ, जीआरपी की कार्रवाई पर सवाल उठाए। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने रेलवे कर्मचारियों से जगह की मांग की जिस वजह से मेन मार्केट के लोगों को शौचालय की सुविधा मिल सके। कहा कि जगह मिलने पर नगर पंचायत द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए दो आरओ लगा दिए जाएंगे। स्टेशन अधीक्षक धनराज मीना ने बताया कि लखनऊ और इज्जतनगर के लिए जल्द ही ट्रेनें चलाने की योजना बनाई जा रही है। मैलानी नगर के यात्रियों को और ट्रेनों की सुविधा मिलने की योजना जल्द ही शुरू की जाएगी। बैठक में विनय शर्मा, दिनेश त्रिपाठी, डीसी आई मोच महेंद्र, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक तेजप्रताप, सीनियर सेक्शन इंजीनियर विद्युत सूरज कुमार, दीपचंद मीना, यातायात निरीक्षक महातम पांडेय मौजूद रहे।

# रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज में मना रक्षाबंधन


विद्यालय में भाइयों को राखी बांधतीं बहनें।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज शहाबुद्दीनपुर में शनिवार को रक्षाबंधन पर्व मनाते हुए भाईयों को बहनों ने राखी बांधी और मिठाई खिलाई वहीं शिक्षकों के भी राखी बांध पर्व को मनाया। शिक्षकों ने रक्षाबंधन के इतिहास पर प्रकाश डाला और महाभारत कालीन घटना को याद किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देकर आभार प्रकट किया। श्यामकिशोर, सुशील, सत्येंद्र कुमार, भूपेन्द्र कुमार, सलमान, अभिषेक यादव, नियामत अली, अवनीश, सरिता, राधा, चांदनी, पूजा, प्रांशी, अंजली आदि मौजूद रहीं।

# डीएम, विधायक, एडीजे ने आश्रितों को प्रदान की प्रतीकात्मक चेक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


अधिवक्ता की आश्रित को प्रतीकात्मक चेक देतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

▸▸ 13 स्मृतिशेष अधिवक्ताओं के आश्रितों को मिली सहायता राशि, सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग

**अमृत विचारः** जिला प्रशासन के तत्वावधान में रविवार को कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए स्मृतिशेष अधिवक्ताओं के आश्रितों को सहायता राशि वितरण कार्यक्रम हुआ, जिसमें लखनऊ में सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। जिले के 13 स्मृतिशेष अधिवक्ताओं के आश्रितों को सरकार की ओर से 05-05 लाख की सहायता राशि की प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। इस दौरान सभी आश्रितों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सरकार और शासन-प्रशासन अधिवक्ताओं के मान-सम्मान, सुरक्षा व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आज इस कार्यक्रम में जिले के 13 स्मृतिशेष अधिवक्ताओं के आश्रितों को सरकार की ओर से 05-05 लाख की सहायता राशि के डेमो चेक प्रदान किया जा रहा। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सरकार की ओर से अधिवक्ताओं के हित में उठाए गए कदमों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अधिवक्ताओं के हितों का हमेशा ध्यान रखा है। वह अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर काफी सजग है। कार्यक्रम की शुरुआत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। इससे पूर्व एलईडी स्क्रीन के जरिए लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन को देखा और सुना गया। इस मौके पर एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, एसडीएम (निघासन) राजीव निगम, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, विश्वास श्रीवास्तव, डीजीसी अरविंद त्रिपाठी, आशीष शुक्ला, प्रभात यादव, जेडी अभियोजन दिलीप श्रीवास्तव, एडीजीसी लक्ष्मी नारायण दीक्षित अवधेश अग्निहोत्री, विशेष लोक अभियोजक संजय सिंह, संदीप मिश्रा, विशेष अभियोजक फौजदारी कपिल कुमार कटिहार मौजूद रहे।

# डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

## ग्रामीणों ने अंडरपास और फ्लाईओवर को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



डीआरएम को ज्ञापन देते भवानीगंज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** छोटी काशी के पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक करने सपरिवार आये डीआरएम आदित्य कुमार को नगर के रेलवे स्टेशन से सटे भवानीगंज गांव के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों, राहगीरों को अंडरपास, फ्लाईओवर दिए जाने की मांग की है। डीआरएम ने अमृत भारत योजना के तहत बने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्य में प्रगति लाने के लिए कहा है।

रविवार दोपहर विशेष निरीक्षण यान से नगर के रेलवे स्टेशन पहुंचे मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार को भवानीगंज के लोगों ने सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गांव के निकास मार्ग के पास रेलवे के ठेकेदार द्वारा दीवार खड़ी करने के लिए नींव खोदी जा रही थी जिसे ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद रोक दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दीवार बनने से ग्रामीणों को दिक्कतें होंगी। ग्रामीणों ने गांव के लिए मुख्य निकास मार्ग, अंडरपास, फ्लाईओवर के निर्माण की मांग की है। ज्ञापन सौपते समय पिछड़ा मोर्चा के जिला सदस्य आदेश ठाकुर, भाकियू के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह संधू, सुनील कुमार चौधरी, सरोज बाजपेयी, नजर मोहम्मद, अवधेश सिंह, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार, राकेश, बलवीर सिंह मौजूद रहे। डीआरएम ने उन्हें आश्वस्त किया है कि इस पर विचार कर जल्द ही कोई निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत बने रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआरएम ने पौराणिक शिव मंदिर पहुंचकर भगवान् भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना की।

## जानवरों से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पलिया कलां, अमृत विचार:** स्थानीय जंगलों में वर्षा व बाढ़ का पानी भरने से बाहर भाग रहे वन्य पशुओं द्वारा फसलें नष्ट करने से परेशान क्षेत्रीय किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के दुधवा टाइगर रिजर्व सहित उत्तर खीरी वन प्रभाग की विभिन्न रेंजों के जंगलों में इन दिनों वर्षा व बाढ़ का पानी भरा हुआ है। इससे परेशान भूखे वन्य पशु चीतल, पाढ़ा, काकड़, बारहसिंगा, बंदर, बाघ, जंगली हाथियों के झुंड क्षेत्रीय ग्राम पढ़ुआ, तिरकौलिया, गदनियां, लगदहन, पतेड़ा, सुहेला, लालपुर, पकरिया आदि के खेतों में पहुंच किसानों की फसलें खाये एवं रौंद रहे हैं। तमाम ग्रामीणों ने तहसील पहुंच कर एसडीएम कार्तिकेय सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें जंगली जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाई गई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में कई ग्रामों के प्रधान व सामाजिक संगठनों के लोगों सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## हरियाली को बढ़ाकर संरक्षित करने का महीना है सावन



मितौली ब्लॉक के गांव खुर्रम नगर के चौराहे पर पौधा लगाते गायत्री परिवार के लोग।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के युवाओं ने रविवार को श्रावणी पर्व की पूर्व संध्या पर गांव खुर्रमनगर स्थित योगेश्वर महाकाल मंदिर में रुद्राभिषेक कर वृक्ष गंगा शोभायात्रा आयोजित की। इस दौरान पौधरोपण कर लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया।

अभियान संयोजक अनुराग मौर्य ने बताया मितौली ब्लॉक संयोजक कामता प्रसाद मौर्य एवं युवा प्रकोष्ठ टीम ने तरु पूजन कार्यक्रम कराया। टीम के अजय वर्मा ने ग्रामीणों को पेड़ों की उपयोगिता बताते हुए कहा कि पेड़ की सच्चे रूप में शिव हैं, जो वातावरण का प्रदूषण रूपी विष स्वयं लेकर सभी के लिए उपयोगी अमृत रूपी प्राणवायु देते हैं। सावन माह हरियाली को बढ़ाने और संरक्षित करने का महीना है। तरु पूजा बाद युवाओं ने अशोक का पौधा रोपकर हरियाली के संरक्षण का संदेश दिया और खुर्रम नगर चौराहे पर ट्री गार्ड में अशोक का पौधा रोपा। ग्राम जागरण सेवा समिति के कुलदीप मौर्य, हरिओम मौर्य, लक्ष्मी यादव, श्याम किशोर मौर्य, शिवम मौर्य, युवा प्रकोष्ठ के यज्ञदेव वर्मा, दीपक वर्मा, अरुण कनौजिया, प्रिंस रंजन बरनवाल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कोतवाल ने दिलाई शिशु भारती के पदाधिकारियों को शपथ



शिशु भारती के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद विद्यार्थी। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के मोहम्मदी रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु भारती के पदाधिकारियों को कोतवाल रमेशचंद्र पांडेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सरस्वती शिशु मंदिर में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कोतवाल रमेशचंद्र पांडेय, व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने शिशु भारती के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सह व्यवस्थापक सत्यप्रकाश अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिशु भारती प्रमुख आचार्य नागेंद्र सिंह, कार्यालय प्रमुख उमाकांत कटियार, रामकुमार वर्मा, उर्मिला शर्मा, मुकेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बेसिक हेल्थ वर्कर्स के दीपक अध्यक्ष व शिवम बने मंत्री



बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने दीपक मिश्रा बाएं से तीसरे।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में हुआ। पर्यवेक्षक एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा एवं चुनाव अधिकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष महंत सिंह की मौजूदगी में हुए अधिवेशन में दीपक मिश्रा को पुन: जिलाध्यक्ष और शिवम बरनवाल को मंत्री चुना गया। वहीं सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय वर्मा, उपाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष अक्षत पोरवाल, ऑडिटर नरेंद्र सेन, संयुक्त मंत्री विनीत अवस्थी, संजय वर्मा, शिवओम मिश्रा, उप मंत्री राजीव मौर्या, प्रचार मंत्री सत्येंद्र यादव, संगठन मंत्री रवि मिश्रा, आशीष मिश्रा एवं कार्यकारिणी सदस्य धीरज दीक्षित, अवनीश वर्मा, दुष्यंत पाठक चुने गए। दीपक मिश्रा ने बताया कि सियाराम त्रिवेदी सरंक्षक बनाए गए। अभिषेक वर्मा, नैमिष पटेल, संतोष कुमार, मैकू लाल, राजेश श्रीवास्तव, प्रशांत हंस, वारुणी देवी, शशिबाला वर्मा, शोभा देवी शुक्ला, अनीता यादव सहित बेसिक हेल्थ वर्कर मौजूद रहे।

### करनपुर में डेंगू से युवक की मौत



गजेन्द्र वर्मा। (फाइल फोटो)

**संवाददाता, रजागंज, अमृत विचार :** गांव करनपुर निवासी 31 वर्षीय गजेन्द्र वर्मा की रविवार को मौत हो गई। डेंगू बुखार को लेकर इनका इलाज लखनऊ में चल रहा था। घर वालों के मुताबिक गजेंद्र को तीन दिन पहले बुखार आया था। उस पर घरवालों ने इलाज के लिए लखीमपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया और उसके बाद लखनऊ ले जाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रविवार को गजेन्द्र की मौत हो गई। जिससे गांव के लोग डेंगू बुखार को लेकर भयभीत हैं।

# सफाई कर्मी ने घर में लगाई फांसी, मौत

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र के गांव देवरिया अलीगंज में एक युवक ने शनिवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची बिजुआ चौकी पुलिस ने पंचनामा भर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



लेखराम। (फाइल फोटो)

थाना भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरिया गंगा के मजरा देवरिया अलीगंज में शनिवार देर रात गांव निवासी लेखराम (40) ने घर में ही फंदे से लटक कर जान दे दी। लेखराम बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के कौआखेड़ा गांव में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। शनिवार देर रात घर के सभी सदस्य सोए हुए थे मौका पाकर लेखराम ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बिजुआ पुलिस चौकी टीम ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए कहा पर परिजनों ने इनकार कर दिया। मौके पर पहुंचे ग्राम पंचायत पिपरिया गंगा के प्रधान पति जसवीर सिंह उर्फ मिंटू ने परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

# तीन में डेंगू व एक रोगी में मलेरिया की पुष्टि

## बुखार का प्रकोप : संक्रमितों के घर के आस पास कराया गया एंटी लार्वा का छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराते सीएमओ एव जिला मलेरिया अधिकारी।

**अमृत विचार:** जिले में बुखार कहर बरपा रहा है। वहीं डेंगू से लेकर मलेरिया का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। गत तीन दिन बुखार की आंच में तप रहे मरीजों में तीन लोगों में डेंगू और एक में मलेरिया की पुष्टि हुई है। इनमें से करनपुर निवासी डेंगू संक्रमित का इलाज लखनऊ में चल रहा है।

जिले में डेंगू और मलेरिया के मरीजों में दिन पर दिन इजाफा हो रहा है। आए दिन जांच में बुखार पीड़ितों में डेंगू और मलेरिया बुखार की पुष्टि हो रही है। शहर में ही दो मरीजों में डेंगू बुखार की पुष्टि हुई है। जबकि इसका एक मरीज कस्बा करनपुर में मिला है। वहीं बैरागर गांव निवासी बुखार के मरीज में मलेरिया की पुष्टि हुई है। इसकी जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संक्रमितों के घर और आस पास एंटी लार्वा का छिड़काव कराकर लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया है। डेंगू के मरीजों में एक का इलाज लखनऊ में तो दूसरे का इलाज शहर के एक निजी नर्सिंग होम में हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के लोगों का दावा है कि इन सबकी हालत में पहले से काफी सुधार है।

> गत दिनों में डेंगू और मलेरिया बुखार की जिन लोगों में पुष्टि हुई है। उनके घर एवं आस पास एंटी लार्वा का छिड़काव कराकर बचाव के लिए भी जागरूक किया गया है। सभी लोग बुखार आने पर स्वयं दवाएं न लेकर सरकारी अस्पताल में ही दिखाएं, जिससे जांच के साथ बेहतर इलाज मिल सके।
>
> –डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमओ

## महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में जूनियर महिला डॉक्टर मोमिता देवनाथ के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के विरोध में नगर के अशोक चौराहे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया है। एबीवीपी के नगर अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ बर्बरता एवं बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, जो निंदनीय हैं। जिला सहसंयोजक आशुतोष मिश्रा ने कहा कि ममता बनर्जी की चुप्पी इस बात का जवाब है कि वह अपने शासन में महिला वर्ग की सुरक्षा करने में नाकाम हैं। विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन कर डॉ. मोमिता के हत्यारों को फांसी देने की मांग की है। पटेल सुशील वर्मा, नगर मंत्री श्रेष्ठ दीक्षित, प्रिंस वर्मा, अत्यांश शुक्ला, हर्षित तिवारी, अवि शुक्ला, अनुभव दीक्षित, दीपांशु सिंह, दीपक मिश्रा, हर्ष भारद्वाज, प्रशांत गुप्ता, जाग्रत अवस्थी, राजा वर्मा, सारिका मिश्र, मयूरी चौहान आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म पीड़िता के पिता को मिली हत्या की धमकी, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में आरोपियों ने किशोरी के पिता को सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2014 में कुछ लोग उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए थे और दुष्कर्म किया था। सदर कोतवाली पुलिस ने अशफाक हुसैन व उसके पुत्र कासिफ समेत अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 363,366,376,120 बी व 5जी 16 पॉक्सो दर्ज किया था। यह मामला अभी अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़ित पिता का कहना है कि वह 20 जुलाई को कचहरी पेशी पर आया था। आरोपी अशफाक हुसैन व उसके पुत्र कासिफ ने कहा कि अगर सुलह नहीं की तो पेशेवर हत्यारों से तुम्हारी हत्या करा देंगे। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

## भूलनपुर में कब्जेदारी को लेकर मारपीट हल्का दरोगा की भूमिका संदिग्ध

**संवाददाता, बेहजम खीरी। अमृत विचार :** थाना नीमगांव की पुलिस चौकी बेहजम के गांव भूलनपुर में कब्जेदारी को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। मौके पर पहुंचे एएसपी ने पूरे मामले में हल्का दरोगा की भूमिका संदिग्ध होने पर जांच के आदेश दिए हैं। गांव में एहतीयातन पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जाता है कि 4 साल पूर्व रेशमा पत्नी हिसार से दुकानों की जगह का बैनामा कराया गया था, लेकिन रेशम की दो पुत्री शमा और परवीन बैनामा गलत तरीके से होने की बात कहकर विरोध कर रहीं थी। इसके बाद भी रेशमा ने दुकान व जगह का बैनामा रामपाल के नाम करा दिया था। शनिवार की सुबह रामपाल की दुकान पर शमा और परवीन अन्य लोगों के साथ जा धमकी। वहां बैठे रामपाल के चाचा रमेश के साथ मारपीट कर दुकान में ताला डाल दिया। मामला पुलिस के पास पहुंचा। नीमगांव थानाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने मौके पर जाकर जांच की। अभिलेख के आधार पर दुकानदार रामपाल की दुकान को खुलवाया और मौके शांत व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मौके पर पहुंचे एएसपी नेपाल सिंह ने बीट इंचार्ज दरोगा की भूमिका की जांच आदेश दिए हैं। एएसपी ने बताया मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। हल्का दरोगा की भूमिका की जांच कराई जा रही है।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**संवाददाता, केशवापुर। अमृत विचार :** मैलानी–लखनऊ रेल मार्ग पर गोला गोकर्णनाथ व भल्लिया बुजुर्ग के बीच रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और उसकी पहचान कराने की कोशिश कर रही है। गोला गोकर्णनाथ–भल्लिया बुजुर्ग के मध्य अगौना के समीप रेलवे ट्रैक पर रविवार को एक 37 वर्षीय युवक का शव पड़ा देखा गया। शव देखे जाने से समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रेलवे स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

आवश्यकता है–

पी0बी0आर0 कृषि महाविद्यालय तेखा गौसगंज हरदोई (2060) (उ0प्र0)
लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ से सम्बद्ध
महाविद्यालय में बी0ए0सी0 कृषि एवं एम0एस0सी0 कृषि पाठ्यक्रमों हेतु सत्र 2024–25 से प्राचार्य एवं निम्नलिखित विषयों में सहा0 आचार्य की आवश्यकता है–
1. प्राचार्य
2. सहा0 आचार्य एम.एस.सी. कृषि
• एग्रोनॉमी – 02
• हॉर्टी कल्चर – 02
3. सहा0 आचार्य बी0एस0सी0 कृषि – 05
प्राचार्य एवं सहा0 आचार्य की शैक्षिक योग्यता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की परिनियमावली में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता के आधार पर होगी।
इच्छुक अभ्यर्थी 10 दिनों के अन्दर सीधे महाविद्यालय से संम्पर्क करें।
इं. अचिन सिंह पटेल (प्रबन्धक)
सम्पर्क सूत्र– 8009408003, 9125053003
ई–मेल–pbragdc@gmail.com वेबसाइट– www.pbragdc.com

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र आनंद कुमार गौतम व उसकी पत्नी उमा देवी को उनके गलत कृत्यों व दुर्व्यवहार के कारण उनसे संबंध विच्छेद कर लिया है तथा उनको अपनी समस्त चल– अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में अपने किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मै व मेरे परिवार का उनसे कोई सरोकार नहीं होगा। **विजय कुमार पुत्र स्व0 ठाकुर प्रसाद निवासी–273/28/1 चमारन खेड़ा ,लखनऊ।**

सूचना
सूचित हो कि मै सदानन्द त्रिपाठी पुत्र बृजकिशोर त्रिपाठी, निवासी–बनकटवा, हरनाटायर, जिला गोण्डा, मेरे पुत्र अखिलेश त्रिपाठी के स्कूल अभिलेखों में उसकी माता का नाम संगीता (SANGITA) अंकित है। जबकि उसकी माता का नाम संगीता देवी (SANGEETA DEVI) है। अतः उसके स्कूल अभिलेखों में उसकी माता का नाम संगीता देवी (SANGEETA DEVI) अंकित किया जाय।

सूचना
सूचित हो कि मैं **रूउफ अहमद पुत्र चन्नू निवासी– मो0 निचला अशराफ टोला कस्बा,पो0 व तह0 हरदोई** मेरा पुत्र जुनैद का विवाह फिजा पुत्री अब्बास, नि0 काकोरी, लखनऊ से हुआ था जो आये दिन मेरे साथ लडाई–झगडा करते है तथा मुझ से वाद–विवाद करते रहते है। पुत्र व पुत्रवधू के झगडों से परेशान होकर उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

सूचना
पंजाब नेशनल बैंक (शाखा–सरायमीरा, कन्नौज) स्वर्ण ऋण खातों में सोने के मूल्यांकन के लिए सर्राफ के पैनल के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन दो दिनों के भीतर शाखा में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

रामनगर स्नाकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर बाराबंकी (उ0प्र0)
(सम्बद्ध– डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)
आवश्यकता है
महाविद्यालय में यू0जी0सी0 एवं उ0 प्र0 राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार परास्नातक (एम0ए0) गृहविज्ञान विषय (स्ववित्तपोषित) हेतु दो प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।
(प्रो0 कौशलेंद्र विक्रम मिश्र)
प्राचार्य

श्री नारायण सिंह महाविद्यालय
ककरघटा, शाहाबाद जिला– हरदोई
(संबद्धता– लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
आवश्यकता है
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय हेतु
जन्तु विज्ञान –(पॉच–पद)
वनस्पति विज्ञान –(पॉच–पद),
रसायन विज्ञान –(पॉच–पद),
शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान –
यू.जी.सी. तथा शासन के मानकानुसार होंगे।
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक– 9415564041
snsdcollege@gmail.com

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
SINCE 2006
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें।
वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा ?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### पठकाना रामलीला मेला समिति की बैठक संपन्न

**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे की सबसे प्राचीन प्रख्यात श्री रामलीला मेला समिति मोहल्ला पठकाना की बैठक मिश्रा कोल्ड स्टोरेज में संपन्न हुई। समिति के संरक्षक रामनाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में कई विषयों पर आपसी विचार विमर्श के बाद अहम फैसले लिए गए। इस वर्ष 84वें वर्ष की रामलीला सितम्बर के अंतिम सप्ताह में शुरू हो जाएगी जिसकी तिथि अगली बैठक में घोषित की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष संजय मिश्रा बबलू, महामंत्री अनमोल गुप्ता, व्यवस्थापक ऋषि कुमार मिश्रा, आशीष मोहन तिवारी राजू, चंद्र प्रकाश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### शौच के लिए गई किशोरी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**हरदोई।** देर रात शौच के लिए गई किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। शनिवार की देर रात बघौली थाने के तिलकपुरवा निवासी राकेश की 13 वर्षीय पुत्री संध्या शौच के लिए बाहर निकली। बताते है कि संध्या वहीं पास से निकली रेल पटरी पार कर रही थी, उसी बीच उधर से ट्रेन निकली और संध्या उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### पैदल घर लौट रहे युवक की पिकअप से टकरा कर मौत

**हरदोई।** खेत से वापस पैदल घर लौट रहे युवक को पिकअप ने टक्कर मार दी। उसे सीएचसी सवायजपुर से मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। पाली थाने के रमापुर निवासी इन्द्रपाल (38) पुत्र सुब्बा अपने घर का इकलौता था। वह खेती-बाड़ी करता था। बताते हैं कि शनिवार को वह खेत से अपने घर पैदल लौट रहा था, उसी बीच बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर सौरंगपुर पुलिया के पास उसे तेज़ रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### जल भर रहे कांवड़िये की गंगा में डूबकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पांचाल से गंगा नदी में जल भर रहा कांवरिया उसी में डूब गया। इस बीच वहां कांवरियों ने उसे किसी तरह नदी से बाहर निकाला और एक निजी हास्पिटल ले गए, लेकिन फिर भी उसे बचाया नहीं जा सका। सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों का एक जत्था रविवार को हरपालपुर से पांचाल के लिए रवाना हुआ। कांवरिए वहां पहुंच कर गंगा नदी से जल भर रहे थे, उसी बीच हरपालपुर थाने के सुभौआपुर निवासी 28 वर्षीय रामबरन पुत्र मुन्नूलाल शुक्ला गंगा नदी में डूब गया।

# रक्षा बंधन का पर्व आज, बाजारों में छाई रौनक

## रंग-बिरंगी और डिजायनर राखियां की जा रहीं पसंद, मिठाई की दुकानों पर भी रही भीड़

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भाई-बहन के प्यार का त्योहार रक्षाबंधन सोमवार को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर रविवार को बाजार में काफी चहल पहल रहीं। बहने, भाइयों के लिए तरह-तरह की राखियां लेती देखी गईं। बाजार में राखी की दर्जनों दुकानें सजाई गईं। अनेक डिजाइनों व रंगों की राखियां दुकानों पर खरीदने के लिए देर रात तक ग्राहकों की भीड़ दिखाई दीं। मिठाई की दुकानों पर भी खरीदार जुटे रहे।

सोमवार को रक्षाबंधन मनाने की तैयारियां रविवार को पूरे दिन चलती रहीं। मुख्य बाजारों से लेकर गली मोहल्लों तक में राखी की दुकानें सजी थी। बहनों ने भाईयों की कलाइयों पर अपनी रुचि के अनुसार राखियां खरीदीं। तरह-तरह की डिजाइन व रंगों की रंग बिरंगी राखियां बेची जा रही थीं। त्योहार की तैयारियों के चलते नगर के छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, सदर बाजार में भारी भीड़ के चलते कई बार जाम की स्थिति बन गई। त्योहार पर मिठाई विक्रेताओं ने कई दिनों से पहले ही तैयारियां शुरू कर दी। दुकानों के बाहर बड़े-बड़े पंडाल लगाकर तरह-तरह की स्वादिष्ट मिठाइयां बिक्री के लिए सजाई गईं। मिठाई की दुकानें भी देर रात तक गुलजार रहीं। बदले समय में मिठाई के अलावा ड्राई फ्रूट व चाकलेट काफी चलन जोरों पर है। त्योहार पर बहनें अपने भाइयों को ड्राई फ्रूट व चाकलेट उपहार में देती हैं, इस कारण विभिन्न कंपनियों ने तरह-तरह के उत्पाद बनाए, जिनकी भी जमकर खरीदारी की गई। त्योहार को खास बनाने के लिए संपन्न लोगों ने चांदी की राखियां और आभूषण भी खरीदे।



रविवार को बाजार में राखी की खरीदारी करतीं युवतियां। अमृत विचार

### 1:25 के बाद है राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

रक्षाबंधन त्योहार मनाने का शुभमुहूर्त राम जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी मैथिलीशरण ने बताया। उन्होंने कहा कि महावीर पंचांग के अनुसार इस बार 19 अगस्त दिन सोमवार को यह पर्व मनाया जाएगा, किंतु भद्रा होने के कारण दोपहर 1:25 के बाद रक्षाबंधन महापर्व मनाया जाएगा। इदम भद्रायाम न कार्यम अर्थात भद्रा काल में यह पर्व नहीं मनाया जाता है। बहनें अपने भाइयों के व ब्राह्मण पुरोहित अपने जजमानों की रक्षा के लिए इस पुनीत कार्य को करती हैं। वैदिक ब्राह्मण श्रावणी उपाकर्म अपनी-अपनी परंपरा के अनुसार आज ही के दिन करेंगे।

### छात्राओं ने प्रतियोगिता में बनाईं सुंदर राखियां

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** सरोजिनी कल्चर क्लब के अंतर्गत रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी बनाने प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग लिया, तथा विभिन्न प्रकार की सुंदर राखियां बनाई। जिसमें सुंदर धागों से चावल गेहूं, दाले, बिंदिया, अनाज, मोती आदि का प्रयोग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक डॉ. पूनम वर्मा ने शिवाली गुप्ता को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से अंकिता, रेखा तथा तृतीय स्थान पर मानू का नाम घोषित किया। राजकीय महाविद्यालय टोडरपुर के प्राचार्य अरविंद कुमार द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक क्लब प्रभारी इंदु भारती द्वारा किया गया।



जय श्री बालाजी सरस्वती शिशु मंदिर में छात्रों को राखी बांधतीं छात्राएं। अमृत विचार

### रक्षाबंधन के पर्व को लेकर भाइयों को बांधी राखी

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** जय श्री बालाजी सरस्वती शिशु मंदिर तारागांव में रक्षाबंधन के पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। भैया-बहिन एक साथ कतार में बैठकर मस्तक पर रोली तिलक करके उनकी कलाई पर राखीं बांधकर मिठाई खिलाई। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य समेत आचार्य बंधु तथा टोडरपुर खण्ड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहखण्ड कार्यवाह विनय बाजपेयी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित लोगों को रक्षा बंधन त्यौहार का महत्व तथा मनाने का कारण बताया कि भाई बहिन के पवित्र रिश्तें को लेकर रक्षा बंधन के पर्व का आयोजन किया जाता है। बहनें भाइयों की कलाई पर राखीं बांधती हैं और भाई बहनों की सुरक्षा का वचन देते हैं। कार्यक्रम के दौरान आचार्य प्रेमपाल, गौरव विनय वाजपेयी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



सीएचसी में स्टाफ नर्स से राखी बंधवाते व्यापारी नेता चुन्ना खां।

### महिला कर्मचारियों से बंधाई राखी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** त्योहार के चलते अपने घर न जा पाने वाली महिला स्वास्थ्यकर्मियों से व्यापारियों ने राखी बंधाई। व्यापार मंडल हर वर्ष उनके साथ रक्षाबंधन का मना रहा है। रविवार को शाहाबाद व्यापार मंडल द्वारा कोतवाली, क्षेत्राधिकारी ऑफिस एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत महिला कर्मचारियों से राखी बंधाई और उपहार दिया। इस मौके पर व्यापारी नेता चुन्ना खां ने कहा कि शाहाबाद में ड्यूटी कर रहीं महिला कर्मियों की सुरक्षा के लिए व्यापारी हमेशा तत्पर हैं।



मंदिर में राम-सीता को झूला झुलाते पुजारी मैथिलीशरण शास्त्री। अमृत विचार

### झूलन महोत्सव का समापन आज

**हरदोई।** नगर के राम जानकी मंदिर में चल रहे झूलन महोत्सव का समापन सोमवार को सावन महीने के साथ हो जाएगा। बताते चलें कि शहर के लखनऊ चुंगी स्थित श्री राम जानकी मंदिर में 15 अगस्त से झूलन महोत्सव चल रहा था। मंदिर के पुजारी मैथिलीशरण शास्त्री ने बताया कि प्रत्येक वर्ष झूलन महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस महोत्सव का समापन आज रक्षा बंधन पूर्णिमा को किया जाएगा।

### महिलाओं को बसों में फ्री यात्रा की सुविधा

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी रक्षाबंधन पर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को खास उपहार दिया है। महिलाओं को रक्षाबंधन पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क की यात्रा की सुविधा देने के निर्देश जारी कर दिए हैं। 24 घंटे तक महिलाएं प्रदेश के किसी भी कोने में परिवहन निगम की बसों से निःशुल्क यात्रा कर सकती हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक एमएल केसरवानी ने बताया कि रक्षाबंधन पर बहने अपने भाई के यहां निःशुल्क यात्रा कर पहुंच सकेंगी। उनके साथ 4 वर्ष तक के बच्चों का टिकट नहीं लगेगा। जबकि 5 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों का आधा टिकट लगेगा। यह सुविधा 18 अगस्त की रात 12 बजे से 19 अगस्त की रात 12:00 तक निगम की बसों में मिलेगी।

# कांवड़ियों व राहगीरों को कराया जलपान

संवाददाता, मल्लावां, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** मल्लावां क्षेत्र में सावन माह के अंतिम रविवार को कांवड़ियों और राहगीरों के लिए जगह-जगह जलपान आदि की व्यवस्था समाजसेवियों द्वारा की गईं। कस्बे के मुख्य चौराहे पर हर वर्ष की तरह आशू पटेल, विजय बहादुर, कमलेश, ऋषि, नीलेश गुप्ता ने कावंरियों और राहगीरों के लिए शर्बत वितरण के साथ बच्चों के लिए बिस्कुट का वितरण का आयोजन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीकृष्ण कनोजिया, सुरेन्द्र कनौजिया, अजय यादव, सोनू त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे तो दूसरी ओर मोहिउद्दीनपुर कांवरियों के लिए एडवोकेट दिवाकर यादव ने अपने आवास पर जलेबी, समोसा वितरण किया। श्रवण कुमार ने कांवरियों के लिए कोल्ड्रिंक व बिस्कुट वितरण किया। इस अवसर, उत्तम यादव, करुणेश यादव, राम सरन, जय सिंह, दिलीप, रामसागर, मयंक, दिनेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे। माधौगंज संवाददाता के अनुसार गांव सेलापुर चौराहे पर स्थित बृह्मदेव बाबा दरबार में शिव आरती व विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है। सावन माह पांचवें सोमवार को सुनासीर नाथ बाबा के लिए जा रहे हैं। रविवार की दोपहर आचार्य दिव्यांश ने डा. रोहित पटेल व डा. मोहित पटेल से विधि विधान से पूजन कराकर भगवान भोलेनाथ की आरती कराकर उन्हें छोला चावल भोग लगाया। सावन माह पांचवें सोमवार को सुनासीर नाथ बाबा में जलाभिषेक के लिए जा रहे कांवड़ियों व राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया है। इस मौके पर सौरभ वर्मा, सुभाष चन्द्र, बब्बन पटेल, शैलेन्द्र कुमार, रवि, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।



कांवड़ियों व राहगीरों को जलपान कराते श्रद्धालु। अमृत विचार

### सावन का अंतिम सोमवार आज

**हरदोई, अमृत विचार।** सावन महीने का अंतिम दिन इस बार सोमवार है। इस कारण घरों से लेकर शिवालयों में भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना होगी। आज ही रक्षाबंधन का पर्व भी है, इस कारण खासी धूमधाम रहेगी। इस बार खास बात यह रही कि सावन माह का पहला और आखिरी दोनों दिन सोमवार रहा। पांच सोमवार होने के कारण इस बार भक्तों की ज्यादा ही धूम रही। सोमवार को सावन का अंतिम दिन होने के लिए चलते शिविर में भक्तों की खासी भीड़ भाड़ उमड़ेगी। इसको लेकर शिवालय का प्रबंध तंत्र पूरी तरीके से तैयार है।

# पेट दर्द में झोलाछाप ने लगाया इंजेक्शन, युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** युवक के पेट में दर्द था, जिसकी दवाई लेने गांव में ही एक झोलाछाप के पास पहुंचा, वहां झोलाछाप ने एक इंजेक्शन उसके हाथ और दूसरा उसकी नाभि में लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही युवक की हालत बिगड़ी, कोई कुछ समझ पाता, उसी बीच उसकी मौत हो गई। उसी बीच झोलाछाप वहां से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के जपरा निवासी 23 वर्षीय सोनपाल पुत्र राम औतार अपनी तीन बहनों में अकेला भाई था। खेती-बाड़ी करने वाले सोनपाल की शादी हो चुकी थी, फिलहाल उसके बच्चे नहीं थे। बताते है कि शनिवार को सोनपाल खेत से घर पहुंचा तो उसने पत्नी अंजलि से पेट में दर्द होने की बात कही, उसके बाद वह गांव में ही एक झोलाछाप के पास दवाई लेने पहुंच गया। उसने दवाई देने के अलावा एक इंजेक्शन सोनपाल के हाथ और दूसरा इंजेक्शन उसकी नाभि में लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही उसकी हालत बिगड़ गई। इसका पता होते ही उसके घर वाले वहां पहुंचे और कुछ सोंच थे उसी बीच सोनपाल की वहीं झोलाछाप के यहां मौत हो गई। इसका पता होते ही झोलाछाप वहां से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के मुताबिक शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### कोलकाता कांड के विरोध में निकाली मौन यात्रा, बंगाल सरकार का फूंका पुतला

**हरदोई, अमृत विचार।** कोलकाता कांड के विरोध में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती के नेतृत्व में मौन यात्रा निकाली गई। इसके बाद नगर के सिनेमा चौराहे पर पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला फूंका गया। रविवार को भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न महिला संघठन के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉ. मौमिता देबनाथ की सामूहिक दुष्कर्म निर्मम हत्या के विरोध में वंशीनगर से सिनेमा चौराहा तक मौन यात्रा निकली। सिनेमा चौराहे पर पश्चिम बंगाल राज्य सरकार ममता बनर्जी का पुतला फूंका। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि बंगाल में महिला के मुख्यमंत्री होने के बावजूद एक महिला के साथ रेप और निर्मम हत्या जैसे कांड हो रहे हैं। कहा कि या तो वह इस्तीफा दें या आरोपियों को पकड़वाने में मदद करे और उनको मृत्युदंड दिलाएं।

### किशोरी से छेड़छाड़ में हिस्ट्रीशीटर को दबोचा

**हरदोई, अमृत विचार।** किशोरी के फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देने, डिलीट करने के बहाने घर बुलाकर छेड़खानी करने वाले हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने दबोच लिया है जबकि उसका साथी फरार है। बेनीगंज पुलिस को तहरीर दी गई थी कि किशोरी युवक के साथ पैदल घर जा रही थी, उसी बीच नन्दू उर्फ नन्दकिशोर निवासी चमारन टोला बेनीगंज ने किशोरी के फोटो खींचे और वीडियो बना लिया, उसके बाद उसने फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। उसके बाद आरोपी ने फोटो और वीडियो डिलीट करने के झांसे में उसे 3 अगस्त को अपने घर बुलाया, जहां उसने अपने दोस्त बउआ के साथ मिलकर छेड़खानी करने लगा। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए हिस्ट्रीशीटर नन्दू उर्फ नंदकिशोर को गिरफ्तार कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### जांच में लापरवाही बरतने पर एसआई निलंबित

**हरदोई, अमृत विचार।** ड्यूटी में लापरवाही के खिलाफ रहने वाले एसपी नीरज कुमार जादौन ने सण्डीला कोतवाली में तैनात एसआई अरविंद कुमार यादव को जांच में लापरवाही और आरोपियों की गिरफ्तारी में हीला-हवाली करने में सीओ सण्डीला शिल्पा कुमारी की रिपोर्ट पर निलंबित करते हुए 7 दिनों में रिपोर्ट देने के निर्देश के साथ सीओ (क्राइम) को शुरुआती जांच सौंपी है। एसपी ने एसआई अरविन्द कुमार यादव को जांच में लापरवाही बरतने व आरोपियों की गिरफ्तारी में हीला-हवाली करने के बारें में सीओ सण्डीला शिल्पा कुमारी को जांच सौंपी थी, उनकी रिपोर्ट पर एसपी ने सण्डीला कोतवाली में तैनात एसआई अरविन्द कुमार यादव को निलंबित कर दिया। साथ ही मामले की जांच सीओ (क्राइम) इस निर्देश के साथ सौंपी है कि 7 दिनों में शुरुआती जांच कर रिपोर्ट दें। एसपी ने मातहतों से फिर कहा है कि कर्तव्यों और दायित्वो में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दुकान हड़पने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**हरदोई, अमृत विचार।** भाई ने नगर पालिका परिषद साण्डी के ईओ और गृह कर लिपिक की सांठगांठ से अपने भाई के खिलाफ दुकान हड़प करने का केस दर्ज कराया था, पुलिस ने उसी मामले में एक को गिरफ्तार कर लिया। साण्डी कस्बे के मोहल्ला नवाबगंज निवासी दिनेश प्रताप पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसके भाई रामप्रताप ने नगर पालिका परिषद साण्डी के ईओ विंध्याचल और गृहकर लिपिक श्रीकांत दीक्षित की सांठगांठ से उसकी दुकान अपने नाम करा ली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। पुलिस ने उसी मामले में सामने आए आरोपी आमोद कुमार निवासी नौशहरा साण्डी को गिरफ्तार कर लिया।

कार्यक्रम

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व रेफरी पूनम तिवारी भी रहीं मौजूद

# संस्कार और संस्कृति पर आधारित है भारतीय समाज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने नगर के एक मैरिज लॉन में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। उत्सव की अध्यक्षता पावरलिफ्टिंग की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व रेफरी पूनम तिवारी ने की। उन्होंने कहा, रक्षाबंधन हमारी सभ्यता का परिचायक है जो बिना भेदभाव सभी को एक सूत्र में बांध कर रखता है। उन्होंने महिलाओं की उन्नति और सुरक्षा पर बल दिया।

युवाओं का आह्वान किया कि वह देश रक्षा ही नहीं वरन राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुट जाएं। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संयोजक सामाजिक समरसता नरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा समाज कोई राज सत्ता आधारित समाज नहीं है, बल्कि यह तो संस्कार और संस्कृति आधारित समाज है इसीलिए जो इस राष्ट्र पर आक्रमण के लिए आये वो यहां की संस्कृति में समाहित होते चले गए। इसी प्राचीन संस्कृति की अविरल धारा ने हमारे राष्ट्र को एक बनाए रखा है। कहा कि हमारे देश में जो पर्व मनाये जाते हैं उनके पीछे का मूल तत्व है संस्कार। रक्षा बंधन ऐसे ही एक भारतीय मूल्य पर आधारित है जो है रक्षा न सिर्फ भाई बहन की रक्षा करे बल्कि हम अपने बंधुओं, कुटुंब, पर्यावरण और राष्ट्र की रक्षा करें, देश के अच्छे नागरिक बनें। संघ शारीरिक बौद्धिक और नैतिक रूप से सशक्त व्यक्तिव का निर्माण करता है और यही शारीरिक बौद्धिक और नैतिक शक्ति समाज के संगठन, समाज के जागरण और समाज में आवश्यक परिवर्तन का कार्य करती है।

कहा कि 2025 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और इस अवसर पर हम सभी पञ्च संकल्प लेने चाहिए। ये पंच संकल्प हैं सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण रक्षा, नागरिक कर्तव्य और स्व की संकल्पना. इन पञ्च संकल्पों द्वारा ही भारत विश्व का आर्थिक, राजनैतिक और आध्यात्मिक नेतृत्व करेगा। मुख्य वक्ता के अतिरिक्त विभाग संघचालक शिवस्वरूप सिंह, विभाग प्रचारक कौशल, जिला प्रचारक रवि, जिला कार्यवाह संजीव खरे, नगर संघ चालक मिथिलेश शर्मा, नगर कार्यवाह विनय पाण्डेय, शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी, पीके वर्मा, कीर्ति सिंह, सुहाना जैन निधि सिंह, रीता गुप्ता, अनुराधा मिश्र, के के अवस्थी, प्रभाकर गुप्ता नगर प्रचारक विशाल, सह नगर कार्यवाह राजवर्धन, प्रीतेश दीक्षित उपस्थित रहे. भारी संख्या में नारी शक्ति व सर्व हिन्दू समाज ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।




रक्षाबंधन उत्सव में बोलते नरेंद्र सिंह।

# कैंडल मार्च निकाल जताया विरोध

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में देश भर में आक्रोश है। हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी और बड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शाहाबाद डॉक्टर्स एसोसिएशन ने विरोध प्रदर्शन कर कैंडल मार्च निकाला।

कैंडल मार्च के दौरान डॉक्टर हाथों में स्लोगन लिखे हुए पोस्टरों के साथ बी वांट जस्टिस तथा सुरक्षा नहीं, कर्तव्य नहीं के नारे लगाते हुए चल रहे थे। शांति मार्च बैंक ऑफ़ इंडिया से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचा जहां पर मृत डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कैंडल मार्च का समापन किया गया। डॉक्टर मुरारी लाल गुप्ता ने कहा कि सरकार को एक ऐसा कानून बनाना चाहिए जिससे डॉक्टर सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा समाज के हर तबके को आगे आकर महिला डॉक्टर के लिए इंसाफ की मांग करनी चाहिए। डॉ. शाहिद अली ने कहा जितनी भी ट्रेनी डॉक्टर हैं उनकी सुरक्षा, रहने और खाने की पूरी व्यवस्था सभी मेडिकल कॉलेज में होनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ मुरारी लाल गुप्ता, डॉ. शारिक परवेज खान, डॉ. शाहिद अली, डॉ नितिन त्रिपाठी, डॉक्टर श्याम जी गुप्ता, डा. पूजा गुप्ता, डॉ. रघुनाथ अग्निहोत्री, डा. अमित गुप्ता, डॉ. आसिफ हुसैन, डॉ. अंकुश मिश्रा, डॉ. नफीस, डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. बलीम, डॉ. हरिओम वर्मा, डॉ. वरुण, डॉ. रजी, डॉ. मशीउज्जमा खान सहित अन्य मौजूद रहे।




कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराते शाहाबाद डॉक्टर्स एसोसिएशन के सदस्य।

## एक नजर

### बिहार का युवक बैंक कर्मी की बहन को लेकर फरार

**हरदोई।** महिला बैंक कर्मी की बहन और पिता उसके घर आए हुए थे, उसकी गैर मौजूदगी में बिहार का युवक उसके किराए वाले मकान पर पहुंचा और शादी का झांसा देकर उसकी बहन को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी। बिहार के दुधैला थाना सोनवर्षा कचहरी ज़िला सहरसा की रहने वाली महिला पिछले तीन सालों से आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में कार्यरत है और शहर के नघेटा आवास विकास कालोनी में एक किराए के मकान में रहती है। बैंक कर्मी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पिता और 20 वर्षीय बहन उसके पास आई थी। महिला 9 अगस्त को बहन और पिता को छोड़ कर जालंधर अपने पति के पास गई थी। उसी बीच बिहार के मदनपुर थाना बलबाहाट ज़िला सहरसा निवासी मनीष कुमार उसके किराए के मकान पर पहुंचा और शादी का झांसा दे कर उसकी बहन को लेकर फरार हो गया। महिला 16 अगस्त को वापस लौटी तो उसे पता चला।

### युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला होलीकलां निवासी एक युवक ने दबंग मेडिकल स्टोर संचालक पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला होलीकलां निवासी रामशंकर गुप्ता ने बताया कि वह बाजार से रात के 9 बजे अपने घर जा रहा था। रास्ते में त्रिवेदी मेडिकल स्टोर के मालिक सिद्धार्थ त्रिवेदी उर्फ मनु ने शराब के नशे में उसे रोककर गाली गलौज किया। मना करने पर लात घूंसों से उसकी पिटाई करते हुए पांच हजार रुपए मांगे। जबकि उस पर विपक्षी का कोई भी पैसा नहीं है। मारपीट में उसका मोबाइल भी टूट गया।

### घर में काम कर रही युवती को सांप ने डसा, मौत

**हरदोई।** घर में काम कर रही युवती को सांप ने डस लिया। उसे सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बेनीगंज कोतवाली के जगधर निवासी भुंगा की तीन बेटियों में छोटी 18 वर्षीय मनीषा थी। उसके तीन भाई भी हैं। शनिवार की दोपहर मनीषा कामकाज कर रही थी, उसी बीच उसे सांप ने डस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### रेलवे क्रासिंग के पास पड़े मिले अधेड़ की मौत

**हरदोई।** माधौगंज रेलवे क्रासिंग के पास गंभीर रूप से घायल अवस्था में अधेड़ पड़ा मिला। 100 बेड हॉस्पिटल में इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बीते शनिवार को माधौगज में रेलवे क्रासिंग के पास करीब 55 वर्षीय घायल अधेड़ पड़ा मिला था। काली पैंट और नीली टी-शर्ट पहने अधेड़ की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

# अधिवक्ता हत्याकांड में सुपारी किलर बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस से हुई मुठभेड़ में पैर में लगी गोली, चार लाख की ली थी सुपारी, 25 हजार रुपये का घोषित था इनाम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की गोली मारकर हत्या करने के लिए 4 लाख की सुपारी लेने वाले फरार चल रहे 25 हज़ार के ईनामी रामू महावत की पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें पैर में गोली लगने से रामू गिर पड़ा, जिसे पुलिस टीम ने दबोच लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए है। मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल सचिन गुप्ता भी घायल हो गए। इसी के साथ अधिवक्ता हत्याकांड में शामिल सभी हत्यारोपियों की 17 दिनों में गिरफ्तारी हो चुकी है।

बता दें कि 30 जुलाई की शाम को बीच शहर में अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की उनके चैंबर के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अगले दिन अधिवक्ता के भाई हर्ष मेहरोत्रा की तहरीर पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। अगले दिन शूटर नीरज को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके अगले दिन पूर्व सपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह वीरे यादव, होटल व्यवसाई शिखर गुप्ता और ठेकेदार नृपेन्द्र त्रिपाठी व आदित्य भान सिंह की गिरफ्तारी कर ली गई। अधिवक्ताओं के दबाव के चलते पुलिस एक्शन में रही और कुछ दिन बाद ही फरार चल रहे 25 हज़ार के ईनामी शूटर रामसेवक उर्फ लल्ला और फिर तीसरे शूटर राजवीर को अपने साथ हुई मुठभेड़ में दबोच लिया। जबकि अधिवक्ता की हत्या करने के लिए 4 लाख सुपारी लेने वाला रामू महावत फरार चल रहा था। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि शनिवार की देर कोतवाली शहर पुलिस को पता चला कि रामू महावत रद्धेपुरवा रोड पर बन रहे बाईपास के पास से पैदल अपने गांव जोगीपुर की तरफ जा रहा है। इस पर एसएचओ कोतवाली शहर नारायण कुशवाहा की टीम के अलावा स्वाट/एसओजी टीम इंचार्ज ब्रजेश कुमार मिश्रा व सर्विलान्स टीम इंचार्ज संतोष सिंह ने अपनी टीम के साथ बताए गए ठिकाने की घेराबंदी कर दी। खुद को पुलिस से घिरा देख कर रामू ने गोली चला दी, बचाव में पुलिस की तरफ से चलाई गई गोली उसके पैर में लगी और गिर पड़ा, जिससे उसका पैर टूट गया, उसी बीच पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए है। मुठभेड़ के दौरान हेड कांस्टेबल सचिन गुप्ता के भी चोंटे आई है।


घायल आरोपी से जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन।


घायल पुलिस कर्मी सचिन गुप्ता को शाबाशी देते एसपी नीरज कुमार जादौन।

### कोतवाली शहर में रामू पर दर्ज हैं 15 केस

पुलिस के मुताबिक अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या की सुपारी लेने वाले रामू महावत पुत्री दीना निवासी जोगीपुर के खिलाफ अकेले कोतवाली शहर में 15 केस दर्ज है, जबकि धारा 307/ आर्म्स एक्ट के तहत एक केस कोतवाली देहात और धारा 323/328/376/506 के तहत एक केस लखनऊ के गोमती नगर थाने में दर्ज बताया गया है।


कनिष्क मेहरोत्रा की फाइल फोटो।

### ऐसे चला घटनाक्रम

- 30 जुलाई- अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की गोली मार कर हत्या।
- 31 जुलाई- अधिवक्ता के भाई हर्ष मेहरोत्रा की तहरीर पर केस दर्ज।
- 1 अगस्त- मुठभेड़ में शूटर नीरज के पैर में गोली लगी, गिरफ्तार।
- 2 अगस्त- पूर्व सपा जिलाध्यक्ष, होटल व्यवसाई और दो ठेकेदारों की गिरफ्तारी की गई।
- 9 अगस्त- देर रात शूटर रामसेवक उर्फ लल्ला जंगल में हुई मुठभेड़ के दौरान दबोचा गया।
- 15 अगस्त- तीसरा शूटर राजवीर भी मुठभेड़ में पकड़ा गया।
- 17 अगस्त- फरार सुपारी किलर रामू महावत मुठभेड़ में गिरफ्तार।

### पत्नी ने पति की पिटाई से बेटे की मौत होने का लगाया आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** पति-पत्नी की बच आपसी लड़ाई हुई, जिसमें पति ने पत्नी और डेढ़ वर्षीय बेटे को घर से निकाल दिया था, उसी बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने दी गई तहरीर पर शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। बेहटा गोकुल थाने के बील पुरवा सकाहा निवासी नरवीर और उसकी पत्नी रोली के बीच आपसी लड़ाई हो गई थी, नरवीर ने पत्नी रोली और उसके डेढ़ वर्षीय बेटे को घर से निकाल दिया था। तब से रोली बेटे के साथ अपने मायके लम्बुआई पुरवा थाना हरियावां पिता कोमिल के घर रह रही थी। रोली ने बताया कि शनिवार को उसके बेटे की तबियत बिगड़ गई, उसका इलाज होता, उससे पहले उसके बेटे की मौत हो गई। रोली ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पति ने उसके बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। उसका कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए एसपी ने दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 को सकुशल व शुचितापूर्वक कराने के लिए एसपी नीरज कुमार जादौन ने शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार में मातहतों के साथ बैठक की। उन्होंने 23 अगस्त से 31 अगस्त तक होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए दिशा निर्देश जारी किए।

बताते चलें कि जिले में 11 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। सीसीटीवी की निगरानी में आयोजित होने वाली परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी केंद्रों पर सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की जाएगी। शनिवार को एसपी श्री जादौन ने मातहतों के साथ बैठक में कहा कि 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को होने वाली परीक्षा में जिन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है वे इस बात का ध्यान रखें पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल निर्वघ्न, निष्पक्षता और शुचितापूर्वक कराना है।


पुलिस लाइन में बैठक करते एसपी नीरज जादौन। अमृत विचार

# विद्यालय में ईको क्लब का हुआ गठन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने उनमें कौशल व नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से ईको क्लब का गठन उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा की इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने कराया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा विकास खण्ड सुरसा में इंचार्ज प्रधानध्यापिका मंजू वर्मा ने बच्चों एवं समस्त स्टाफ़ की बैठक की। बैठक में ईको क्लब फार मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने सहित अन्य समझ को विकसित करना ही इसका उद्देश्य है। ईको क्लब कार्यकारिणी में मंजू वर्मा इको क्लब प्रभारी ने नाजनीन फ़ात्मा एवं गरिमा शुक्ला को 'हरित शिक्षक' नामित कर नोडल बनाया। साथ ही बीस सदस्यीय कमेटी का गठन किया।


पर्यावरण के प्रति जागरूक करता इको क्लब। अमृत विचार

# युवक का शव फंदे से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता हरदोई, बिलग्राम

**अमृत विचार।** शादी-बरातों में खाना बनाने वाले रसोइयां का शव गांव के बाहर पेड़ पर फांसी पर लटका मिला।

बिलग्राम कोतवाली के दुर्गागंज निवासी 28 वर्षीय रवि कुमार कुशवाहा पुत्र जगदीश कुशवाहा शादी-बारातों में खाना बनाने का काम करता था। वह अपने तीन भाइयों मे सबसे छोटा था। परिवार में पत्नी किरन के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। रविवार की सुबह रवि कुमार का शव गांव के बाहर बाग में पेड़ में गमछे से फांसी पर लटकता हुआ देखा गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। घर वाले आत्महत्या बता रहे है, जबकि कुछ लोग इसे हत्या मान कर चल रहे है।

### दो मकानों का ताला तोड़ कर सामान चोरी

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** चोरों ने दो बंद मकानों के ताले तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। शनिवार की रात्रि शाहपुर गंगा गांव में चोरों संजू के बंद मकान का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। सुबह ग्रामीणों ने ताला टूटा देखा तो दिल्ली में रह रहे जगदीश के परिवार को सूचना दी। इसी तरह कुछ दूरी पर रमेश के खेत के किनारे बने मकान का ताला तोड़ा लेकिन वहां रखा अनाज आदि सुरक्षित बताया गया।

# गांव के बाहर मिला युवक का शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पत्नी को विदा करा कर वापस लौटे पति का शव उसी के गांव के बाहर पड़ा हुआ देखा गया। युवक के गले में कपड़ा कसा हुआ था, उसके सिर और हाथ में चोंट दिखाई दी। कहा जा रहा है कि ससुराल में झगड़ा हुआ था। सालों के ऊपर आरोप है कि उन्होनें हत्या कर शव फेंका। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

बताया गया है कि रविवार की सुबह टड़ियावां थाने के पुरवा देवरिया गांव के बाहर उसी गांव निवासी 30 वर्षीय इरफान पुत्र अली मोहम्मद का शव पड़ा हुआ देखा गया। उसके गले में कपड़ा कसा हुआ था और सिर व हाथ में चोंट थी। इरफान शनिवार की शाम को हरिहरपुर बाज़ार जाने की बात कह कर घर से गया हुआ था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा, घर वाले उसकी तलाश कर रहे थे, उसी बीच उसका शव देखा गया। जैसा कि उसके घर वालों ने बताया कि इरफान शुक्रवार को पत्नी स्वालिहा जोकि एक महीनें से अपने मायके में थी, को विदा कराने अपनी ससुराल थमरवा थाना टड़ियावां गया हुआ था। आरोप है कि वहां उसके सालों ने झगड़ा कर दिया। काफी देर तक चली बहस बाज़ी के बाद इरफान पत्नी को विदा कर घर लौटा था। उन्हीं लोगों ने गला घोंट कर इरफान की हत्या कर शव गांव के बाहर फेंक दिया गया।

### व्यापारियों और दरोगा के बीच हुई बहस

**शाहाबाद, हरदोई।** बस स्टैंड पर दरोगा ने मिठाई विक्रेता को अतिक्रमण करने पर हड़काया तो बड़ी संख्या में व्यापारी नेता एकत्र हो गए। दरोगा को व्यापारी नेताओं के आगे सरेंडर होना पड़ा। बस स्टैंड चौराहे पर पिहानी मार्ग पर राजकुमार की मिठाई की दुकान है। रक्षाबंधन पर्व के चलते रविवार को दुकान बढ़ाकर लगाई थी। इसी बात से नाराज होकर सरदारगंज पुलिस चौकी के इंचार्ज घनश्याम बिंद ने मिठाई विक्रेता को हड़काया।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कटान के साथ संक्रमण की मार

## तंबौर से जुड़े कई इलाकों के अलावा रामपुर मथुरा क्षेत्र में तेज बुखार और डायरिया के मरीज बढ़े

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**जिले** के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का बाढ़ और कटान के बाद अब संक्रमण का सामना करना पड़ रहा है। तंबौर से जुड़े कई इलाकों के अलावा रामपुर मथुरा क्षेत्र में तेज बुखार और डायरिया के मरीज बढ़े हैं। प्रशासनिक अफसरों का कहना है कि शिविर में परीक्षण और उपचार दोनों कराया जा रहा है। तटबंधों पर भी सुविधा दी गई है।

रामपुर मथुरा संवाद के अनुसार 48 घंटों के भीतर शंकरपुरवा, फत्तेपुरवा, परगोड़ा और अखरी गांव में कटान के साथ संक्रमण के मरीज बढ़े हैं। शिव बालक का कहना है कि कटान की मार के साथ अब संक्रमण का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर बच्चे डायरिया और तेज बुखार से पीड़ित हैं। सुशील का कहना है कि हर तरफ पानी भरा है, ऐसे में जब साफ पानी मिलना मुश्किल होगा, तो संक्रमण फैलना स्वाभाविक है। गुड्डू का कहना है कि गांव में लोग तो नहीं बचे, लेकिन तटबंधों और सुरक्षित स्थानों पर लगातार कैंप कराया जाना आवश्यक है। राजेश मिश्रा का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था नाकाफी है। दवाओं का वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं को मजबूती से अमल में लाना होगा, वरना संक्रमण तेजी से बढ़ सकता है।


तंबौर इलाके में बढ़ती कटान को रोकने के लिए स्टड लगाते श्रमिक। अमृत विचार

> तंबौर इलाके के कुछ स्थानों पर गांव के बाहर कटान हो रही है। उन स्थानों पर स्टड आदि की व्यवस्था का कार्य कराया जा रहा है।
> – विशाल पोरवाल, सहायक अभियंता, सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर

### पीड़ितों का कहना, व्यवस्थाएं नाकाफी


शिव बालक


सुशील त्रिपाठी


गुड्डू मिश्रा


राजेश मिश्रा

> बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों के अलावा प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सहारे बीमार लोगों का उपचार कराया जा रहा है। इधर कुछ समय से रामपुर मथुरा इलाके के कुछ गांव में सूचना मिली थी कि बच्चों के डायरिया और बुखार है। परीक्षण के साथ दवाओं का वितरण कराया गया।
> -डॉ. हरपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी


भंडारे के दौरान उपस्थित त्यागी बाबा। अमृत विचार

### त्यागी बाबा के भंडारे में शामिल हुए शिवभक्त

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के तत्वाधान में खेमकरण इंटर कॉलेज के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संत त्यागी महाराज की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में भक्तों के विश्राम की व्यवस्था भी की गई। कमेटी के अध्यक्ष दिलीप कुमार शुक्ला तथा सचिव आशीष कुमार शुक्ला रात भर सेवा सत्कार में लगे रहे। इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने सुरक्षा और व्यवस्था की निगरानी बनाए रखी। पूर्व विधायक सुनील कुमार वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, राजेश्वर दयाल रस्तोगी, हरीश रस्तोगी, महेंद्र अवस्थी, मनोज गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, नगर पालिका परिषद के सभासद मनीष शुक्ला, प्रधान नरेंद्र त्रिवेदी, गोपाल, गोविंद, राजा, प्रांजल, रवि, आशु, पवन, श्रवण, फुरकान के अलावा कई थानों की पुलिस मुस्तैद रही।


उर्मिला बाल शिक्षा निकेतन में छात्रों को राखी बांधतीं छात्राएं। अमृत विचार

### उर्मिला बाल शिक्षा निकेतन में मनाया गया रक्षाबंधन

**नेरी, सीतापुर, अमृत विचार :** उर्मिला बाल शिक्षा निकेतन नेरी में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की छात्राओं ने अपने सहपाठी छात्रों की आरती उतारी और उन्हें राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का वचन लिया। इसके साथ ही अपने भाइयों की दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर मिठाइयों और चाकलेट का भी वितरण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अतुल त्रिवेदी ने कहा कि पर्व के दौरान विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

श्रद्धा | सावन मास में बड़ी संख्या में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

# श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है बागेश्वर नाथ मंदिर

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** हरगांव-महोली मार्ग पर पड़ने वाले कस्बा मस्जिद से करीब पांच किलोमीटर अंदर बगचन नामक गांव है। यहां भगवान शिव का प्रसिद्ध पौराणिक बागेश्वर नाथ मंदिर है। इस शिव मंदिर में सावन मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और श्रद्धालुओं के लिए यह पौराणिक शिव मंदिर आस्था का केंद्र है।

मान्यता है कि वर्षों पूर्व बगचन गांव के उत्तर राजा लोने सिंह का एक टीला है, जिसके निकट ही घनघोर जंगलों के बीच खुदाई के दौरान लोगों को एक शिवलिंग दिखाई पड़ा। लोगों ने भक्तिभाव से उसकी पूजा-अर्चना शुरू कर दी। अंग्रेजों ने इस शिवलिंग को इस स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर रखवाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। जिसके बाद लोगों ने मिलकर शिवलिंग के पास चबूतरा बनाना शुरू कर दिया तो इस शिवलिंग का आकार बढ़ने लगा। जितना चबूतरा बनता उतना ही शिवलिंग की ऊंचाई और चौड़ाई बढ़ जाती। शिवलिंग नीचे तक कितना गहरा है, इसके लिए अंग्रेजों द्वारा कई बार प्रयास किये गए, लेकिन असफल रहे। तभी से यह स्थान बागेश्वर नाथ नाम से प्रसिद्ध हो गया।


मंदिर में स्थापित शिवलिंग। अमृत विचार


बागेश्वर नाथ मंदिर। अमृत विचार

### पानी से दूर होते हैं कष्ट

मंदिर के पुजारी व आसपास के वाशिंदों का कहना है कि यहां दूर- दूर से तथा दूसरे प्रांतों से श्रद्धालु आते हैं। वे सभी यहां से नीर लेकर अपने साथ जाते हैं। उनका मानना है कि उससे उन सभी के जीवन में जो भी कष्ट हैं, वो दूर हो जाते हैं। समय- समय पर श्रद्धालु यहां पर रूद्राभिषेक व रामायण पाठ करवाने के लिए आते हैं।

### 24 घंटे में शिवलिंग तीन बार बदलता है रंग

मंदिर के पुजारी स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी का कहना है कि शिवलिंग की एक विशेषता यह भी है कि 24 घंटे में तीन बार शिवलिंग का रंग बदलता है, जो भक्तों की श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र है। मान्यता यह भी है कि कुछ वर्षों पूर्व प्रात :काल पूजन के लिए जब मंदिर के कपाट खोले जाते थे, उसके पूर्व ही इस शिवलिंग पर जलाभिषेक व पूजन-अर्चन हो जाता था। कपाट खुलने के पहले ही पूजा- अर्चना कैसे हो जाती है। इसका पता तक लाख कोशिशों के बाद भी नहीं चल सका।

# हादसे में मैजिक वाहन सवार तीन की मौत

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में टेंट लगाने आए थे, रायबरेली राजमार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता, सीतापुर/अयोध्या

- मुख्यमंत्री योगी ने लिया हादसे का संज्ञान
- हादसे में थानगांव निवासी एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

**अमृत विचार :** अयोध्या से सरयू स्नान कर कुमारगंज जा रहे मजदूरों का टाटा मैजिक वाहन रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की भोर हादसे का शिकार हो गया। कैंट थाना क्षेत्र में बालासराय-महावां मोड़ के पास हुए इस हादसे में वाहन के केबिन में सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। दोनों घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

सभी सीएम के कुमारगंज विश्वविद्यालय स्थित कार्यक्रम में टेंट और साज-सज्जा का काम करने लखनऊ से आए थे। मुख्यमंत्री ने हादसे का संज्ञान लिया है और घायलों का समुचित उपचार कराने का निर्देश दिया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

रविवार की सुबह बालासराय-महावां मोड़ के पास वाहन के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप के केबिन और पीछे सवार कुल पांच लोगों को जिला अस्पताल भेजवाया। सुबह 7.20 बजे जिला अस्पताल में चिकित्सक ने तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल सीतापुर जनपद के थाना थानगांव स्थित ईटगांव रेउसा निवासी सत्यम (23) पुत्र राम विजय और इसी थाना क्षेत्र के नन्दूपुर निवासी शैलेन्द्र (21) पुत्र विनोद कुमार की गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया गया कि सभी मृत और घायल लखनऊ के थाना गुडम्बा स्थित गुडम्बा कुर्सी रोड निवासी ज्ञान प्रकाश राय की फर्म में काम करते थे। शनिवार की देर रात काम पूरा होने के बाद सभी मैजिक वाहन यूपी 32 डब्लूएन 0015 से सरयू स्नान के लिए अयोध्या गए थे। लौटते समय मैजिक किसी वाहन से टकरा गई। मृतकों की पहचान मोहित 25 वर्ष पुत्र राम विजय निवासी ईटगांव रेउसा थाना थानगांव सीतापुर, शिवम उर्फ छोटू 28 वर्ष पुत्र अनिल राय निवासी मढ्रेशिया थाना तहबरपुर, आजमगढ़ और विशाल 25 वर्ष पुत्र शिवबालक निवासी सिरगामऊ थाना मलिहाबाद लखनऊ के रूप में हुई है। हादसा भोर पांच-साढ़े पांच बजे के बीच का बताया जा रहा है। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# आयुष्मान में खेल, कहीं पास कहीं फेल

## बड़े पैमाने पर निजी अस्पतालों में हो रहा फर्जीवाड़ा, मिलीं शिकायतें

जीशान कदीर, सीतापुर

- सीएमओ बोले- जिले के सभी निजी चिकित्सीय संस्थानों की कराई जा रही जांच

**अमृत विचार :** आयुष्मान का खेल जिले में तेजी से बढ़ा है। इसीलिए विभागीय जांच हो रही है। ऑडिट के दौरान एक बड़ा फर्जीवाड़ा खैराबाद के एक नर्सिंग होम में सामने आया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि जिले के सभी नर्सिंग होम का ऑडिट कराया है। कुछ स्थानों पर शिकायतें मिली हैं। टीम गठित की जा चुकी है।

खैराबाद के नर्सिंग होम में ऑडिट करने गई टीम ने जांच की तो पता चला कि आयुष्मान कार्ड धारकों को पता ही नहीं चला और उनके नाम पर लाखों रुपये की दवा, सर्जरी सहित




अन्य सुविधाओं के पैसे निकाल लिए गए। सूत्रों की मानें तो फर्जीवाड़ा 89 लाख के करीब का है। सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह का कहना है कि विभागीय आदेश के बाद विभिन्न नर्सिंग होम द्वारा दिये गए लेखा-जोखा की जांच हो रही है। खैराबाद सहित कुछ स्थानों पर स्थापित नर्सिंग होम की जांच कराई जा रही है। जरूरत पड़ी तो अभिलेखों में हेरफेर को आधार बनाकर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

### खैराबाद से खुला राज, फिर मचा हड़कंप

खैराबाद स्थित एक नर्सिंग होम ने बड़ा खेल कर लिया। पता तब चला जब ऑडिट टीम ने आयुष्मान कार्ड धारक को बुलाकर सवाल कर डाले। पता चला कि नर्सिंग होम ने जो-जो बीमारियों को लेखा- जोखा प्रस्तुत किया था। वो कभी कार्डधारक के हुई ही नहीं थीं। इतना ही नहीं कुछ पैसे देकर मुंह बंद करने के लिए उसे धमकाने की बात भी चर्चा के रूप में सामने आई है।

### कार्डधारक को पता नहीं और हो गया लाखों का खेल

सीतापुर शहर और खासकर बाढ़-कटान क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड के सहारे खेल किये गए। लोगों से कार्ड लेने के बाद पात्र के नाम पर दवा, ऑपरेशन सहित अन्य सुविधाओं के नाम नर्सिंग होम ने बिल बनाकर पास करा लिया। कमोबेश ये खेल अन्य ब्लॉक क्षेत्रों में कागजों पर स्थापित कुछ नर्सिंग होम में भी खेले गए।

## एक नजर

### नदी में डूबी किशोरी का मिला शव

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकपुरवा मजरा पिंडुरिया स्थित घघरिया नदी में डूबी किशोरी निशा का शव 12 दिन बाद पानी में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई पूरी की। 6 अगस्त को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकपुरवा मजरा पिंडुरिया निवासिनी निशा पुत्री राजकुमार, रीता पुत्री राकेश, मधु पुत्री प्रमोद, आरती पुत्री आशाराम खेत से वापस घर जाते समय अचानक पैर फिसलने से नदी के गहरे पानी में डूब गई थीं। मधु व आरती को उसी समय बचा लिया गया था। अगले दिन रीता का शव नदी से बाहर निकाला गया था।

### शहीद दिवस पर विशिष्ट लोगों को मिला सम्मान

**सीतापुर, अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम स्मृति संस्थान के तत्वावधान में 18 अगस्त शहीद दिवस का आयोजन स्थानीय लालबाग शहीद पार्क में किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. शालू कपूर, शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. देवेंद्र पांडेय प्रधानाचार्य उजागर लाल इण्टर कॉलेज, सामाजिक क्षेत्र में चरणजीत सिंह चन्नी साहित्य के क्षेत्र में मस्त हफीज रहमानी एवं विधिक क्षेत्र में बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी सहित अन्य को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया।

### किशोरी लापता, केस दर्ज

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** इलाके के एक गांव की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। वारदात को लेकर पीड़ित पक्ष ने बगस्ती निवासी राजू पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

### नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों ने ली पद की शपथ

**सीतापुर, अमृत विचार :** ऐलिया ब्लॉक सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी दयाराम भारतीय द्वारा नवनिर्वाचित प्रधानों को प्रधान पद की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत बेलगवां के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान जफर खां तथा ग्राम पंचायत चंदनपारा के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान अफसर अली ने प्रधान पद की शपथ ली।

### पत्रकार को मातृ शोक

**नेरी, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के भट्ठा मोहल्ला निवासी निवासी पत्रकार केबी मिश्रा की 80 वर्षीय माता सरवती पत्नी स्व. कमलेश्वर मिश्र काफी समय से अस्वस्थ थीं। शनिवार देर शाम उन्होंने अपने निजी आवास पर अंतिम सांस ली। रविवार सुबह नगर के शमशान घाट पर ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता रामबाबू मिश्रा ने मुखाग्नि दी।

# रक्षाबंधन पर रोडवेज बसों के बढ़े फेरे

## बहनों के लिए निःशुल्क यात्रा को लेकर परिवहन विभाग ने तैयारियां कीं पूरी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** बहनों के लिए परिवहन विभाग ने खास तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभागीय अधिकारी का कहना है कि मुख्य मार्ग के अलावा संपर्क मार्ग पर भी बसों के अतिरिक्त फेरे लगाए जाएंगे। ताकि किसी भी बहन को कोई असुविधा न हो।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम (एआरएम) अरुण कुमार ने बताया कि डिपों में निगम की 106 और 53 बसें अनुबंधित संचालित हैं। रक्षाबंधन को लेकर प्राथमिकता जिले के संपर्क मार्गों पर इन बसों के अधिक फेरे लगाए जाने की है। इसमें लहरपुर के अलावा बिसवां, सिधौली, महमूदाबाद, नैमिषारण्य, मछरेहटा सहित अन्य स्थानों को शामिल किया गया है। प्रमुख मार्ग लखनऊ, बहराइच, लखीमपुर, हरदोई, शाहजहांपुर के लिए रिजर्व बसों का इस्तेमाल किया जाएगा। कुल 60 रिजर्व बसे यात्रियों की बढ़ती आवश्यकता के अनुसार बहनों के लिए निःशुल्क चलाई जाएंगी।




बिसवां बस स्टॉप पर यात्रियों के इंतजार में खड़ी बसें। अमृत विचार

### चालक-परिचालकों से रहेगा मुख्यालय का संपर्क

एआरएम अरुण कुमार ने बताया कि चालक और परिचालक मुख्यालय के संपर्क में रहेंगे। यदि कोई बस अचानक खराब हो जाती है तो तत्काल रिजर्व बसों में से एक बस को मौके पर रवाना किया जाएगा।

### 5 हजार के करीब यात्री रोजाना करते हैं सफर

जिले से जुड़ी रोडवेज बसों पर प्रतिदिन 5 हजार के करीब रोजाना यात्री सफर करते हैं। विभागीय अफसरों का मानना है कि रक्षाबंधन के दिन ये संख्या बढ़कर दोगुना से अधिक हो सकती है। इसीलिए विभाग ने 60 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है।

### सरकार की सुविधाओं का महिलाओं ने किया स्वागत

शहर के मोहल्ला हुसैनगंज की बिट्टी का घर बांसुरा गांव में है। कहती हैं कि पिछली बार की तरह इस बार भी वह ससुराल से अपने मायके निःशुल्क बस यात्रा का लाभ उठाएंगी। रामदेवी का मानना है कि इस तरह की दी गईं सुविधाएं स्वागत योग्य हैं। रिमझिम का कहना है कि इस सुविधा से आधी आबादी को पूरे एक दिन भरपूर लाभ मिलता है।

# लखनऊ की चौक बाजार में गलाया गया था चोरी का सोना

## भाजपा अवध क्षेत्र की महिला मोर्चा अध्यक्ष समेत तीन घरों में हुई थी चोरी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** सीतापुर के तीन घरों से चुराया गया सोना लखनऊ की चौक की बाजार में गलाया गया। लखीमपुर खीरी का एक सर्राफ भी शातिरों के संपर्क में था। जिले की एसओजी टीम ने वारदात का खुलासा किया तो अंतरजनपदीय गिरोह के दो शातिर पकड़े गए। इनकी पहचान सिकंदर उर्फ गोलू और अंकित रस्तोगी निवासीगण दुर्गापुरवा कोतवाली नगर के रूप में हुई। इनकी निशानदेही पर चोरी किये गए सोने-चांदी के गहने बिस्कुट के रूप में बरामद हुए। बताया कि आरोपियों ने लखीमपुर खीरी जनपद में भी चोरी का माल गलाने का प्रयास किया था। आरोपी सिकंदर पर सीतापुर के अलावा लखीमपुर खीरी सहित अन्य स्थानों में गंभीर धाराओं में 32 मुकदमे दर्ज है। अंकित पर 6 अभियोग पंजीकृत हैं।

**सोना गलाने वाले खीरी के सर्राफ की हुई पैरवी :** क्राइम ब्रांच के निशाने पर लखीमपुर का सर्राफ आया। जैसे ही लखीमपुर खीरी का सर्राफ पकड़ा गया। उसी के पास गला हुआ माल मिला। सूत्रों की मानें तो इसी के बाद सीतापुर के एक रसूखदार नेता ने सर्राफ को छुड़वाने की पैरवी शुरू कर दी। वादी से भी तमाम जतन कर डाले। उधर, पुलिस अधिकारियों से भी रसूखदार ने खूब संपर्क साधा।

**रेलवे ट्रैक पर हुआ था बंटवारा फिर बदले फोन :** मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। वारदात के बाद रेलवे ट्रैक के करीब चोरी के माल का बंटवारा हुआ था। इसी के बाद शातिरों ने अपनी लोकेशन बदलते हुए कई मोबाइल भी बदले लेकिन क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े। पुलिस मास्टरमाइंड की तलाश में है। पुलिस ने अवध प्रांत क्षेत्र की महिला मोर्चा अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा सहित तीन स्थानों पर हुई चोरी का खुलासा किया है।



पुलिस की गिरफ्त में शातिर।

### शातिरों के निशाने पर शहर के बंद घर

शातिरों के गिरोह में सिकंदर और अंकित के अलावा मोहित कश्यप भी है। ये लोग फेरी लगाकर बंद घरों को अपना निशाना बनाते रहे हैं। जानकारों की मानें तो शातिरों को मिले इनपुट के बाद सभी ने मिलकर रेकी की। इसी के बाद वारदात को अंजाम दिया। कसते शिकंजे के बीच शातिर मोहित पुराने मामले में कोर्ट में हाजिर होकर जेल चला गया। माना जा रहा है कि जल्द ही पुलिस मोहित को रिमांड पर लेगी, ताकि मकान की मुखबिरी करने वाले मास्टरमाइंड तक पहुंच सके।

# तीन घरों से समेटा दस लाख से अधिक का सामान

अमृत विचार टीम, सीतापुर

- महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र और थानगांव इलाके में हुईं घटनाएं

**महमूदाबाद** और थानगांव थाना क्षेत्र में शातिरों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया। नकदी और गहने समेटने के दौरान अन्य माल भी चुराया गया। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के आलमपुर में दो घरों में हुई चोरियों के बाद फायरिंग की घटना को पुलिस ने अफवाह बताया। तीन घरों में हुई चोरियों के मामलों में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

महमूदाबाद संवाददाता के अनुसार, शनिवार देर रात शातिरों ने महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के आलमपुर गांव में धावा बोला। गोपाल के घर में नकदी और गहनों को समेटा, फिर गांव के सतीश कुमार के घर को अपना निशाना बनाया। सतीश के भाई विद्या प्रसाद का आरोप है कि शातिरों ने असलहे के बल पर सभी घर के लोगों को एक कमरे में बंद कर दिया। फिर घर से गहने सहित कुल आठ लाख के माल को समेटकर फरार हो गए। भागते समय शातिरों ने फायर भी किया। चौकी इंचार्ज पैंतेपुर अमित पाण्डेय का कहना है कि दो घरों में चोरी हुई थी, इसकी जांच हो रही है। किसी भी तरह की फायरिंग नहीं हुई है।

थानगांव संवाददाता के अनुसार, थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ईंटगांव के मजरा मन्नी पुरवा में चोरों ने धावा बोला। राजबीर पुत्र शत्रोहन के पुराने घर चोर किसी तरह प्रवेश कर गए। चोर नकदी व सोने-चांदी के कीमती जेवरातों सहित मौके से फरार होने में सफल रहे। सूचना पर मौके पर पहुंची थानगांव पुलिस व ग्रामीणों की मदद से गांव के आसपास चोरों की तलाश भी की गई।

### दो दोस्तों के शव गांव पहुंचे तो मचा कोहराम

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचारः** एक साथ गांव पहुंचे दो दोस्तों के शवों को देख पूरा वातावरण चीखों से गूंज गया। गमगीन माहौल में दोनों दोस्तों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

सकरन थाना क्षेत्र के लखुआबेहड़ ग्राम पंचायत के मजरा अल्लीपुर निवासी विकास सिंह (22) पुत्र कौशलेन्द्र सिंह ईरापुर निवासी अपने मित्र अंकित (22) पुत्र कमलेश व अर्पित के साथ पंजाब के लुधियाना में एक फैक्ट्री में काम करते थे। रक्षाबंधन पर्व पर तीनों एक बाइक पर सवार होकर लुधियाना से अपने घर सीतापुर आ रहे थे। शनिवार की दोपहर जब बाइक बरेली पहुंची तो पीछे से आ रहे डंपर ने बाइक को रौंद दिया। जिससे तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। हादसे में विकास व अमित को मृत घोषित कर दिया गया। घायल अर्पित का इलाज जिला अस्पताल बरेली में चल रहा है।




**समस्या** अधिकतर ग्राम पंचायतों में हर वर्ष बनी रहती है बाढ़ और कटान की स्थिति

# विकास से कोसों दूर है रामपुर मथुरा क्षेत्र

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

- ग्राम सभा को नगर पंचायत बनाने की मांग

**अमृत विचार :** रामपुर मथुरा क्षेत्र मुख्यालय से 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। तहसील 25 किलोमीटर दूर होने के कारण विकास और शिक्षा प्रभावित होने का दावा ग्रामीणों ने किया है। बड़ी ग्राम सभा को नगर पंचायत बनाने जाने की मांग की है।

रामपुर मथुरा ग्राम पंचायत की आबादी लगभग दस हजार के आसपास है। रामपुर मथुरा से मिली ग्राम पंचायत टिकाठा है, जिसकी आबादी 5000 के करीब है। अधिकतर सरकारी संस्थान ब्लॉक, थाना इसी ग्राम पंचायत में है। ब्लॉक परिसर से 500 मीटर दूरी पर ग्राम पंचायत सुरजनपुर है। जिसकी आबादी लगभग 5000 के आसपास है। रामपुर मथुरा से एक किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत तुलसीपुर खारिका है। बड़ी आबादी से घिरे इलाके की अधिकतर ग्राम पंचायतों में हर वर्ष बाढ़ और कटान की स्थिति बनी रहती है। कस्बा निवासी अरविंद, राजेश मिश्रा, संतोष कुमार, टिकठा निवासी देवाराम, नेता नसीम सुजनपुर निवासी आसाराम, कैलाश, शिक्षक शिव बालक तुलसीपुर खारिका निवासी राजित राम अवस्थी, चंदर, सहज राम, विनोद, गुड्डू मिश्रा आदि लोगों ने बताया कि नगर पंचायत बन जाने से विकास की रफ्तार काफी तेज हो जाएगी। लोगों की समस्याओं का निराकरण भी नगर पंचायत स्तर पर तेजी से हो पाएगा।



इलाके में घरों के आसपास भरा पानी। अमृत विचार



अरविंद



सुशील मिश्रा

### नगर पंचायत बनने से विकास पकड़ेगा रफ्तार

सुशील मिश्रा, हरिश्चंद्र और रजनी वर्मा का कहना है कि कई सरकारें बनीं। लेकिन विकास को लेकर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। नगर पंचायत बन जाने से रामपुर मथुरा व आसपास की ग्राम सभाओं का विकास तेज रफ्तार पकड़ सकता है।

### लखनऊ तक हो चुकी है पदयात्रा

विकास के मुद्दे को लेकर ग्रामीण मुखर हैं। सुशील त्रिपाठी का कहना है कि बढ़ती समस्याओं और बदलती विकास की तस्वीर को लेकर पूर्व प्रधान सुरजनपुर राम मनोहर अवस्थी लखनऊ तक ग्रामीणों के साथ पदयात्रा कर चुके हैं। उस दौरान बाढ़ और कटान और विकास को लेकर आश्वासन भी मिला। लेकिन जमीन स्तर पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

यथा चतुर्भिः कनकं परीक्ष्यते निर्घषणछेदन तापताडनैः ।
तथा चतुर्भिः पुरुषः परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा ॥

जिस प्रकार सोने का परिक्षण घिसने, काटने, तापने और पीटने जैसे चार प्रकारों से होता है। ठीक उसी प्रकार पुरुष की परीक्षा त्याग, शील, गुण और कर्मों से होती है।

## संपादकीय

# तैयार रहना होगा

थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैटोंगटार्न शिनावात्रा रविवार को शाही मंजूरी पत्र मिलने के बाद देश की प्रधानमंत्री बन गईं। प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को बुधवार को संवैधानिक न्यायालय ने नैतिकता उल्लंघन के कारण पद से हटा दिया था। अदालत के इस फैसले के बाद देश में राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति पैदा हो गई। प्रधानमंत्री बनने के बाद पैटोंगटार्न शिनावात्रा अपने अरबपति पिता और चाची यिंगलक शिनावात्रा के बाद इस पद पर आसीन होने वाली तीसरी शिनावात्रा हैं। दोनों को तख्तापलट के जरिए पद से हटा दिया गया था। 37 वर्षीय पैटोंगटार्न शिनावात्रा की उम्र और अनुभव की कमी को देखते हुए, उनके पिता द्वारा निर्देशित किए जाने की उम्मीद है, जो भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण संयुक्त अरब अमीरात में अपने निर्वासन से प्रतिष्ठान के साथ समझौते के बाद वापस आ गए हैं। उनका सबसे महत्वपूर्ण कार्य थाईलैंड की सुस्त अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैटोंगटार्न को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हैं। वास्तव में भारत और थाईलैंड में आंतरिक और बाहरी कारकों के कारण संबंधों की बदलती प्रकृति के बावजूद, संबंधों में निरंतरता बनी हुई है। भारत के बाहरी इलाकों में चीन का प्रभाव स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है। ऐसे में भारत की अपने क्षेत्रीय एजेंडे को आगे बढ़ाने की क्षमता प्रभावित हो रही है। यह घटनाक्रम भी के पड़ोस में अस्थिरता के समय सामने आया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के निष्कासन ने देश को अनिश्चितता के दौर में धकेल दिया है, जिससे अंतरिम सरकार को निपटना होगा। यह घटनाक्रम उग्रवादी समूहों और म्यांमार के जुंटा के बीच हिंसा में वृद्धि के बाद हुआ है, जिसने भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ लगी सीमा पर शांति को जोखिम में डाल दिया है। अब जबकि आर्थिक संकट से घिरा श्रीलंका चुनावी चौराहे पर खड़ा है, वहां सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और थाईलैंड संकट से 4 सितंबर को बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन आयोजित करने की योजना पर अनिश्चितता छा गई थी, आशा की जानी चाहिए कि इस शिखर सम्मेलन को अब स्थगित करने की जरूरत नहीं होगी। बिम्सटेक के सदस्य देश बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान हैं। पैटोंगटार्न का प्रधानमंत्री बनना भले ही कुछ स्थिरता के संकेत दे रहा है, परंतु भारत को पड़ोस में संभावित संकटों से निपटने के लिए अपने को तैयार रखना होगा।

# विकास के लिए समग्र चिंतन प्रक्रिया जनोन्मुखी हो



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारत की समस्त भूमि और प्राकृतिक संपदा भारत की जनता की है। वही जनता उसकी एक मात्र स्वामिनी है, बाकी तो लुटेरे बहुत हैं। लोकजीवन के आंगन में आकर एकता का अलख जगाना होगा। सार्वभौम सत्ता का स्रोत जनता ही है।

आखिर जनता मनुष्य की समष्टि है, उसका जीवन निरंतर प्रवाह की तरह है, उसके संबंध में ऐसी-वैसी कोई धारणा बना लेना मनुष्य और मनुष्यता का अपमान है। जनता के बीच एकता के सूत्रों को सशक्त बनाए बिना वर्तमान परिदृश्य से निकल पाना असंभव है। देश के विकास की राजनैतिक बातें कुछ भी कहो, किंतु सच्चाई यह है कि देश के विकास के लिए राजनीति ही नहीं, साहित्य को भी जनोन्मुखी होना होगा। पत्रकारिता को भी जनोन्मुखी होना होगा। हमारी समूची चिंतन प्रक्रिया को जनोन्मुखी होना होगा। दूसरा और कोई रास्ता है ही नहीं। भेद-विभेद बहुत बढ़ाए जाते रहे, बुद्धिजीवी भी अपनी विचार धाराओं में जकड़े रहे, लोकजीवन से बहुत दूरी बनाकर रहे। आज भी हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने जब साहित्य को परिभाषित किया तब कहा प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।

गांधी, सावरकर, सुभाष, सरदार भगतसिंह, नेहरू, अंबेडकर, पटेल आदि को लेकर इतनी उग्र चर्चा होती है कि कभी-कभी तो डर लगने लगता है। वे किसी भी महापुरुष के संबंध में कुछ भी कह सकते हैं,कौन रोकेगा? जिनके परिवेश में स्वार्थ की क्षुद्रताएं ही हैं,वे महापुरुष की कल्पना करें भी तो किस आधार पर करें?

एक नेता ने पार्टी दफ्तर से एक तस्वीर हटा दी और दूसरी दो तस्वीर सजा ली, अब उनसे कौन बात करे? वे इस प्रकार से बहस करते हैं, जैसे ये सब अंग्रेजों से नहीं लड़ रहे थे,आपस में ही लड़ रहे थे। इसका कारण यह है कि आज यह पीढ़ी सत्ता में या सत्ता की सीढ़ियों के आसपास आ चुकी है,जिसने स्वतंत्रता संग्राम को तो क्या, स्वतंत्रता सेनानियों को भी न देखा,न जाना। उसने स्वतंत्रता आंदोलन की कहानियों को गप्पों में सुना है। पढ़ने वालों के लिए तो संपूर्ण गांधी वाङ्मय है और भी इतना साहित्य है कि एक नहीं, दस पुस्तकालय बन जाए,परंतु जब गप्पों से ही काम चल रहा है तो उनको पढ़ने की जरूरत ही क्या है? उनकी बुद्धि में यह बात नहीं आ सकेगी कि भारत की स्वतंत्रता का संग्राम इसलिए अनोखा था कि वह दो-चार, दस-पांच, हजार-दो हजार व्यक्तियों ने नहीं लड़ा,वह दो सेनाओं का भी युद्ध नहीं था। उनकी बुद्धि में यह सच नहीं समा सकेगा कि भारत की स्वतंत्रता का संग्राम सामान्य जन ने लड़ा था,जनता ने लड़ा था।

ये लोग अपने मतलब के लिए जाति और मजहब की बात करेंगे, ये समझकर भी नहीं समझ पाएंगे कि स्वतंत्रता का संग्राम जाति और मजहब ने नहीं लड़ा, सामान्य जन ने लड़ा था, जो सशस्त्र क्रांतिकारी थे, वे भी इसी जनता में से आए थे और जो सविनय अवज्ञा आंदोलन के सत्याग्रही थे, वे भी इसी जनता में थे। अंग्रेजी साम्राज्य को परास्त करने वाली यही जनता है। यही जनता थी, जिसमें से एक दिन क्रांतिकारी भी आए थे और असहयोगी भी आए थे। रास्ते भले ही दो हों, किंतु विद्रोह तो एक ही था। यही जनता ज्वालामुखी बन गई थी, जब जनता को भरोसे का नेतृत्व मिल जाता है, एक उदार और समन्वयी नेतृत्व मिल जाता है, लेकिन होता भूडोल बबंडर उठते हैं, जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है। वास्तव में सामान्य जनता निर्गुण ब्रह्म की तरह व्यापक है। जनता एक भी नहीं है और बहुत भी नहीं है, वह तो सर्व है। एक को प्रत्यक्ष किया जा सकता है, बहुत को भी प्रत्यक्ष किया जा सकता है, किंतु सर्व को प्रत्यक्ष नहीं किया जा सकता। आप बहुतों को एक साथ देख सकते हैं, किंतु सर्व को नहीं देख सकते और जनता सर्व है। इसीलिए वह निराकार है, निर्गुण ब्रह्म के समान। राजा पृथु ने जब पद की शपथ ली थी, तब प्रजा को धरती का ब्रह्म कहकर सम्मान दिया था-पालयिष्याम्यहं भौमं ब्रह्म इत्येव चासकृत्! (महा .शांति. 59-106)

आखिर जनता मनुष्य की समष्टि है, उसका जीवन निरंतर प्रवाह की तरह है, उसके संबंध में ऐसी-वैसी कोई धारणा बना लेना मनुष्य और मनुष्यता का अपमान है। जनता के बीच एकता के सूत्रों को सशक्त बनाए बिना वर्तमान परिदृश्य से निकल पाना असंभव है। देश के विकास की राजनैतिक बातें कुछ भी कहो, किंतु सच्चाई यह है कि देश के विकास के लिए राजनीति ही नहीं,साहित्य को भी जनोन्मुखी होना होगा। पत्रकारिता को भी जनोन्मुखी होना होगा। हमारी समूची चिंतन प्रक्रिया को जनोन्मुखी होना होगा। दूसरा और कोई रास्ता है ही नहीं। भेद-विभेद बहुत बढ़ाए जाते रहे, बुद्धिजीवी भी अपनी विचार धाराओं में जकड़े रहे, लोकजीवन से बहुत दूरी बनाकर रहे। आज भी हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने जब साहित्य को परिभाषित किया तब कहा प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।

जनता की चित्तवृत्ति में परिवर्तन होता है तो उसी के साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है, लेकिन आगे आने वाले महंतों ने साहित्य को राजनतिक मतवाद से जोड़ दिया। उनका स्वार्थ था, जो जाति को जानता है, वह जनता को नहीं जानता, वह मनुष्य को ही कहां जानता है और जो मनुष्य को नहीं जानता वह न धर्म को समझ सकता है, न राष्ट्र को। वह पाखंड को ही धर्म जानता है। जाति-बिरादरी अथवा मजहब-पंथ के नाम पर समाज के ताने-बाने को कौन छिन्न-विच्छिन्न नहीं कर रहा है, किंतु सभी एक-दूसरे पर समाजद्रोह और राष्ट्रद्रोह का आरोप भी लगा रहे हैं। जिंदाबाद-मुर्दाबाद के कर्णभेदी कोलाहल से आकाश भर गया है, लेकिन सवाल तो यह है कि (पक्ष और विपक्ष में) जनता के साथ कौन है? पुराण कथाओं में आता है कि असुर ने मायाजाल बिछा दिया। मोहपाश में कस दिया। असुर ने उच्चाटन और सम्मोहन अस्त्र का प्रयोग किया। बुद्धि को कुंठित कर दिया, उन मनोवैज्ञानिक अस्त्रों का मतलब यही था, जो व्यवहार आज मीडिया कर रहा है। झूठे और जनविरुद्ध तथ्यों का बिजनेस, अभिव्यक्ति के अधिकार की ओट में मीडिया का आचरण देश की सामान्य जनता के ऊपर आक्रमण की तरह है। झूठ का आक्रमण, अफवाह और प्रवाद का आक्रमण। भारत के एक सौ चालीस कोटि जन के सामान्य दर्द, कठिनाइयों और विघ्नबाधाओं से ध्यान हटाने का षड्यंत्र। लोग लोगों का हालचाल न जान सकें। एक दूसरे की पीड़ा न सुन सके।

बातें लोकतंत्र की हैं, किंतु जनता के सारे मुद्दे गायब हैं। इधर से भी और उधर से भी,भ्रष्टाचार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। कालाधन वापस लाने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। चुनाव सुधार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। गंगा-यमुना निर्मल होने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। मंहगाई पर अंकुश लगाने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। पुलिस सुधार मुद्दा जनता का मुद्दा था। प्रशासन सुधार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। नारी को सुरक्षा मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। अपराधों पर नियंत्रण होने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। निर्बलों को न्याय मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। समाज में समरसता आने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। लोक प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार जनता का मुद्दा था, लेकिन जनता के पास आज है कौन? जो हैं वे अपने दल के हैं, अपनी बिरादरी के हैं, अपने गांव या प्रदेश के हैं, अपने मजहब और पंथ के हैं अथवा यों कहें कि वे सब अपने मतलब के हैं। जनता किसका भरोसा करे?

भारत की समस्त भूमि और प्राकृतिक संपदा भारत की जनता की है। वही जनता उसकी एक मात्र स्वामिनी है, बाकी तो लुटेरे बहुत हैं। लोकजीवन के आंगन में आकर एकता का अलख जगाना होगा। सार्वभौम सत्ता का स्रोत जनता ही है। रांगेय राघव ने कहा था- अल्प हैं हम क्षण भर के पांथ/ विश्व ही है चलती ये धार।/ व्यक्ति है केवल पथ की दीप्ति/ अरे! जन ता है स्रोत प्रकाश।/नहीं कोई अपने में पूर्ण/सत्य की धारा अतल प्रवाह।

## प्रसंगवश

# पशु पक्षी भी बोलते रहे हैं संस्कृत



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवभाषा संस्कृत पर बहुधा क्लिष्टता का आरोप लगता रहा है। हालांकि जैसा वाल्मीकि रामायण के एक प्रसंग से लगता है कि संस्कृत दो प्रकार की रही है। पहली व्याकरण सम्मत शुद्ध तत्सम और दूसरी बोलचाल की।

संदर्भित प्रसंग के अनुसार हनुमानजी जब अशोक वाटिका में सीताजी के सामने प्रकट होकर अपना परिचय देना चाहते थे,तब उन्होंने सोचा कि 'मैं छोटे आकार में वानर रूप में हूं। यदि तत्सम संस्कृत बोलूंगा,तो सीताजी कहीं मुझे छद्म वेष में आया हुआ रावण समझकर भयभीत न हो जाएं। क्योंकि रावण संस्कृत में पारंगत था। अंततः मैं मानवोचित बोलचाल की संस्कृत भाषा में उनसे संवाद करूंगा'। वैसा ही हुआ।

पुराने वृत्तांत खंगालने पर हम यह पाते हैं कि अपने देश में संस्कृत तो पशु-पक्षी भी बोलते रहे हैं। तेरहवीं शताब्दी में महाराष्ट्र में हुए संत ज्ञानेश्वर ने भैंसे से गायत्री/वेद मंत्र पढ़वा दिए थे। कथानुसार एक व्यक्ति अपने भैंसे को चाबुक मारते लिए जा रहा था। वहां संत ज्ञानेश्वर व कुछ अन्य पंडित बैठे थे। उन्होंने देखा कि चाबुक के निशान संत की पीठ पर भी बन गए हैं। पूछने पर ज्ञानेश्वर जी ने कहा 'ईश्वर एक है, अतः भैंसे का दर्द निशानों सहित मुझ पर क्यों नहीं आ सकता?' तब वे ईर्ष्यालु पंडित बोले,'तब तो यह भैंसा तुम्हारी तरह वेद मंत्र भी पढ़ देगा?' संत बोले 'अवश्य'। परीक्षा हुई और भैंसे ने वेद मंत्रोच्चार कर दिया।

इसी तरह जब शंकराचार्य जी मंडन मिश्र से शास्त्रार्थ करने माहिष्मती नगरी पहुंचे और नगरी के बाहर पनिहारिनों से मिश्र जी के घर का पता पूछा,तो उन महिलाओं ने बताया कि 'जिस घर के द्वार पर पिंजड़ों में बंद तोता-मैना दर्शन पर चर्चा कर रहे हों कि संसार ध्रुव है या मिथ्या तथा वेद स्वयं में प्रमाण हैं या उन्हें बाहरी प्रमाण की आवश्यकता है' तो समझ लेना कि यही पंडित मंडन मिश्र का आवास है। जगद्ध्रुवंस्यात् जगद्ध्रुवंस्यात् कीरांगना यत्र गिरं गिरंति।/ द्वारस्थ नीड़ान्तर सन्निरुद्धा जानीहि तन्मण्डन पण्डितौकः।।

शंकराचार्य आगे बढ़े और एक द्वार पर ऐसा ही पाया। वही मंडन मिश्र का निवास था। उदाहरण और भी हैं। ऐसी स्थिति में संस्कृत रही है इस पवित्र भारत भूमि में।

# अंतरिक्ष में फंसे यात्रियों पर नासा की चुप्पी



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक तरह से यह पूरा मामला नासा की नाकामयाबी की भी कहानी कह रहा है। क्या ऐसी ही तैयारी के दम पर हम सौरमंडल विजय की पेंगे बढ़ा रहे हैं। जब तयशुदा कार्ययोजना के तहत हम अपने निकट के अंतरिक्ष से ही अंतरिक्ष यात्रियों की सहज वापसी में लाचार से दिख रहे हैं। हालांकि आईएसएस के दोनों यात्री बड़े ही धैर्यवान हैं और अपनी कुशलता की सूचना देते जा रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में दो ऐस्ट्रोनॉट ऐसे बुरे फंसे हैं कि पुराणोक्त त्रिशंकु की सुध हो आई, जिनमें एक तो भारतीय मूल की अमेरिकन सुनीता विलियम्स हैं,जिन्हें स्नेहवश सुन्नी कहा जाता है और दूसरे हैं बुच विलमोर। विगत 6 जून को वे आईएसएस पर पहुंचे और उन्हें केवल आठ दिनों के अंतरिक्ष प्रवास के बाद वापस लौटना था,मगर जिस यान-बोइंग स्टारलाईनर से वे गए थे उसमें जाते समय ही प्रणोदन प्रणाली (थ्रस्टर) और हीलियम लीकेज की समस्या देखी गई थी।

बोइंग आईएसएस पर पहुंच तो गया और कुशलता से उससे जुड़ (डाकिंग) भी गया, मगर उसी यान में वापस लौटना अब खतरे से खाली नहीं है। वहीं नासा तथा बोइंग यान के कर्ता-धर्ता यही नहीं बता पा रहे कि उन अंतरिक्ष यात्रियों की कब सकुशल धरती पर वापसी होगी। उहापोह बढ़ती जा रही है और धीरे-धीरे तीन माह होने जा रहे। अजब बेबसी और असमर्थता है। विश्व भर के तमाम अंतरिक्ष यात्रा प्रेमी इस मामले से क्षुब्ध हैं। कहीं न कहीं यह वाकया हमारी निरापद अंतरिक्ष यात्राओं के भविष्य पर गहरे सवाल भी उठाता है? आश्चर्य है कि नासा के पास कोई ठोस वैकल्पिक आपात योजना और तैयारी ही नहीं थी। बोइंग स्टारलाईनर के प्रबंधक भी सीधे सवालों से बच रहे हैं और गोलमोल जवाब दे रहे हैं।

यह भी सुनने में आ रहा है कि आईएसएस से जुड़े बोईंग स्टारलाईनर में थ्रस्टिंग और हीलियम लीकेज की समस्या के साथ ही अब उसके अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से अलग हो पाने (अनडाकिंग) में भी एक सॉफ्टवेयर की खराबी से दिक्कत है। मतलब अधर में अटके यात्रियों को खुद यह काम बोईंग में घुसकर अपने हाथों से करना होगा,मगर यह बहुत जोखिम भरा है। बोईंग को दुरुस्त करने के लिए ग्राउंड स्टाफ प्रयास में जुटा तो है,मगर ठोस नतीजे की सूचना नहीं है। साथ ही उसके वापसी, डिआर्बिट होने के दौरान कई संभावित जटिलताओं और सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा की जा रही है। यह तो तय है कि नासा दोनों यात्रियों के जीवन के साथ कोई जोखिम नहीं ले सकता है। इसलिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

एक तरह से यह पूरा मामला नासा की नाकामयाबी की भी कहानी कह रहा है। क्या ऐसी ही तैयारी के दम पर हम सौरमंडल विजय की पेंगे बढ़ा रहे हैं। जब तयशुदा कार्ययोजना के तहत हम अपने निकट के अंतरिक्ष से ही अंतरिक्ष यात्रियों की सहज वापसी में लाचार से दिख रहे हैं। हालांकि आईएसएस के दोनों यात्री बड़े ही धैर्यवान हैं और अपनी कुशलता की सूचना देते जा रहे हैं। प्रत्यक्षतः तो वे निश्चिंत से लगते हैं, मगर उनके मन में विचारों का कैसा झंझावात होगा इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। वे तो इस मनस्थिति के साथ गए थे कि एक सप्ताह में वापस होना है,मगर अब वापसी की अनिश्चितता उन्हें जरूर क्लांत कर रही होगी। भले ही वे इसे सार्वजनिक न करें। एक आपात योजना यह भी बन रही है कि उन्हें एक अलग यान से वापस लाया जाए, मगर इसमें कई माह लग जाएंगे। बोईंग स्टारलाईनर के बाद स्पेस एक्स क्रू 9 मिशन को भी पांच यात्रियों के साथ रवाना होना था। यह भी सोचा जा रहा है कि उससे केवल तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ही भेजा जाए,दो स्थान रिक्त रखे जाए और फंसे यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो सके।मूल रूप से, नासा और स्पेसएक्स के क्रू-9 मिशन को रविवार, 18 अगस्त 2024 को लॉन्च किया जाना था,लेकिन अब त्रिशंकु बने बोइंग स्टारलाइनर के कारण के वहां फंसे होने के कारण नई लॉन्च तिथि 24 सितंबर से पहले नहीं है। इसमें नासा के जेना कार्डमैन, निक हेग और स्टेफनी विल्सन और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोरबुनोव को क्रू मेंबर के रूप में शामिल किया गया है। नासा ने यह नहीं बताया है कि अगर बोइंग स्टारलाईनर के यात्रियों के रेस्क्यू की आकस्मिक योजना आगे बढ़ती है तो मिशन से किन दो को हटाया जाएगा। आईएसएस में फंसे हुए यात्रियों को उनकी जगह वापस लाया जाएगा। जो भी हो नासा की चुप्पी उलझन में डालने वाली है। यह एक शीर्ष वैश्विक अंतरिक्ष संस्थान की अक्षमता को इंगित करती है या फिर उनके किसी अन्य मंतव्य की इंगिति है, कौन जाने? हम तो दोनों यात्रियों की सकुशल धरती वापसी की कामना करते हैं।

## सोशल फोरम

# भारतीय संस्कृति और खगोल शास्त्र



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

आकाश वर्षा ऋतु में पहाड़ों में छली हो जाता है। तीन चार दिन पहले सुबह मंगल ग्रह और बृहस्पति ग्रह की पूर्ण युति के दर्शन के लिए बाहर निकल आया तो पूरा आकाश ही घनघोर बादलों से घिरा हुआ था। दो दिन से पूर्व आकाश स्वच्छ है,लेकिन मंगल ग्रह देवगुरु बृहस्पति के चरणों में प्रणाम करता हुआ आगे बढ़ रहा है।

भारतीय संस्कृति में खगोल विज्ञान का सम्मिश्र जिस कलात्मकता से किया गया है वह अतुलनीय है और वह अन्यत्र जैसे यूनानी/अरबी या पाश्चात्य संस्कृति में नहीं है। पहला उदाहरण। उत्तरी गोलार्द्ध के शीर्ष पर जो तारा हम देखते हैं वह ध्रुव है और ध्रुव की कहानी आपको बताने की जरूरत नहीं है। ध्रुव का अर्थ है स्थिर। बालक ध्रुव की नारायण में अविचल भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने उसे ध्रुव स्थिति प्रदान की। ध्रुव के सहयोगी तारा मंडल को हम सप्तर्षि मंडल कहते हैं। इसे अंग्रेजी में उरसा मेजर कहते हैं और अल्फा-बीटा आदि तारे नामित किया गए हैं। क्या आपने कभी सोचा कि हमारी संस्कृति में इन तारों के नाम हमारे पूर्वज ऋषियों के नाम पर हैं ताकि हम उन्हें सर्वदा स्मृति में रखें। क्रतु,पुलह,पुलस्त्य अंगिरा,अत्रि,वशिष्ठ,मरीच ये सात सप्तर्षि मंडल के तारों के नाम हमने अपने पूर्वजों के नाम पर दिए हैं। सोने में सुहागा यह है कि अरुंधती की पति सेवा को याद करने के लिए वशिष्ठ के युग्म तारे को अरुंधती का नाम दिया है। सप्तर्षि मंडल के छठवें तारे को हम वशिष्ठ कहते हैं और इस तारे की परिक्रमा जो छोटा सा तारा करता है वही अरुंधती है। भारतीय संस्कृति की प्राचीनता और खगोल शास्त्र से इसके मिश्रण के अनेक उदाहरण हैं। प्रजापतिः ब्रह्म हृदय नक्षत्र हमारी आकाशगंगा का केंद्र बिंदु है। पाश्चात्य नाम कैपेला है। इसे रथी या सारथी भी कहते हैं।

सूर्य सिद्धांत की रचना के समय भी हमारे खगोल शास्त्र के विद्वानों को ज्ञान था कि आकाश गंगा के तारे एक केन्द्र के चतुर्दिक भ्रमण करते हैं। सूर्य सिद्धांत के 8.11-12 में बृह्महृदय की आकाश में स्थिति का वर्णन है।

**-फेसबुक वॉल से**

# संगठन को शक्ति प्रदान करता है अनुशासन



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

अंग्रेजी जमाने में और उसके पश्चात भी बहुत वर्षों तक शासन यह ध्यान रखता था कि राजनीतिक रूप से कैसे भी बाध्यकारी कारण हों, पर कोई ऐसा निर्णय न लिया जाए, जिससे अवज्ञाकारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़े।

"साहब! व्हाई डिड यू डिसमाउंट विदाउट ऑर्डर्स? (साहब! आप बिना आदेश के घोड़े से क्यों उतरे?) "केंद्रीय पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज माउंट आबू में आईपीएस प्रोबेशनर्स का घुड़सवारी का प्रशिक्षण चल रहा था। राइडिंग इंस्ट्रक्टर के ट्रौट बोलते ही जब घोड़े ने दुलकी मारी कि बाला सुब्रमानियम घोड़े की पीठ से चारों खाने चित गिर पड़ा था। वह अपनी चोट सहलाता हुआ उठने का प्रयास कर रहा था और हम सभी प्रोबेशनर्स उसकी ओर सहानुभूति पूर्वक देख रहे थे। हम इस आशा में थे कि राइडिंग इंस्ट्रक्टर बाला से सहानुभूति के कुछ शब्द बोलेगा और उठ खड़े होने को प्रोत्साहित करेगा। परंतु उसका उपर्लिखित प्रश्न सुनकर हमारी समझ में नहीं आ रहा था कि हम ऐसे में रोएं या हंसें? राइडिंग इंस्ट्रक्टर के चेहरे को यादकर आज समझ में आता है कि उसका उद्देश्य हमारे मन में अनुशासन की इस सच्चाई को स्थापित करना था कि कठिनाई की स्थिति में भी हमें उसके द्वारा दिए जाने वाले आदेशों के अनुसार ही कार्य करना है। इस प्रकार का अनुशासन व्यक्ति को धैर्य रखते हुए दृढ़तापूर्वक कर्तव्य मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है और संगठन को शक्ति प्रदान करता है।

सार्वजनिक सेवाओं की कार्य संस्कृति एवं उनकी दक्षता बहुत कुछ उनमें व्याप्त अनुशासन पर निर्भर करती है। पुलिस सहित समस्त सशस्त्र बलों में अनुशासन का अतिरिक्त महत्व इसलिए भी होता है कि अनुशासन विहीन सशस्त्र बल समाज, संविधान एवं देश के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। इसी कारण से अन्य सेवाओं की अपेक्षा सशस्त्र बलों के सेवा नियम अधिक कठोर बनाए जाते हैं जैसे पुलिस विभाग में किसी सिपाही द्वारा दाढ़ी ठीक से न बनाने, अच्छी वर्दी न पहनने अथवा अन्य किसी प्रकार की छोटी-मोटी गलती कर देने पर एसपी उसे अर्दली रूम में बुलाकर और उसका उत्तर मौखिक रूप से सुनकर चेतावनी या एक्स्ट्रा परेड का दंड दे सकता है। लगभग पचास वर्ष पूर्व तक पीएसी के कमांडेंट को सिपाहियों को 15 दिन तक सेल (जेलनुमा कमरा) में बंदकर देने का अधिकार भी था।

अंग्रेजी जमाने में और उसके पश्चात भी बहुत वर्षों तक शासन यह ध्यान रखता था कि राजनीतिक रूप से कैसे भी बाध्यकारी कारण हों,पर कोई ऐसा निर्णय न लिया जाए, जिससे अवज्ञाकारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़े। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल आर्मी का है, जिसमें अधिकतर सदस्य तत्कालीन अंग्रेजी फौज के बागी सिपाही थे और जो देश को स्वतंत्र कराने हेतु अंग्रेजों से लड़े थे। स्वतंत्रता के उपरांत इसके सदस्य स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी मान लिए गए और उन्हें सम्मानित किया गया। परंतु गंभीर राजनीतिक दबाव के बावजूद उनको फौज में वापस नहीं लिया गया, क्योंकि देश के लिए ही सही इन्होंने फौज में बगावत तो की थी। उन दिनों न्यायालय भी सशस्त्र बलों के अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों के विरुद्ध की गई दंडात्मक कार्यवाही में कम ही हस्तक्षेप करते थे। धीरे-धीरे यह सैद्धांतिक मान्यता समाप्त हो गई और पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा पारित आदेश शासन व न्यायालयों द्वारा उलटे जाने लगे। पुलिस की विशेष दंड नियमावली शासन द्वारा निरस्त कर दी गई और पुलिसजनों पर भी अन्य कर्मचारियों वाली नियमावली लागू कर दी गई। परिणामस्वरूप अनुशासन का अभाव बढ़ता गया, जिसका कुपरिणाम प्रशासन में दृष्टिगोचर होता रहता है।

सशस्त्र बलों में अधीनस्थ कर्मचारी एवं उच्च अधिकारियों के बीच तादात्म्य एवं अधीनस्थ कर्मचारियों में अपने उच्च अधिकारियों के प्रति श्रद्धा भाव का होना आवश्यक होता है,क्योंकि सशस्त्र बलों की दिनचर्या में ऐसे अवसर आते हैं जब अधीनस्थों तथा अधिकारियों को अपनी जान जोखिम में डालकर एक दूसरे की प्राण रक्षा करनी होती है। यह तादात्म्य बहुत कुछ उच्च अधिकारियों को अपने अधीनस्थों को पुरस्कृत एवं दंडित करने के अधिकार की उपलब्धता पर निर्भर करता है, जैसा कि तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहा भी है 'भय बिन प्रीत न होय गोसाईं'। पुलिस के कार्य में असफलता का एक कारण विभागीय अनुशासन की कमी भी होता है।

# श्रावणी उपाकर्म वैदिक काल की शाश्वत परंपरा



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

उपाकर्म का अर्थ है प्रारंभ करना। धर्मग्रंथों में लिखा गया है कि जब वनस्पतियां उत्पन्न होती हैं,श्रावण मास के श्रवण व चंद्र के मिलन (पूर्णिमा) या हस्त नक्षत्र में श्रावण पंचमी को उपाकर्म होता है। इस अध्ययन सत्र का समापन, उत्सर्जन या उत्सर्ग कहलाता था। यह सत्र माघ शुक्ल प्रतिपदा या पौष पूर्णिमा तक चलता था। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के शुभ दिन रक्षाबंधन के साथ ही श्रावणी उपाकर्म का पवित्र संयोग बनता है। हमारे वैदिक धर्म में स्वाध्याय की प्रधानता और महिमा हमेशा से रही है। ब्रह्मचर्य की समाप्ति पर तथा समावर्तन के समय स्नातक को आचार्य एक उपदेश देता है- 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' और 'स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्' अर्थात अपने जीवन में कभी भी स्वाध्याय और प्रवचन (सुनने और सुनाने) से प्रमाद (आलस्य) नहीं करना। ये वाक्य केवल ब्रह्मचारी के लिए ही नहीं,अपितु सब मनुष्यों पर लागू हैं। श्रावणी उपाकर्म के तीन पक्ष हैं प्रायश्चित्त संकल्प,संस्कार और स्वाध्याय।

सर्वप्रथम होता है- प्रायश्चित्त रूप में हेमाद्रि स्नान संकल्प। गुरु के सान्निध्य में ब्रह्मचारी गोदुग्ध, दही, घृत, गोबर और गोमूत्र तथा पवित्र कुशा से स्नानकर वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों का प्रायश्चित कर जीवन को सकारात्मकता से भरते हैं। स्नान के बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण करते हैं। यज्ञोपवीत या जनेऊ आत्मसंयम का संस्कार है। आज के दिन जिनका यज्ञोपवित संस्कार हो चुका होता है, वह पुराना यज्ञोपवित उतारकर नया धारण करते हैं और पुराने यज्ञोपवित का पूजन भी करते हैं। इस संस्कार से व्यक्ति का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है। श्रावणी धार्मिक स्वाध्याय के प्रचार का पर्व है। सद्ज्ञान, बुद्धि, विवेक और धर्म की वृद्धि के लिए इसे निर्मित किया गया, इसलिए इसे ब्रह्मपर्व भी कहते हैं। श्रावणी पर रक्षाबंधन बड़ा ही हृदयग्राही है।

श्रावणी वैदिक पर्व है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि इसी दिन से वेद पारायण आरंभ करते थे। इसे 'उपाकर्म' कहा जाता था। वेद का अर्थ है सद्ज्ञान और ऋषि का तात्पर्य है वे आप्त महामानव,जिनकी अपार करुणा के फलस्वरूप वह सुलभ-सरल हो सका। सद्ज्ञान का वरण जितना आवश्यक है और जिनसे वह प्राप्त हुआ था,जिनके परिश्रम, त्याग, तप व करुणा से सुगम हो सका,उनके दृष्टा ऋषि-मनीषियों को भी उतना ही श्रद्धास्पद मानना चाहिए एवं उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। सामूहिक कल्याण की भावनाः शास्त्रोक्त मान्यता है कि अनुकूल मौसम में पौधरोपण करने पर अनंत गुणा पुण्य लाभ होता है। अतः श्रावणी पर्व से अपने जीवन को सत्पथ पर बढ़ाने, रक्षासूत्र द्वारा नारी के प्रति पवित्रता का भाव रखने तथा पौधरोपण द्वारा इन भावनाओं को क्रियाओं में परिणत करने का संकल्प लिया जाता है,जो कि इस पर्व का प्राण है। इसे हम सबको पूरा करना चाहिए। इसी में हमारी पर्व परंपरा के साथ-साथ सामूहिक कल्याण निहित है।

# रात 12 बजे तक बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगी महिलाएं

## परिवहन निगम 2000 अतिरिक्त बसों को करेगा ऑन रोड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए परिवहन निगम की बसों में 24 घंटे निशुल्क यात्रा की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को बहनों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम 2000 अतिरिक्त बसों को ऑन रोड करेगा। इसी क्रम में 18 अगस्त की रात 12 बजे से 19 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी।

दरअसल, त्योहार पर यात्री लोड को देखते हुए बसों के रूट का संचालन तय किया गया है। यानी जिन स्थानों पर अत्यधित लोड रहेगा, वहां अधिक संख्या में बसों को तैनात

**▸▸ अतिरिक्त संचालन करने पर चालकों, परिचालकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि**



किया जाएगा। इसके अलावा, सभी चालकों व परिचालकों (कंडक्टर्स) को वर्दी में रहने व विनम्रतापूर्वक व्यवहार के निर्देश दिए गए हैं। इतना ही नहीं, चालकों व परिचालकों को प्रोत्साहित करने के लिए भी कदम उठाया गया है।

इसके तहत रक्षाबंधन व आगामी पुलिस परीक्षा के मद्देनजर 15 दिनों के लिए उन्हें 3000 रुपये का स्पेशल इंसेंटिव प्रदान किया जाएगा, जिससे की सभी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और बसों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। वर्कशॉप और टेक्निकल स्टाफ के लिए भी इस अवधि में 1200 रुपये तक इंसेंटिव दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

**15 प्रमुख शहरों में भी होगी फ्री यात्रा**

परिवहन निगम की बसों के साथ-साथ रक्षाबंधन पर 15 प्रमुख शहरों में संचालित नगरीय बसों में भी महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। जिन प्रमुख शहरों में यह सुविधा मिलेगी, उनमें लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, आगरा, मथुरा-वृन्दावन, कानपुर, प्रयागराज, मुरादाबाद, अलीगढ़, शाहजहांपुर, बरेली, गाजियाबाद, अयोध्या व झांसी शामिल हैं।

# केंद्र में सीधी भर्ती का फैसला गलतः मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केन्द्र में सीधी भर्ती का निर्णय सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर नीचे के पदों पर काम कर रहे कर्मचारियों को पदोन्नति के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। इससे संविधान का सीधा उल्लंघन होगा।



सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में संयुक्त सचिव, निदेशक व उप सचिव के 45 पदों पर सीधी भर्ती से नीचे के पदों पर काम कर रहे कर्मचारियों को पदोन्नति के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। सरकारी नियुक्तियों में एससी, एसटी व ओबीसी वर्गो के लोगों को उनकी संख्या के अनुपात में नियुक्ति नहीं दी जाती है तो यह सीधे संविधान का उल्लंघन होगा। इन उच्च पदों पर सीधी नियुक्तियों को बिना किसी नियम के बनाए हुए भरना भाजपा सरकार की मनमानी होगी, जो गैर कानूनी व असंवैधानिक होगा। बसपा प्रमुख ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि राजस्थान के उदयपुर में दो स्कूली बच्चों के आपसी झगड़े के कारण वहां हुई हिंसा को रोक पाने में वहां की सरकार विफल रही है।

# राम गोपाल मिल्कीपुर सीट से होंगे बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा उप चुनाव को लेकर बसपा ने तैयारी तेज कर दी है। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट के लिए राम गोपाल कोरी व मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से शाह नजर को प्रभारी बनाया गया है। दोनों नेताओं को संबंधित सीट से प्रत्याशी बनाया जाना तय है।

बसपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी जिसे विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाती है, वही प्रत्याशी होता है। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, कुंदरकी, करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी और सीसामऊ सीट पर उप चुनाव होना है। बसपा अब तक छह प्रत्याशी तय कर चुकी है।

**▸▸ विधानसभा उप चुनाव : मीरापुर से शाह नजर लड़ेंगे चुनाव**

मिल्कीपुर से राम गोपाल कोरी व मीरापुर से शाह नजर के अलावा सीसामऊ से बीआर अहिरवार, कटेहरी से अमित वर्मा, फूलपुर से शिव बरन पासी व मझवां से दीपू तिवारी को पहले ही प्रभारी बनाया जा चुका है। उप चुनाव में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण समझी जाने वाली मिल्कीपुर सीट के प्रभारी बनाए गए राम गोपाल कोरी वर्ष 2017 में इस सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। मालूम हो कि पिछले लोकसभा चुनाव में इस सीट से विधायक रहे सपा के अवधेश प्रसाद के फैजाबाद संसदीय सीट से सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई है। इस सीट को जीतने के लिए भाजपा खासा जोर दे रही है, पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। सपा ने भी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, पर सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाये जाने की चर्चा चल रही है।

**आजाद समाज पार्टी ने घोषित किए तीन प्रत्याशी**

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव के लिए तीन प्रत्याशियों की घोषणा की है। पार्टी अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर गाजियाबाद सदर सीट से चौधरी सतपाल, मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से जाहिद हसन और मिर्जापुर की मझवां सीट से धीरज मौर्य को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने बताया कि पार्टी जल्द बाकी सात सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करेगी।

# पुलिस मुठभेड़ में एई और साथी को लगी गोली

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की हत्या में सहायक अभियंता (एई) अमित कुमार और उसके सहयोगी संविदा कर्मी प्रदीप को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार रात करीब दो बजे हुई मुठभेड़ के दौरान दोनों के पैर में पुलिस की गोली लगी है। कोतवाली नगर पुलिस ने बताया कि दोनों बिहार भागने के फिराक में थे। दोनों को अदालत में प्रस्तुत किया गया है।

बलिया के रतसड़कला के मूल निवासी जल निगम ग्रामीण अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की कोतवाली

**▸▸ एक्सईएन हत्याकांड का आरोपी साथी समेत गिरफ्तार, बिहार भागने की फिराक में थे**

नगर के विनोबापुरी स्थिति किराए के मकान में शनिवार को सुबह पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने संतोष के भाई संजय कुमार की तहरीर पर सहायक अभियंता अमित को नामजद करते हुए उसके अज्ञात सहयोगी पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने हत्यारोपियों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया था। टीमें लगातार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। हत्या के पीछे एक्सईएन की सख्ती और फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने का मामला सामने आ रहा है। हत्या की साजिश में ऊंची पहुंच रखने वालों कुछ कांटेक्टर

**250 पन्ने की तैयार की थी चार्जशीट :** बलिया के रहने वाले इंजीनियर के भाई संजय कुमार की ओर से दर्ज कराई गई तहरीर में बताया गया है कि 15 अगस्त की शाम भाई संतोष कुमार से मेरी बात फोन पर हुई थी। वो बता रहे थे कि जल जीवन मिशन के तहत काम कर रही एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर उसके खिलाफ 250 पन्ने की चार्ज शीट हम तैयार कर रहे हैं। ठेकेदार का पेमेंट भी रोक दिया है। ऐसे में हमे आशंका है कि जांच और भुगतान को लेकर अमित कुमार ने साथियों के साथ मिलकर मेरे भाई की हत्या की।

**कांग्रेस नेता ने उठाया सवाल :** कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर राजेश तिवारी ने कहा कि बाबा के राज में सिर्फ़ बड़ी बड़ी बातें है। प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। दिन दहाड़े इंजीनियर की हत्या इसका जीता जागता उदाहरण है। मुख्यमंत्री बातें राम राज्य करते हैं, लेकिन हालत बदतर है।

व पेटी डीलरों का नाम भी सामने आने की उम्मीद है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने बताया कि केस का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण की शनिवार को सुबह उन्हीं के विभाग में संविदा सहायक अभियन्ता अमित और एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम प्रदीप है कर दी थी। इस केस में कोतवाली नगर में एससी एसटी एक्ट मर्डर का पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें भी लगायी गयी थी। कोतवाली नगर प्रभारी को शनिवार रात में सूचना मिली कि अभियुक्त अमित व उसका साथी प्रदीप दूबेपुर मोड से बनारस से बिहार भागने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गयी, रात करीब दो बजे अभियुक्त आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही फायरिंग की। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। फायरिंग में आरोपी अमित कुमार मधुबनी बिहार व अभियुक्त प्रदीप सासाराम दबोच लिए गए। दोनों के पैर में गोली लगी है, दोनों घायल हो गए हैं। फिलहाल खतरे से बाहर हैं। दोनों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

# भाजपा की कार्यशाला आज 1000 से अधिक पदाधिकारी होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के अगले माह से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान में पूरे मनोयोग से जुटने की अपील की है। उन्होंने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सदस्यता अभियान कार्यशाला के संदर्भ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार को राजधानी लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में एक दिवसीय सदस्यता अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में लगभग 1000 से अधिक पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। दरअसल, भाजपा का 1 सितम्बर से सदस्यता अभियान शुरू होने जा रहा है। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने जानकारी दी कि मंगलवार की कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान के प्रभारी विनोद तावड़े, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय महामंत्री, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश मीडिया प्रभारी, राज्यसभा व लोकसभा में सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पार्टी संगठन के विभागों के संयोजक-सहसंयोजक, प्रकोष्ठों के संयोजक-सहसंयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर, आईटी व सोशल मीडिया के संयोजक-सहसंयोजक और बोर्ड, निगम व आयोगों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे।

# सौतेले भाई ने युवक की ईंट से सिर कूंचकर कर की हत्या

नैनी,प्रयागराज

**अमृत विचार।** घूरपुर थाना क्षेत्र के नीबी गांव में शनिवार रात एक युवक की हत्या उसके सौतेले भाई ने कर दी। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। दादी से विवाद के बाद सौतेले भाई ने ईंट से सिर पर वार कर दिया था। इससे उसकी मौत हो गई। मामले में मृतक की मां ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

नीबी गांव निवासी राम बाबू भारतीय ने दो शादी की थी। वह अपने एक पत्नी के पुत्र राजेश के साथ रहता था जबकि दूसरी पत्नी का पुत्र सुशील भारतीय उर्फ बाबा ननिहाल में रहता था। लकी करीब एक साल से यहीं रहता था। बताया जाता है कि सुशील आपराधिक प्रवृत्ति का है। शनिवार रात वह दादी से विवाद कर लिया था। दादी से बदसलूकी करने पर राजेश ने रोका तो विवाद हो गया। इसी दौरान राजेश ने ईंट से सुशील पर वार कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। मामले में मृतक की मां रामकली ने घूरपुर थाना में मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी राजेश को गिरफ्तार कर लिया। मामले में डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया कि सौतेले भाई ने ही अपने युवक की हत्या की है। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने जेल कर्मचारियों को बांधी राखी

संवाददाता, नैनी

**अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय और लायंस क्लब 'अरुणिमा' इलाहाबाद ने केंद्रीय कारागार, नैनी में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों ने जेल कर्मचारियों सहित तमाम कैदियों को भी राखी बांधी। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक रंग बहादुर पटेल, जेलर डॉ आलोक कुमार, डिप्टी जेलर उर्मिला देवी, डिप्टी जेलर रतनलाल दुबे, डिप्टी जेलर कौशलेंद्र कुमार मौर्य, डिप्टी जेलर कांति देवी को ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी मनोरमा दीदी की अगुवाई में



जेल अधिकारियों को राखी बांधती मनोरमा दीदी। अमृत विचार

ब्रह्माकुमारी बहनों ने राखी बांधी।

ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से बीके कुंदन, अरविंद राजपाल, सुरेंद्र, कमल और सज्जन उपस्थित रहे। बीना, सुमन, कंचन, अनीता, आर्या, स्वाति बहन ने इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित कैदियों को राखी बांधी। कारागार सभा को संबोधित करते हुए बीके प्रियंवदा बहन ने संस्थान का परिचय दिया। कहा कि संस्था निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन सिखाती है, जिसके द्वारा हम अपने जीवन में सशक्त होकर आंतरिक विकारों से अपने को मुक्त कर सकते हैं और जीवन में सुख एवं शांति का अनुभव कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज की तरफ से मनोरमा दीदी ने कैदियों से कहा कि आप बहुत सारी संभावनाओं के बीच में जी रहे हो। भले किसी भी कारणवश आपको इस स्थान पर आना पड़ा, परंतु यहां आपको वह समय और स्थान मिला है जब आप स्वचिंतन करके अपने को परिवर्तन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कारागार से तो आपका परिवार लड़ रहा है परन्तु आप अंदर के कारागार से लड़ो और मुक्त बनो। जेलर डॉ आलोक कुमार ने कारागार परिवार की तरफ से मनोरमा दीदी को धन्यवाद दिया और आग्रह किया कि एक सप्ताह का जो मेडिटेशन कोर्स ब्रह्माकुमारी बहनें कराती हैं, वह हमारे कैदियों के बीच जरूर रखें। कार्यक्रम में बन्दी अरविंद सिंह, डॉक्टर जागेश्वर, जय हिंद, आदर्श, नितिन कुमार, राजू, योगेंद्र सहित भारी संख्या में कैदियों ने बहनों से राखी बंधवाई।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टर की रेप व हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



विरोध में कैंडिल मार्च निकालते लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, बारा/नैनी, अमृत विचार :** आर जी कर मेडिकल कालेज में जूनियर डॉक्टर के साथ सामूहिक दुष्कर्म और नृशंस हत्या के विरोध में रविवार शाम नारीबारी में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सर्वेश्वर हनुमान मंदिर में बैठक के बाद हाथों में हत्यारों को फांसी दो, निर्भया 2, राखी बांधो न बांधो, नारी का सम्मान करें आदि स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर पूरे बाजार में कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें प्रमुख रूप से सौरभ केसरी, विनय सिंह, प्रखर सिंह, अनुज यादव, प्रमोद पांडेय, निशांत शुक्ला, विदित द्विवेदी सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

### अजीता श्रीवास्तव के पार्थिव शरीर पर दी गयी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मिर्जापुर की गौरव पद्मश्री व प्रसिद्ध कजरी गायिका अजीता श्रीवास्तव के निधन पर आवास विकास स्थिति आवास पहुंचकर शोक व्यक्त की एवं पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दुख की इस घड़ी में जिलाधिकारी ने स्व . अजीता के पुत्र अनुराग आनंद श्रीवास्तव से मिलकर ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला ने भी पुष्प अर्पित कर पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पशुओं से त्रस्त किसानों ने समाधान दिवस में लगाई गुहार

**संवाददाता, बारा/नैनी, अमृत विचार :** बेसहारा पशुओं से फसलों का बचाव के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस में किसान संघ सहित दर्जनों किसानों ने उपजिलाधिकारी से गुहार लगाई। तहसील बारा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी बारा ने किया। इस मौके पर आए कुल 149 शिकायती पत्रों में अधिकतर मामले बेसहारा पशुओं से संबंधित किसानों के रहे। नारीबारी क्षेत्र के रजनीश कुमार मिश्र, सतीश कुमार, मोहन लाल, मुन्ना, दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र में बने पशु आश्रय स्थल भ्रष्टाचार के कारण नकारा साबित हो रहे हैं। भारतीय किसान संघ के संयोजक आनन्द मिश्र राजुल ने हर ग्रामसभा में पशु आश्रय स्थल निर्माण की मांग किया। उपजिलाधिकारी द्वारा प्रकरण के निस्तारण को संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया। वहीं ग्राम नीबी से आए सुशील पांडे ने ए के ड्रीम प्रॉपर्टी कंपनी के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि आराजी संख्या 15 मौजा नीबी में हम सह काश्तकार हैं और मेरे हिस्से की भूमि पर भी जबरिया कंपनी के लोगों द्वारा एंगल गाड़ कर कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने भी ए के ड्रीम प्लाटिंग कंपनी का विरोध करते हुए कहा कि कंपनी के लोग क्षेत्रीय लेखपालों से पैसे के बल पर जमीन की नाप कराते हैं और बिना उच्च अधिकारियों के आदेश जमीन की पैमाइश करते हैं और जबरन कब्जा करते हैं। साथ ही राजस्व का नुकसान करते हैं।

# रेप व हत्या के विरोध में जौनपुर में डॉक्टरों ने निकाला शांति मार्च

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल के कोलकाता केआरजी कर मेडिकल कॉलेज में ड्यूटीरत महिला चिकित्सक के साथ हुए जघन्य दुष्कृत्य व हत्या के विरोध में आईएमए जौनपुर के चिकित्सकों ने अपने क्षोभ को प्रदर्शित करने हेतु शांति मार्च का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के चिकित्सकों ने भाग लेकर आक्रोश व्यक्त किया। पद-यात्रा आयोजन में आईएमए. अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्र, डॉ. शुभा सिंह, डॉ. हरेंद्र देव सिंह, डॉ. अनिल मौर्य सचिव डॉ.



कोलकाता में डॉक्टर से रेप और हत्या के विरोध में शांति मार्च निकालते डॉक्टर।

शशि प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष,डॉ. प्रियंवदा सिंह, डॉ. शैली निगम, डॉ. मधु शारदा, डॉ. तेज सिंह सिंह, डॉ. वेंकटेश, डॉ. हैदर अब्बास सहित पैरा मेडिकल कालेज व मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसियेशन के सदस्यों ने भी प्रतिभाग किया। यह शांतिपूर्ण पद-यात्रा जेसीस चौराहा, ओलंदगंज होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंची यहां अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया, जिसमें मांग की गयी है कि चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए विशेष नियम बनाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। तथा दोषियों को शीघ्रातिशीघ्र कठोर दंड दिया जाए।

# दोषियों को सार्वजनिक रूप से हो फांसी : ममता

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचारः** महिलाओं की विश्व व्यापी स्वैच्छिक सेवा संस्था इनरव्हील क्लब शिराज-ए-हिन्द द्वारा कोलकाता केआरजी कर मेडिकल कॉलेज में ड्यूटीरत महिला चिकित्सक के साथ अमानवीय कृत्य व हत्या के विरोध में एक शांति मार्च व श्रद्धांजलि सभा क्लब की अध्यक्ष ममता मिश्रा तथा सचिव संध्या सिंह के नेतृत्व में किया गया। यह शांति मार्च टीडी इंटर कालेज से शुरू होकर लाइन बाजार मार्ग से होते हुए टीडी पीजी कालेज के मुख्य द्वार पर श्रद्धांजलि सभा में बदल गयी, जहां उपस्थित इनरव्हील के सभी सदस्यों ने पीड़ित महिला चिकित्सक को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दो मिनट




कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।

का मौन रख प्रार्थना किया।

इनरव्हील अध्यक्ष ममता मिश्रा द्वारा सभा को संबोधित करते हुए उक्त आरजीकर मेडिकल कालेज की महिला चिकित्सक के साथ हुए अमानवीय दुष्कृत्य व हत्या पर क्षोभ व्यक्त किया। सभी दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गयी। सचिव संध्या सिंह ने घटना में शामिल सभी दोषियों को सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटकाने की मांग कर क्षोभ व्यक्त किया गया। प्रदर्शन में निवर्तमान अध्यक्ष सरोज सिंह, कोषाध्यक्ष पूनम मिश्रा, एडिटर वन्दना उपाध्याय, निवर्तमान सचिव शोभा सिंह, मीना सिंह संजय, अंजना सिंह, अंजू मिश्रा आदि सदस्यों की भागीदारी रही।

# जोन व सेक्टर अपने आपको अखिलेश यादव समझेः वीरेंद्र सिंह

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार।** 397, मझवां विधानसभा प्रभारी व चंदौली सांसद वीरेन्द्र सिंह का कार्यकर्ताओं ने बरैनी, भटौली, जिउती, पुलिस लाईन, भरूहना स्वागत किया। इस दौरान सबरी स्थित साईं गार्डेन में सपा के जोन व सेक्टर प्रभारी के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि मझवां विधानसभा का एक-एक कार्यकर्ता अपने आप को अखिलेश यादव समझे।

प्रभारी व सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि मझवां विधानसभा उपचुनाव में जोन व सेक्टर प्रभारी अपना दम दिखाने का काम करें और हर बूथ पर सपा की जीत हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन पर



चंदौली सांसद वीरेन्द्र सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद वीरेंद्र सिंह। अमृत विचार

भरोसा जताते हुए विधानसभा मझवां उपचुनाव में अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मिर्जापुर की मझवां विधानसभा सीट का प्रभारी बनाया है। उन्होंने कहा घर-घर जाकर संविधान और आरक्षण के महत्व को सक्रिय यूथ तैनात करने के निर्देश देते हुये कहा कि ये यूथ संबंधित बूथ समझाएंगे। जोन व सेक्टर प्रभारी कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क में रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनाव मझवां सपा जीतेगी। उन्होंने लगे हाथ भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि व्यापारी परेशान है, छात्र-नौजवान इस सरकार के विरूद्ध सड़क पर उतर रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 में प्रदेश में जीत का परचम लहरायेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा मझवां विधानसभा उपचुनाव को लेकर बूथ स्तर पर बैठक की जा रही है और उन्हे नये मतदाताओं का नाम वोटरलिस्ट में जोड़वाने के लिये कहा जा रहा है। 397 मझवां विधानसभा का जोनल व सेक्टर की सूची तैयार कर ली गई है। कार्यकर्ता व संगठन मिलकर काम कर रहा है। सम्मेलन का संचालन विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव ने किया। सम्मेलन में पूर्व सांसद रमेश चन्द्र बिन्द, जगतम्बा सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, राजेन्द्र सिंह पटेल, आशीष, मुन्नी, परवेज, रोहित, कीर्ति, संतोष, सुरेन्द्र, दामोदर, राजेश, अमिताभ आदि मौजूद रहे।

# ससुराल पहुंचा पति बंदूक की नोक पर पत्नी को घसीटते हुए ले गया घर

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** प्रयागराज में एक दबंग राइफल लेकर अपने ससुराल पहुंच गया। वहां पहुंचते ही हाई वोल्टेज ड्रामा करते हुए पहले हंगामा किया और फिर बंदूक की नोक पर पत्नी को बीच गांव में घसीटते हुए अपने घर ले गया। गांव में सभी के सामने युवक ने पत्नी की जमकर पिटाई की। मामले में पीड़िता के भाई ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा- मेरी बहन और भांजे को बचा लीजिए उनकी जान को खतरा है। उसका बहनोई उसकी बहन को मार डालेगा। पूरा मामला हंडिया थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक हंडिया बरौत निवासी सुनील ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी भदोही के औराई थाना क्षेत्र के गांव महराजगंज कंसापुर निवासी मुकेश कुमार सोनी से 2020 में कराई थी। आरोप है कि सोनी का पति मुकेश और ससुराल वाले उसे हर रोज पीटते थे। ससुराल वाले 5 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। 15 अगस्त को मेरी बहन सोनी को उसके पति ने खूब पीटा। 15 को मेरी बहन मायके वापस आ गई थी। 16 अगस्त को मेरे बहनोई ने फोन कर घरवालों को धमकी दी। तीन गाड़ियों से बहनोई 15 साथियों के साथ गांव पहुंचा। इन्होंने परिवार वालों को जमकर पीटा। राइफल से गोली मारने की धमकी देकर बहन को बाल पकड़ कर खींचता हुआ ले गया। मुकेश के साथियों ने कई लोगों को चाकू से मारकर जख्मी कर दिया। मामले में भाई सुनील ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा- मेरा बहनोई मेरी बहन और ढाई साल के भांजे अभिनंदन को ले गया है। उनकी जान को खतरा है। उन्हें बचा लीजिए। मामले में हंडिया थाना प्रभारी बृज किशोर गौतम का कहना है कि महिला के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक टीम को भदोही भेजा गया है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।


सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
दिवाकर सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
आर्गनाइजेशन आफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश


सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 अरुण कुमार मिश्रा
वरिष्ठ चिकित्सक अध्यक्ष आई0एम0ए0
जौनपुर


सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
गहना कोठी
Since 1946
भगेलू राम रामजी सेठ
हर खुशी को सजाएं हमारे आभूषणों के साथ।
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर
9984991000, 9792991000, 9984361313
सदभावना पुल रोड नखास ओलंदगंज जौनपुर
9838545608, 7355037762, 8317077790


सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th August
Happy Independence Day
वैभव सिंह
प्र. नगर पंचायत अध्यक्ष, बदलापुर
सुपौत्र- स्व. ठा. रामचन्द्र सिंह
श्रीमती सीमा सिंह
अध्यक्ष- नगर पंचायत बदलापुर

## एक नजर

### 32 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**बाराबंकी:** जहरीली शराब की बिक्री के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को रामनगर पुलिस टीम ने प्रभु पुत्र भग्गल, शिवनाथ पुत्र रामरतन, बटोहर पुत्र प्रभु निवासी ग्राम रतनपुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 32 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की।

### दो चोर गिरफ्तार

**बाराबंकी:** संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को देवा पुलिस टीम ने ग्राम सलेमपुर निवासी आशीष कुमार व जहंगीराबाद थाना क्षेत्र निवासी अरविंद कुमार को चोरी किए गए एक इंजन व पंखे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह बात निकल कर सामने आई है कि इन दोनों शातिर चोरो ने नरैनी गाँव से इंजन चोरी किया है। अभियुक्तों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सरकार बनते ही प्रदेश में बंद होगी शराबः अमरमणि

**सतरिख बाराबंकी :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप ने कहा कि प्रदेश में हमारी पार्टी की सरकार बनी तो शराब बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगेगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शराब बिक्री के हित में नहीं है।शराब का नशा लोगों की जिंदगी के साथ उनके परिवार को भी तबाह कर रहा है। जैदपुर विधानसभा के बीबीपुर कस्बें में पार्टी की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ने कहीं। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने जनता के हितो के लिए मंत्री पद को त्याग दिया था। क्योंकि उनके लिए जनता पहले है मंत्री पद बाद में है। बीबीपुर जाते समय हरख चौराहे पर ब्लॉक अध्यक्ष मोतीलाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत भी किया किया है। जिलाध्यक्ष रामप्रसाद चौरसिया, ब्लॉक हरख अध्यक्ष मोतीलाल कनौजिया,अजय सिंह वर्मा, मुख्तार अहमद, सुरेंद्र चौहान, सूरज कश्यप, ओमप्रकाश पाल, मनीष मिश्रा, चंद्रेश वर्मा, तथा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 40 लाख रुपये से बनी सड़क में हो गए गड्ढे

## निर्माण के छह माह बाद ही उखड़ गई, सड़क पर आने-जाने वालों को हो रही दिक्कत

कोठी बाराबंकीः


जर्जर सड़क पर भरा जलभराव। अमृत विचार

**अमृत विचारः** छह माह पूर्व बनाई गई सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए और उसमें जल भराव के चलते स्कूली बच्चों सहित राहगीरों के लिए आने-जाने में समस्या खड़ी हो गई है। वहीं आएदिन लोग हादसों का शिकार होते हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने इसे दोबारा दुरुस्त करने की मांग क्षेत्रीय विधायक से की है।

कोठी क्षेत्र के अंतर्गत कैसरगंज चौराहे से डामरीकृत बीसमील चौराहा तक मार्ग अवसानेस्वर महादेव मंदिर जाने वाली सड़क से जोड़ता है। इस सड़क का मरम्मतीकरण कार्य बीते छह माह पूर्व लगभग 40 लाख रुपये की लागत से हुआ था। लेकिन निर्माण कार्य के छह महीने में ही बबक्करपुर, सरायमीर गांव के पास जगह-जगह सड़क उखड़ गईं हैं। बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। और इस बारिश में वहां जल भराव है। जिससे विद्यालय को आने जाने वाले बच्चों सहित कावंडिया, राहगीर के लिए समस्या हो गई। स्कूली बच्चे सड़क के किनारे कीचड़ से होकर विद्यालय जाते है। वहीं स्थानीय निवासी, अभिषेक कुमार, सुरेश, श्याम, खलील,चांदबाबू देवीशरन सहित कई लोगों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण करा कर सिर्फ अपरीचिकता निभाई गई है। जिसके चलते जगह-जगह सड़क उखड़ती जा रहीं हैं। वहीं इस संबंध में अवर अभियंता प्रबोध कुमार मिश्रा ने बताया कि इसकी सूचना मिली थी ठेकेदार से इसे दोबारा दुरुस्त करवाया जाएगा।

### ओडीएफ घोषित पंचायत में लगा कूड़े का अंबार



**कोठी बाराबंकी, अमृत विचार :** ओडीएफ घोषित पंचायत में कूड़ेदानी में कूड़ा जगह-जगह भरा हुआ है। जिससे जीव जंतु, मच्छरों का जमावड़ा बन गया है। सफाई कर्मचारी भी पंचायत से नदारत हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी कूड़े का उठान अभी तक नहीं हो सका। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमराावां जो की ओडीएफ घोषित पंचायत में से एक है। यहां पर जगह-जगह कूड़ेदानी में कूड़ा तो भरा ही है। वही नालियां में बज बजा रही है। जबकि इस पंचायत में साफ सफाई व कूड़ा उठाने में यह पंचायत ओडीएफ प्लस घोषित हुई है। लेकिन जगह कूड़े से उठ रही बदबू से स्थानीय लोग भी परेशान है। सफाई कर्मचारियों की बात करें तो वह भी नदारत है। सतगुरु इंटर कॉलेज के सामने मुख्य गेट पर कूड़े दान में कूड़ा महीनों से भरा है। जिससे उसमें बदबू फैला है। स्थानीय निवासी कमलेश, अनिल,अभिषेक,विमलेश सहित कई लोगों ने ग्राम प्रधान से इसे उठाने की मांग की। लेकिन अभी तक कूड़ा वही जमा पड़ा है। इस संबंध में एडीओ पंचायत सिद्धौर उमेश पटेल ने बताया कि कूड़ा लगे होने की जानकारी उन्हें नहीं है।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टर के साथ हुई घटना के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने के बाद उसकी निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में हैदरगढ़ बस स्टेशन से कांग्रेस नेता विश्वनाथ अवस्थी व नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला। बस स्टेशन से शुरू हुआ यह कैंडल मार्च लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित तहसील परिसर पर स्थित सुभाष चंद्र बोस कि प्रतिमा स्थल पर सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य धीरज यादव, सूरज दीक्षित सभासद, शिवा वर्मा, विपिन सोनी, इसहाक सभासद, भानू मिश्रा, रोहित मिश्रा, कार्तिकेय त्रिवेदी, राजन शुक्ला, सत्यम मिश्रा, विभोर गुप्ता, मोहित शर्मा, मोहित सोनी, शिवम श्रीवास्तव, नितिन मौर्य, बैजनाथ मौर्य, आदर्श अवस्थी, सोमिल शुक्ला, शिक्षक राहुल शुक्ला, सूरज शुक्ला, शिवबरन मौर्य, कार्तिकेय त्रिवेदी अमन साहू सहित सैकड़ो युवा लोग उपस्थित रहे। इस कैंडल मार्च में शामिल युवा वी वांट जस्टिस के नारे लगा रहे थे। तहसील परिसर में स्थित नेता सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थल पर मार्च के समापन के बाद स्वर्गीय डाक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### पुरुष जिला अस्पताल को देश में मिला दूसरा स्थान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय अभियान में नेशनल रैंकिंग में जिला चिकित्सालय पुरुष को पूरे देश में श्रेष्ठ प्रथम 20 अस्पतालों में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। यह जानकारी जिला चिकित्सालय पुरुष के चिकित्सा अधीक्षक डॉ .बृजेश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि यह स्थान बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ व लोक बंधु चिकित्सालय लखनऊ में प्रतिस्पर्धा में अग्रणी रहते हुए प्राप्त हुआ है, जो कि जिला और चिकित्सालय के लिए बहुत ही गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पार्थ सारथी सेन शर्मा प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं रंजन कुमार, सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य और सत्येन्द्र कुमार जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में तथा जिला चिकित्सालय की टीम के राजकुमार वर्मा हॉस्पिटल मैनेजर एवं प्रभारी फार्मेसी रमेश चंद्र तथा रजिस्ट्रेशन स्टाफ एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहायक के अथक श्रम व परिश्रम से प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सभी चिकित्साधिकारियों एवं चिकित्साकर्मियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### डॉक्टर की मौत पर एबीवीपी ने किया विरोध-प्रदर्शन



पश्चिम बंगाल की सीएम का पुतला फूंकने जाते एबीवीपी कार्यकर्ता।

**फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर ईकाई द्वारा पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर के आरजीकल मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया गया और ममता बनर्जी का पुतला फूंककर विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। एबीवीपी के कार्यकर्ता मोहल्ला पचघरा में एकत्र हुए और वहां से तहसील चौराहा, कोतवाली रोड, जोशी टोला, ब्लाक चौराहा, बाईपास रोड होते हुए पटेल चौराहा पहुंचे जहां पर नारेबाजी करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार को पत्र भेजकर इस सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। इस मौके पर श्रेआंक यादव, विभु पाठक, अमन जोशी, शुभम वर्मा, अनुज सिंह, आलोक वर्मा, शिवम श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, आलोक वर्मा, प्रिन्स वर्मा, शुभम रस्तोगी, हेमन्त जोशी, राजू जोशी, पियूष वर्मा आदि मौजूद थे।

# मजदूरों के बजाय जेसीबी से कराया मनरेगा का कार्य

बनीकोडर, बाराबंकी

- ग्रामीणों ने डीसी मनरेगा से की शिकायत, भुगतान रोकने की मांग
- जेसीबी को वहां से हटाकर दूसरे कार्य में लगाया गया

**अमृत विचारः** विकासखंड बनीकोडर की ग्राम पंचायत गैरिया में मनरेगा से अप्रूव्ड कराने के बाद खेत समतलीकरण का कार्य मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने डीसी मनरेगा से शिकायत कर भुगतान रोकने की मांग की है।

ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत निवासी हरिशरन पुत्र भगोले के खेत के समतलीकरण का कार्य मनरेगा से अप्रूव्ड कराया गया था। रविवार को खेत समतलीकरण का कार्य मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से होने लगा। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत डीसी मनरेगा से कर दी। मामला बढ़ते देख खेत समतलीकरण में लगी जेसीबी को वहां से हटाकर दूसरे कार्य में लगा दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लॉक प्रशासन की मिलीभगत से मनरेगा का कार्य मजदूरों से कराने के बजाय जेसीबी से कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने डीसी मनरेगा से इसकी जांच कराकर कार्य का भुगतान न किए जाने की गुहार लगाई है।

# प्रेमिका की धमकियों से परेशान था ड्राइवर राजवीर सिंह

हैदरगढ़ (बाराबंकी)/ बरेली

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के ड्राइवर ने बरेली स्थित पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में वीडियो कॉल के दौरान छत में लगे पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पीड़ित परिजन शव लेने के लिए घर से बरेली के लिए रवाना हो चुके हैं। वहीं मृतक के भाई ने कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एक गांव निवासी एक युवती की धमकियों से तंग आकर भाई के आत्महत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली बरेली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। युवती मृतक की प्रेमिका बताई जा रही थी।


राजवीर सिंह।

बाराबंकी जनपद के सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत किरसिया के राजवीर सिंह उर्फ कुंदन सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह ने शनिवार की रात बरेली जनपद निवासी कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के गेस्ट हाउस में स्थित कमरे में लगे छत के पंखे से फांसी का फंदा से लटककर आत्म हत्या कर ली। मृतक के भाई ज्ञानवीर सिंह ने बताया कि शनिवार की रात बरेली पुलिस ने मुझे सूचना दी कि तुम्हारे भाई ने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिजन शव लेने के घर से बरेली के लिए रवाना हो गए है। मृतक के भाई का आरोप है कि करीब आठ साल से उसके भाई राजवीर ऊर्फ कुंदन का प्रेम प्रसंग कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत चक मजरे चौबीसी गांव निवासी गोपाल सिंह की पुत्री ज्योति सिंह के साथ चल रहा था। उसका भाई जो भी कमाता था वह सब ले लेती थी। दोनों के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग की जानकारी उनके परिजन को भी थी। उनके भाई ने जब शादी करने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया और उल्टे फर्जी केस लगवाकर ब्लैकमेलिंग की लगातार धमकी दी जा रही थी। इससे आहत होकर मेरे भाई ने आत्माहत्या कर ली।

## डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**कार्यालय बाराबंकीः** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रविवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शहर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सतरिख, राजकीय इंटर कॉलेज बरौली (जाटा) , जमील उर रहमान इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज इत्यादि विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों को पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, शुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए गये।

# पुलिस भर्ती परीक्षा पर एसपी ने पढ़ाया पाठ

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचारः** आगामी 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एसपी दिनेश कुमार सिंह ने सफेदाबाद स्थित हिंद मेडिकल कॉलेज के आडीटोरियम में पुलिस के जवानों व अधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्टी को संबोधित करते हुए एसपी दिनेश कुमार सिंह ने कहा की पुलिस की सीधी भर्ती परीक्षा में शुचिता और पारदर्शिता बनाने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सभी परीक्षा केंद्र कंट्रोल रूम एवं ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी से परीक्षा को कराया जाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

# 8 लाख के जेवर-नकदी उठा ले गए चोर

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचारः** छत के रास्ते घर के अंदर घुसे अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। भागते समय चोरों ने घर में खड़ी बाइक भी चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना लोनी कटरा के भिलवल चौराहा निवासी मुनेशर प्रसाद जायसवाल हाईवे किनारे किराना, खाद, कपड़े आदि की दुकान चलाते हैं। इसी भवन में सपरिवार रहते भी हैं। बगल में निर्माणाधीन एक भवन के जीने में अंदर छिपकर बैठे चोर ने रात में सभी के सो जाने के बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने अलमारी व बक्से में बेटे की शादी में बहू को देने के लिए खरीद कर रखे गए सोने व चांदी के करीब 8 लाख के जेवरात व दुकान के गल्ले में रखी चार हजार की नकदी चोरी कर भाग निकले। गैलरी में अंदर से लगे ताले को तोड़कर अंदर खड़ी बाइक भी लेकर चोर आराम से भाग निकले। सुबह उठने पर चोरी हो जाने की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच शुरू कर दी है।

इसके पूर्व क्षेत्र के ललई खेड़ा गांव में दिनांक 5 अगस्त को मुस्ताक व समीम के घर से तीन लाख की चोरी हुई थी। इसी क्रम में त्रिवेदीगंज-कस्बे की देशी शराब की दुकान में, लक्ष्मनपुर गांव की किराना की दुकान का सटर तोड़ कर लाखों रुपए की चोरी को चोर अंजाम दे चुकें हैं।

### चोरों ने लाखों की नकदी पर साफ किए हाथ

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** चोरों ने एक घर से हजारों की नकदी सहित लाखों के कीमती जेवरात पार कर दिया। दूसरे घर को पहुंचे चोरों को घर के सदस्यों व ग्रामीणों ने खदेड़ लिया। मोहम्मदपुर खाला थाना के सुर्जनपुर गांव के निवासी राजेश कुमार गोस्वामी ने दिए हुए तहरीर में बताया है की बीती रात चोर पीछे के रास्ते छत से हो कर अंदर दाखिल हुए कमरे के अंदर रखे बक्से व आलमारी का ताला तोड़ कर जेवरात उठा ले गए। चोर घर पर स्थित किराना स्टोर का गल्ला भी उठा ले गए। जिसमें लगभग चालीस हजार की नगदी बताई गई है। चोर घर को खंगालने के बाद में इसी गांव के निवासी विजयपाल सिंह के घर छत के रास्ते अंदर पहुंचे। इस बीच आवाज सुनकर बेटे सचिन की आंख खुल गई उसने चिल्लाना शुरू किया तो चोर भाग निकले। शोरगुल की आवाज सुनकर गांव के लोगों ने चोरों को दौड़ाना शुरू किया परंतु कुछ दूर जा कर चोर लापता हो गए। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया की चोरी की तहरीर मिली है कार्रवाई की जाएगी।

# चौराहे के पास से हरे पेड़ काट ले गए वनमाफिया

देवा, बाराबंकी


पेड़ों को लोडर में लादते मजदूर।

**अमृत विचार :** शासन प्रशासन भले ही युद्धस्तर पर पौधरोपण महाअभियान चला कर लोगों पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रही हो लेकिन देवा क्षेत्र में सक्रिय वन माफिया हरियाली पर आरा चला रहे हैं। जिन्होंने घंटों में ही आम के पेड़ को काटकर गायब कर दिया। जिसकी भनक न तो वन विभाग को लगी और न ही पुलिस को।

देवा कुर्सी मार्ग पर खेवली चौराहे के नरसिंह मोड के सामने एक हरे आम के पेड़ को रविवार की सुबह वन माफिया काट कर पिकप वाहन पर लाद कर चले गए। मुख्य चौराहे के पास वन माफिया हरे-भरे आम के पेड़ पर आरा चलाते रहे और इसकी भनक पुलिस और वन विभाग को तक नहीं लगी। यह तो महज बानगी है। क्षेत्र में अक्सर प्रतिबंधित पेड़ों के काटे जाने के मामले चर्चा में आते रहते हैं। इसके बावजूद इन वन माफियाओं पर कठोर कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रीय वन दरोगा मनोज यादव ने बताया कि सूचना मिली है और इस मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वर्ग पहेली-165

**बाएं से दाएं**

2. 1. तरंग, लहर, हिलोर 2. मन की तरंग, उमंग 3. सुख, आनंद 4. समृद्धि। (मु.) –में आना : उमंग या मस्ती में आना।

5. 1. जहां अपाहिजों व दरिद्रों को मुफ्त में दवा या भोजन इत्यादि दिया जाता है 2. मोहताजखाना, अनाथाश्रम 3. लंगर, अन्नसत्र।

7. 1. रंगबिरंगा, तरह-तरह के रंगोंवाला, अनेक रंगों का 2. विविधतापूर्ण।

6. (रामायण) रघुकुल में उत्पन्न एक प्रसिद्ध राजा, काकुत्स्थ।

8. 1. रंगीन होने की अवस्था या भाव, रंगीलापन 2. सुखद और सुंदर परिस्थिति 3. श्रृंगार, सजाव 4. सौंदर्यछटा।

9. एक जाति जो बाल काटने तथा विवाह आदि तय कराने का काम करती है, हज्जाम।

**ऊपर से नीचे**

1. बारह माह का समय, वर्ष, बरस।
3. पानी की लहर या धारा।
4. चिकना होने की अवस्था या भाव, चिकनाई, चिकनाहट।




### वर्ग पहेली -164 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 सु | ■ | ■ | 2 न | ■ | ■ |
| 3 न | सी | ब | व | र | ■ |
| ना | ■ | ■ | यु | ■ | ■ |
| ■ | 4 भ | या | व | 5 ह | ■ |
| 6 हाँ | क | ■ | 7 क | र | ई |
| ■ | भ | ■ | ■ | फ़ | ■ |
| 8 लो | क | री | ति | ■ | ■ |

## सुडोकू -78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | 8 | 4 | | |
| 2 | | 4 | | | 1 | 6 | | |
| 1 | 5 | | | 3 | | | | 7 |
| | 2 | | | | 5 | | 8 | 9 |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| 5 | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| 6 | | | | 1 | | | 9 | 5 |
| | | 1 | 6 | | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 9 | 4 | | | | |

### सुडोकू -77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अगस्त सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- पूर्णिमा 23 .55 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- श्रवण 08 .10 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष:** आज आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। घर की साज-सजावट पर खर्च करेंगे। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अच्छे अवसर मिलेंगे। नई नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। विद्वान जनों के बीच आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृष:** आज विदेश यात्रा आपके लिए काफी उत्तम रहेगी। नए कार्यों को लेकर थोड़े असहज रहेंगे। आपका मन काफी प्रसन्न रहने वाला है। दांपत्य संबंध काफी मधुर रहने वाला है। अनचाहे भय से व्याकुल हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। थकान और कमजोरी महसूस होगी। नए कार्यों की शुरुआत न करें। व्यापार में नकदी की समस्या हो सकती है।

**कर्क:** आज कई दिनों से रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा। उच्चाधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होता रहेगा। बेरोजगारों को नौकरी संबंधी साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। प्रेम संबंध वैवाहिक संबंधों में परिणित हो सकते हैं।

**सिंह:** आज क्रोध के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दोस्तों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार में आपको शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। कानूनी मामलों का समाधान निकाल सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज मित्रों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा हो सकती है। मेहनत से आपको पीछे नहीं हटना चाहिए। दूसरों के मामलों में जबरदस्ती हस्तक्षेप न करें। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आप लोगों की सहायता करने का अवसर नहीं चूकेंगे।

**तुला:** आज व्यवसाय में कुछ तकनीकी अवरोध आ सकते हैं,लेकिन उन्हें आप जल्द सुलझा लेंगे। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। काम की अधिकता के कारण परिवार को पूरा समय नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक:** आज सेहत को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। इसके लिए आप नित्य व्यायाम करने का भी संकल्प ले सकते हैं। सुबह से ही आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। समाज में अपनी तार्किक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

**धनु:** आज व्यापार में अचानक उलटफेर का सामना करना पड़ सकता है। भविष्य की योजनाओं को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त पड़ेगा। किसी को वचन न दें वरना परेशानी में फंस सकते हैं।

**मकर:** आज लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकता है। पुरानी बातों को लेकर ज्यादा परेशान न हों। व्यापार में साझेदारों के बीच तालमेल की कमी दूर कर लेंगे। जिस कार्य के लिए आप लंबे समय से प्रयासरत थे वो पूर्ण हो सकता है।

**कुंभ:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को अपने करियर को लेकर चिंता हो सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आपसे कुछ चूक हो सकती है। क्रोध व उत्तेजित होकर किसी से बात न करें। प्रतियोगी परीक्षा में आपको आशा से उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**मीन:** आज व्यापार में नकदी की समस्या का समाधान होगा। प्रेमी जन आपको करियर और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का आनंद लेंगे। आप अपने घर पर समय बिताना ज्यादा पसंद करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- देवता — सुबह : 09 .00
- घोस्ट — रात : 09 .00

**&pictures**
- वलाटी — सुबह : 11 .28
- पलटन — रात : 08 .00

**Sony Pix**
- जस्टिस लीग — दोपहर : 12 .18
- ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- रक्षा बंधन — सुबह : 11 .24
- स्कंदा — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
- हसीं तो फंसी — सुबह : 10 .17
- पॉवर अनलिमिटेड — शाम : 05 .48

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर सुबह : 11 .24 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटनाओं में नौ लोग घायल

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी :** दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं मे तीन महिलाओं सहित नौ लोग घायल हो गए। पहली घटना सुबह करीब दस बजे सायपुर सिद्दवी माइनर पर छंदरौली गांव के पास एक ब्रिक फील्ड का ट्रक ईंट लादकर जा रहा था, जो असन्तुलित होकर माइनर में पलट गया। ट्रक पर सवार लेबर दिनेश वख्श 42 व रोशन-35 घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। दूसरी घटना दोपहर करीब एक बजे हाइवे स्थित दहिला कट के पास हुई। यहाँ पहले से खड़ी कार मे पीछे से दूसरी कार के टकरा जाने के कारण एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गए। सुल्तानपुर जनपद के कैलाश पुरी कालोनी निवासी पूजा-26, लीलावती-62, परिधि10, प्रवीण-40, ओमप्रकाश-68, सुशील कुमार-44व प्रेम चंद्र कार से लखनऊ जा रहे थे, जो दुर्घटना में घायल हो गए, पुलिस ने सभी घायलो को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### चंदन का पेड़ काट ले गए चोर

**फतेहपुर बाराबंकी :** क्षेत्र के ग्राम जरखा में घर के बाहर लगा चंदन का वेश कीमती पेड़ चोर काट कर उठा ले गए। पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जरखा निवासी मनोज कुमार के घर के परिसर में एक 25 वर्ष पुराना चंदन का पेड़ लगा हुआ था। शनिवार की रात घर के सारे सदस्य सो रहे थे। इस बीच चोरी ने चंदन का पेड़ काटकर लकड़ी उठा ले गए। सुबह जब मनोज उठा तो देखा पेड़ कट चुका था सारी लकड़ी गायब हो चुकी थी। पुलिस मामले का जांच कर रही है।

### हादसे में किशोर घायल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़-भिटरिया रोड पर हरिलाल पुरवा चौराहा पर सड़क पार कर रहे 10 वर्षीय बालक मयंक पुत्र अम्बिका प्रसाद महुलारा गांव निवासी को अज्ञात एम्बुलेंस ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल बालक को वहां मौजूद लोगों की मदद से सीएचसी रामसनेहीघाट में लाया गया। जहाँ पर मौजूद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पनताल भेजा। बताया जा रहा है कि व साइकिल से हरिलाल पुरवा चौराहा किराना का सामान लेने आया था।

### पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

**कोठी बाराबंकी :** थाना क्षेत्र के नूरापुर गांव निवासी मनोज (19) पुत्र श्रीकेशन शुक्रवार देर शाम घर लौटा था। इससे नाराज पिता ने फटकारा इस बात से नाराज वह घर से बाहर चला गया। कुछ देर उसके नहीं लौटने पर परिजन तलाश शुरू की। उसका शव पंचायत भवन के समीप पर स्थित बाग में चिलविल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटक रहा था। प्रधान प्रतिनिधि विनोद सिंह की सूचना पर पहुंचे एसएसआई कोठी शिव सागर तिवारी ने शव को फांसी के फंदे से उतरकर पोस्टमार्टम कराया है।

### 21 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी :** संदिग्ध व्यक्तियों व अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 21 लोगों शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की। जबकि दो वारंटी व 11 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### पोस्ता छिलका के साथ चार लोग गिरफ्तार

**बाराबंकी :** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को असन्द्रा पुलिस टीम ने हाजीपुर निवासी सत्य नाम वर्मा पुत्र गौरी शंकर, रमजान पुत्र मिठाई लाल, सुनील कुमार पुत्र प्रेमचंद, नीरज पुत्र ओमप्रकाश निवासी लावनपुर को दस किलो छह सौ ग्राम पोस्ते के छिलके साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में कार्रवाई की।

# पांच लाख के स्टीमेट में कराया दो लाख का काम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत के एक वार्ड में पांच लाख रुपये के स्टीमेट के आधार पर कराए जाने वाला निर्माण कार्य को मात्र दो लाख में कराकर ठेकेदार ने इतिश्री कर दी। इससे नाराज सभासद प्रतिनिधि ने मामले की शिकायत ईओ से की। गौर करने वाली बात यह है कि ईओ शिकायती पत्र लेने से बचते नजर आए हालांकि शिकायती पत्र को लिया है।

मामला फतेहपुर नगर पंचायत के पचघरा दो वार्ड नंबर छह का है। यहां के निवासी व सभासद प्रतिनिधि सौरभ वर्मा ने अधिशाषी अधिकारी फतेहपुर को दिए पत्र में कहा है कि बाराबंकी के रहने वाले ठेकेदार रितेश जायसवाल द्वारा उनके वार्ड में अधूरा काम कराया गया है जबकि कई महीनो के बाद भी इसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य के लिए पांच लाख रुपये का स्टीमेट तैयार हुआ था। इसमें से मात्र दो लाख रुपये ही खर्च किए गए हैं। कई बार शिकायत के बाद भी ठेकेदार द्वारा काम पूरा नहीं किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ईओ शिकायत पत्र लेने में आनाकानी की जा रही थी। हालांकि शिकायती पत्र लिया गया है।

# आदिकाल से तपोस्थली के रूप में विख्यात महादेवा धाम

रामनगर, बाराबंकी:

**अमृत विचार:** सावन माह के अन्तिम सोमवार को लोधेश्वर महादेवा के पावन शिवधाम में लाखों शिवभक्तों के पहुंचने की प्रबल संभावना है। रविवार के भोर पहर से ही भूत भावन भोलेनाथ की नगरी में शिवभक्त नर नारियों की आमद बहुत बढ़ चुकी है। भूत भावन भोलेनाथ के तपोस्थली धाम भारी भीड़ आने के मद्देनजर अधिकारी कर्मचारी अंत भला तौ सब भला की तर्ज पर मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।


लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

लोधेश्वर महादेवा के प्रसिद्ध शिवधाम में माह भर चलने वाला शिवभक्तों का महोत्सव अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। समूचा मेला क्षेत्र हर हर बम बम बोल बम बोल बम जैसे उद्घोषों से गूंजायमान हो चुका था। महाभारत काल में कौरवों के राज्य की सीमा घाघरा नदी तक लगती थी। जो अब सरयू के नाम से जाना जाता है। महाभारत काल में धनुषधारी अर्जुन ने शिवार्चन के लिये बाण चलाकर पृथ्वी लोक से जल प्राप्त किया था। उस स्थान को उस समय बाढ़ हन्या नाम दिया गया था। आज वह बोहनिया सरोवर के नाम से जाना जाता हैं। अभरन सरोवर के पास दूधनाथ बाबा की कुटी है जिन्होंने सैकड़ों वर्ष पूर्व जिन्दा समाधि ले ली थी। उनके पूरब में मिली हुई पहाड़ी बाबा की कुटिया है जिन्होंने ऋषिकेश में क्षेत्रीय परम शिष्यों के साथ रहकर ही जल समाधि ले ली थी। सात दशक पूर्व रहने वाले पहाड़ी बाबा के परम शिष्यों में अभी कुछ लोग मौजूद हैं। इनकी तमाम कहानियां प्रचलित है यह जो कह देते थे वह हो जाता था। बोहनिया सरोवर के पास रहने वाले श्री संत हरदेव लला ने भी जिन्दा समाधि ली थी। लोधेश्वर महादेवा धाम एक तपोस्थली के रूप में आदिकाल से विख्यात है। यहां आने वाले शिवभक्तों की परम्परा बहुत पुरानी है। सावन माह के अन्तिम सोमवार को जुटने वाले लाखों शिवभक्तो के मद्देनजर प्रशासन चौकन्ना है रविवार से ही भीड़ बढ़ने लगी है।

▸▸ सावन मास के अंतिम सोमवार पर आज उमड़ेगी अपार भीड़

# भाई की कलाई पर आज सजेगा बहनों का प्यार

## रक्षाबंधन पर्व पर बाजारों में उमड़ी भीड़, बहनों ने खरीदी भाइयों के लिए राखी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज मनाया जाएगा। रविवार को बहनों ने इस खास मौके के लिए बाजारों में खरीददारी की। अपनी पसंद के अनुसार भाइयों की कलाई सजाने के लिए राखियां खरीदीं। इस दौरान बाजारों में भी विशेष तैयारियां थीं। भाई भी बहन के लिए सरप्राइज गिफ्ट खोजते दिखे।

रक्षाबंधन से एक दिन पहले मिठाई, कपड़े और गिफ्ट एंपोरियम पर ग्राहकों की भीड़ रही। बहनों ने भाइयों की कलाई सजाने के लिए राखियां खरीदने के साथ उनके मनपसंद की मिठाई भी खरीदी। इधर भाई इस उधेड़बुन में थे कि बहनों को क्या गिफ्ट दिया जाए। किसी ने शोपीस तो कोई कपड़े आदि खरीदता नजर आया। ये सिलसिला देर रात तक चलता रहा। रक्षाबंधन पर शहर में धनोखर चौराह, छाया चौराहा, घंटाघर, कंपनीबाग, सतरिख नाका समेत कई अन्य बाजारों में खरीददारों की भीड़ उमड़ी। गिफ्ट गैलरी, मिष्ठान्न से लेकर कपड़ा, ज्वैलरी, सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें गुलजार रहीं। मायके जाने के लिए बहनों ने ब्यूटी पार्लर का भी रुख किया। पर्व को लेकर रविवार को साप्ताहिकी बंदी के बावजूद दुकानें खुली रहीं। जिन पर सुबह से लेकर देकर रात तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही। मिठाई, राखी समेत गिफ्ट की दुकानों पर अधिक भीड़ दिखी। लोगों में पर्व को लेकर गजब का उत्साह दिखा।

**मुफ्त में भाई के घर पहुंचेंगी बहनें:** रक्षा बंधन पर्व पर शासन ने रोडवेज बसों में बहनों को एक दिन के लिए मुफ्त यात्रा की घोषणा की है। रविवार की रात बारह बजे से 19 अगस्त की रात बारह बजे तक मुफ्त यात्रा का लाभ मिलेगा। बहनों की यात्रा को आसान बनाने के लिए जिले की सभी 122 बसों को लगाया गया है। जरुरत के हिसाब से फेरे बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बस कर्मचारियों के लिए भी प्रोत्साहन योजना लागू की है। एआरएम सुधा ने बताया कि बहनों को मुफ्त यात्रा की सुविधा मध्य रात्रि से दी जा रही है। चालक और परिचालकों को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। महिलाओं को मुफ्त यात्रा कराने में कोई दिक्कत न आए इस संबंध में कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

**कस्बे में भी पर्व की धूम:** रक्षाबंधन को लेकर नगर पंचायत रामसनेहीघाट, कोटवा सड़क, देवीगंज, दरियाबाद, टिकेत नगर, अहमदपुर क्षेत्र के बाजारों में राखी, मिठाई व गिफ्ट की दुकानें सजी रहीं। इस बार भी चाइनीज राखियां बाजार से नदारद रहीं। वहीं राखी की दुकानों पर बिक्री बढ़ गई। उधर, मिठाई और गिफ्ट की दुकानें भी सजकर तैयार हैं, जहां ग्राहकों की भीड़ उमड़ी रही। इस बार भी सूखी मिठाइयों की मांग अधिक रही।


एक दुकान पर राखी खरीदतीं बहनें। अमृत विचार


मिठाई की दुकान पर खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए भद्रा का रखें ध्यान

भाई और बहन के स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन पर्व भद्रा में मनाया जाएगा। आज दोपहर एक बजकर 13 मिनट तक भद्रा है। ज्योतिषाचार्य पं.अखिलेश चंद्र शास्त्री का कहना है कि बहनें भद्रा के बाद ही भाइयों की कलाई पर राखी बांधें। इसी के बाद श्रेष्ठ फल अर्जित होगा।

### मेहंदी लगवाने की रही होड़

रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनों ने सजने संवरने में भी कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। बाजार में मेहंदी लगवाने की होड़ मच गई तो ब्यूटी पार्लर पर भी महिलाओं और युवतियों की कतार रही। सुबह से ही बहनें शहर के लइया मंडी स्थित एक मार्केट में हाथों में मेहंदी लगवाती नजर आईं। इस दौरान मेहंदी लगाने वालों की चांदी रही और पर्व को देखते हुए एक हाथ पर मेहंदी लगवाने का रेट डेढ़ से दौ सौ रुपये रखा।



# जब वरासत न होने पर मांगा पैसा तो दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

हैदरगढ़ बाराबंकी

**अमृत विचार:** भूमि की वरासत कराने के नाम पर एक युवक ने पीड़ित से ढाई लाख रुपए की ठग लिए। साल भर बीतने के बाद भी वरासत न होने पर जब पीड़ित ने पैसा वापस मांगा तो उसे धमकी दी जाने लगी। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सीओ के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली हैदरगढ़ के रनापुर गांव निवासी राजेंद्र वर्मा ने बताया कि उनकी ससुराल जनपद रायबरेली में स्थित है। ससुर की मौत हो चुकी है। उनके ससुर के केवल चार लड़कियां ही थी। श्री वर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी की भी मौत हो चुकी है। ससुर की मौत के बाद तीन बेटियों के नाम वरासत हो गई। उनकी पत्नी की मौत हो जाने के कारण उनके पुत्र का नाम वरासत में छूट गया। श्री वर्मा अपने पुत्र के नाम वरासत कराने के लिए पिछले वर्ष रायबरेली जाने वाले थे कि तभी उनके घर पर उनकी जान पहचान के मुनेश्वर बिहार कालोनी बाराबंकी के निवासी अभिषेक वर्मा पुत्र गोपीचंद वर्मा घर पहुंच गए। बातों बातों में उसने बताया कि उसकी जान पहचान रायबरेली में है। वह उनके पुत्र की वरासत करा देगा। इसके बाद वरासत कराने के नाम पर अभिषेक वर्मा ने पीड़ित राजेंद्र वर्मा से ढाई लाख रुपये वसूल लिया। पीड़ित ने आरोपी के खाते में पैसा भेजा था। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वरासत न होने पर पीड़ित ने जब अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपी पैसा वापस करने के बजाए धमकी देने लगा। पीड़ित की फरियाद पर सीओ हर्षित चौहान ने कोतवाली हैदरगढ़ पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। सीओ के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। साथ ही मामले की जांच कर रही है।

# कोर्ट के आदेश के बाद भी भूमि पर कर रहे थे कब्जा, केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार:** जिले में भूमाफिया के हौसले इतने बुलंद चल रहे हैं कि वह सरकारी जमीनों पर भी कब्जा कर अवैध निर्माण करने से नहीं चूक रहे हैं। नगर कोतवाली इलाके में ऐसा ही एक प्रकरण सामने आया है, जहां कोर्ट का स्थगन आदेश होने के बावजूद दबंग द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जब निर्माण रुकवाने पहुंची नगर पालिका की टीम के साथ भी दबंग द्वारा अभद्रता की गई। जिसके बाद नगर पालिका के लिपिक द्वारा दबंग के खिलाफ नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है।

नगर पालिका नवाबगंज अंतर्गत ग्राम ओबरी की एक भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर के तौर पर दर्ज है। बेशकीमती होने के चलते कुछ दबंग और भूमाफिया इस जमीन पर नजर जमाए हुए हैं और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की सांठगांठ से बेशकीमती जमीन को खुर्दबुर्द किया जा रहा है। इस भूमि के कुछ भाग को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम के न्यायालय में वाद विचाराधीन है। जिसमें न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित करते हुए विवादित भूमि पर आदेश से संबंधित नोटिस बोर्ड भी लगवाया गया है। इसके बावजूद नगर कोतवाली क्षेत्र के लाजपत नगर गुरुद्वारा निवासी गुरप्रीत सिंह पुत्र हरदीप सिंह द्वारा गुरुवार की रात अपने कुछ दबंग साथियों की मदद से उक्त भूमि पर लगे न्यायालय के आदेश बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया और अवैध निर्माण करने लगे। अवैध निर्माण की सूचना मिलने पर जब नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान तहसील नवाबगंज के तहसीलदार और राजस्व टीम भी मौके पर पहुंचकर सरकारी भूमि पर निर्माण का विरोध किया। तो दबंगों द्वारा अधिकारियों के साथ अभद्रता की गई। जिसके बाद नगर पालिका व राजस्व प्रशासन द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवैध निर्माण रुकवाने के बाद मसाला मिक्सिंग मशीन को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। वहीं लिपिक कुलदीप रावत की तहरीर पर देर रात गुरप्रीत सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।


अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

▸▸ भू-माफियाओं ने नगर पालिका टीम पर के साथ की अभद्रता

परेशानी | पिछले लंबे समय से जहां हो रही रामलीला उस भूमि अब हो रहा सरकारी निर्माण

# कहां होगी मैदानी रामलीला, बनी ऊहापोह की स्थिति

फतेहपुर बाराबंकी:

**अमृत विचार:** इस बार रामलीला का मंचन कहां होगा इसे लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है क्योंकि पहले जहां रामलीला हुआ करती थी वहां वर्तमान समय में अग्निशमन कार्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते रामलीला कमेटी व लोगों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है।

दशहरे का त्योहार आने वाला है। दशहरे से पहले यहां होने वाली रामलीला पचघरा में महादेव तालाब के पास रामलीला बाग में हुआ करती थी। यह बाग चूंकि व्यक्तिगत जिन लोगों का था, उन्होंने इसके आधे भू-भाग को बेच दिया था। इस कारण करीब 10 वर्ष पूर्व यहां रामलीला होना बंद हो गई थी और रामलीला का मंचन महादेव तालाब के पास स्थित शमशान घाट के पास पड़ी अग्निशमन कार्यालय की सुरक्षित भूमि पर होने लगा। लेकिन करीब 6 माह पूर्व यहां पर बने रामलीला मैदान के चबूतरे को तोड़कर सरकार ने जमीन को अपने कब्जे में लेकर यहां निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इसी स्थान पर दीपावली के समय पटाखे और अतिशबाजी की दुकानों लगती थीं। अब इसी स्थान पर अग्निशमन विभाग का बड़ा कार्यालय और यहां पर आने वाले कर्मचारियों के लिए निवास स्थान तथा अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए निर्माण कार्य चल रहा है। अब इस वर्ष रामलीला का मंचन और रावण पुतले का दहन का कार्यक्रम कहां होगा यह बात अभी तक तय नहीं हो सकी है। जिसके चलते लोगो के बीच ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं रामलीला समिति से जुड़े अनिल शर्मा ने बताया कि रामलीला की भूमि सुरक्षित कराए जाने के लिए कमेटी के लोग जल्द ही उपजिलाधिकारी से मिलेंगे और इस समस्या के निरास्तरण कराया जाएगा।


कस्बे के मैदानी रामलीला वाली भूमि पर हो रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटकता मिला किशोरी का शव

हैदरगढ़ बाराबंकी

**अमृत विचार:** एक किशोरी का शव गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में शीशम के पेड़ से दुपट्टे से लटकता मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

गांव निवासी गेंदई रावत की पत्नी की मौत अरसा पहले हो चुकी है, जबकि वह अहमदाबाद में रहकर अपने परिवार के लिए रोजी रोटी कमाता हैं। गांव में उसकी पुत्री किरन 19 वर्ष, कामिनी 17 वर्ष और भाई सूरज गांव में रहकर गुजर बसर करते हैं। आज दोपहर कामिनी 17 वर्ष खेत जाने की बात कह कर घर से निकली और फिर वापस नहीं आई। दोपहर बाद लगभग 3 बजे खेतों में जाने के लिए निकले ग्रामीणों ने कामिनी का शव खेत में लगे शीशम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कोतवाली चली आई। कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। किशोरी ने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल सका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल सका कारण

## सार-संक्षेप

### छात्राओं ने बांधी राखी, बदले में मिला पेन और पेंसिल


छात्रों की कलाई पर राखी बांधती छात्राएं।

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक के ग्राम छंदवल में रक्षाबंधन के अवसर पर छात्र-छात्राओं में मेहंदी प्रतियोगिता हुई। वहीं छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई गई राखी छात्रों को बांधकर रक्षा पर्व मनाया। छात्राओं ने सहपाठी छात्र भाइयों को रोली चंदन लगाया, मिठाई खिलाई और राखी बांधकर भाई की सलामती की कामना की तो भाइयों ने छात्रा बहनों के चरण स्पर्श कर रक्षा करने का संकल्प लिया। सामूहिक रूप से रक्षासूत्र बंधन कार्यक्रम ने सभी को भाव विभोर कर दिया। छात्रों ने सहपाठी बहनों को पेन, पेंसिल, कॉपी, चॉकलेट, टॉफी, बिस्किट आदि उपहार भेंट किए। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने शिक्षिकाओं व छात्राओं को मेहंदी लगाई। कक्षा-5 की छात्रा मानवी प्रजापति कक्षा चार से वंदना रावत कक्षा 3 से सारिका सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक रत्नेश कुमार, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा, पूनम, प्रिया, सरिता, अनिता, जियालाल, सरोज, सरस्वती व तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में किया गया था।

### स्कूल में मना रक्षाबंधन का पर्व


रक्षाबंधन का पर्व मनाते विद्यार्थी।

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** गायत्री चिल्ड्रेन एकेडमी में एक दिन पहले ही भाई बहन के अटूट प्यार को प्रदर्शित कर छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर रक्षा बंधन के पर्व को धूमधाम से मनाया। शिक्षकों ने पुनीत पर्व की परम्पराओं के बारे में बच्चों को अवगत कराया। सभी भाइयों ने बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया। यह मनोरम दृश्य वहां उपस्थित लोगों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आरती तिवारी ने रक्षाबंधन पर्व की सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के कोऑर्डिनेटर प्रखर तिवारी ने बाल गोपालों को रक्षाबंधन के महत्व को बताते हुए बहनों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मन्नो देवी पूजा चौबे प्राची यादव पिंकी मौर्या प्रतिभा सिंह सहित नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्र को एक सूत्र में पिराने का आह्वान



भगवाध्वज को रक्षासूत्र बांधते आरएसएस के पदाधिकारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने एक दूसरे को राखी बांधकर राष्ट्र रक्षा एवं सामाजिक सद्भाव का संकल्प भी लिया। दीप प्रज्ज्वलन एवं भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र बांधकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मकुमारी अनुराधा दीदी ने की। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए आरएसएस के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा कि भारत में पूरे वर्ष पर्वों की परंपरा रही है। इन्ही पर्वों के माध्यम से उत्साह और उमंग के साथ देशवासी सामाजिक समरसता का संदेश भी देते हैं। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहनों का पर्व ही नहीं बल्कि राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का आह्वान भी है। इस अवसर पर सह विभाग प्रचारक अमरजीत, नगर संघ चालक विष्णु प्रताप, नगर प्रचारक विभम, नगर कार्यवाह प्रभात, शुभम सहित काफी संख्या में लोग सपरिवार मौजूद रहे।

### कवियों व लेखकों ने भरा देशभक्ति का जज्बा


गोष्ठी के बाद मौजूद वक्ता।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम में कलमकारों की भूमिका विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन शहर के एक निजी शिक्षण संस्थान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ प्रदीप सिंह रहे। उन्होंने कहा कि देश प्रेम तो मानव क्या पशु पक्षियों में भी होता है। मुख्य वक्ता डॉ. दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के दीवानों के मन में देशभक्ति का जज्बा और उमंग भरने का कार्य तत्कालीन कवियों और लेखकों ने किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत सेवानिवृत्त उपनिदेशक राज्य वित्त आयोग डीपीआरओ गोविंदशरण श्रीवास्तव द्वारा गणेश वंदना से हुई। वहीं विशिष्ट अतिथि रहे सेवानिवृत कर्नल संतोष उपाध्याय ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के मन में यह भाव है कि भारत मां की गोद अपनी मां से श्रेष्ठ है का भाव आजादी के सामाजिक कवियों ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन और संयोजक सेवानिवृत्त डीपीआरओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान सभी वक्ताओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी रोपित किए। गोष्ठी का आयोजन जगमोहन शिक्षण संस्थान के संस्थापक व प्रबंधक दिनेश प्रसाद द्वारा किया गया था। इस गोष्ठी में रामकृष्ण, प्रमोद कुमार, अरविंद कुमार, संतोष श्रीवास्तव, प्रेमा देवी, मनीष, जय प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# रायबरेली में मिलावटखोरों पर छापा, 28 नमूने जांच को भेजे

## खाद्य औषधि सुरक्षा एवं प्रशासन की ओर से जिले में चलाया गया अभियान, 80 किलो मिल्क केक कराया नष्ट

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** त्योहार आते ही मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। इसके साथ ही गहरी नींद में सोने वाले जिम्मेदारों को भी कर्तव्यों की याद आने लगती है। हमेशा की तरह इस बार भी अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को खाद्य औषिध सुरक्षा एवं प्रशासन द्वारा 28 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजा गया। इस दौरान करीब 80 किलो दूषित मिल्क केक को नष्ट कराया गया। खाद्य औषिध सुरक्षा विभाग के इस छापेमारी से कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।


तैयार की गई खाद्य सामाग्री के नमूने भरते खाद्य औषधि सुरक्षा विभाग के अधिकारी।



स्थानीय स्वीट्स हाउस में छापेमारी करते खाद्य औषिध सुरक्षा के अधिकारी।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सेफाली रस्तोगी, कंचन लता तिवारी, सौरभ, उत्तम, हरेंद्र, सतेंद्र यादव ने जिले के अलग-अलग स्थानों पर जांच की। इसमें कियान बेकरी एंड कान्हा स्वीट्स हाउस घुरवारा में छेना मिठाई, पनीर, गुप्ता होटल मुराई बाग से खोया, न्यू सागर स्वीट कहारो का अड्डा से पनीर, ओम स्वीटस बस स्टेशन कानपुर रोड से बर्फी, स्वाती स्वीट्स जोहवा मोड़ हरचंदपुर से बर्फी, मिल्क के नमून लेकर जांच के लिए भेजे गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अभियान में लगभग 80 किलो ग्राम दूषित मिल्क केक को नष्ट कराया गया, जिसका दाम अनुमानित 17600 रुपये है। इस अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों के 28 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजा गया। इस दौरान खाद्य कारोबार कर्ताओं को चेतावनी दी गई कि किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य पदार्थों का क्रय विक्रय न करें। बिना खाद्य लाइसेंस पंजीकरण के खाद्य कारोबार करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### रेडीमेड मिठाई और घटिया खोया की बढ़ी आवक

जिले में रेडीमेड मिठाई और घटिया खोया की आवक बढ़ गई है। शहर की बात करें तो यहां पर दो ऐसे स्थान हैं, जहां पर रेडीमेड मिठाई और घटिया खोया के थोक विक्रेता है। सबसे खास बात है कि स्थानीय कर्मी भी जानते हैं, लेकिन कार्रवाई से बचते हैं। ऐसी ही दशा ग्रामीण क्षेत्रों की भी है। फतेहपुर और कानपुर से भारी मात्रा में सेहत को बिगाड़ने वाली मिठाई और खोया आ रहा है। इसके रोकथाम को लेकर कोई प्रयास नहीं किया जाता है।

## सार-संक्षेप

### झाड़ू लगाते समय गिरी महिला, मौत

**बाबागंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के आमीपुर की रहने वाली गुड़िया देवी ( 42) पत्नी जीतलाल रविवार को भोर में पांच बजे झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान वह गश खाकर गिर पड़ी। गुड़िया मुंह से खून आने के साथ वह अचेत हो गई। घर वाले उसे अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। चर्चा रही कि पखवाड़े भर पूर्व उसके बीस वर्षीय बेटे की भी इसी तरह से मौत हो गई थी।

### युवती को अगवा करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** सांगीपुर थाना के उसरिया पचखरा निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि दो दिन पहले उसकी 19 वर्षीय बेटी को गांव के दो आरोपियों ने अगवा कर लिया था। केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों के तलाश में जुट गई। रविवार को सांगीपुर बाजार में गस्त के दौरान पुलिस ने को आरोपी मो. शहजाद व मो. शाहबाद पुत्रगण मो. नसीम को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। युवती को पुलिस सुरक्षा में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया गया।

### किशोरी को अगवा कर युवक ने किया दुष्कर्म

**बाबागंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज इलाके की एक किशोरी को अगवा कर युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर पड़ोस के एक युवक पर आरोप लगाया कि वह अपने कॉलेज जाने के लिए बुधवार को घर से निकली थी। लौटते समय उसकी बेटी घर पर नहीं पहुंची तो परिजन तलाश करने लगे। सूचना मिली कि रास्ते में गांव के ही एक युवक ने बंधक बना लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसे अपनी बाइक पर बैठा कर वापस घर छोड़ दिया, साथ ही नहाते हुए किशोरी की फोटो और वीडियो भी बना लिया। पीड़िता के पिता की माने तो मामले की शिकायत आरोपी युवक के परिजनों से की गई तो आरोपी युवक ने उसे मारा पीटा और धक्का देकर गिरा दिया। पीड़िता के पिता ने महेशगंज थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय दिलाये जाने की मांग की है। मामले में प्रभारी निरीक्षक महेशगंज श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### छात्रों व मानदेय कर्मियों के नाम कर दिया भुगतान, जांच शुरू

**लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** मनरेगा में सरकारी धन गबन एवं मजदूरों के नाम पर फर्जी ढंग से पैसा निकालने के मामले में ग्राम पंचायत कोटवा शुकुलपुर का नाम सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच शुरू हो गई है। लालगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोटवा शुकुलपुर में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान देवनाथ पांडेय पर आरोप लगाते हुए डीएम संजीव रंजन, सीडीओ नवनीत सेहारा और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र दिया। आरोप कि ग्राम प्रधान ने मनरेगा के कार्यों में गांव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्कूली छात्र-छात्राओं के नाम मास्टर रोल में फर्जी तरीके से चढ़ाकर उनके नाम पर उन्ही के खाते में पैसा भेजकर सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया है। आरोप है कि अधिकतर लाभार्थी जिले से बाहर अन्य स्थानों पर रहकर पठन – पाठन या अपनी रोजी रोटी में व्यस्त हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर डीसी मनरेगा प्रतापगढ़, बीडीओ लालगंज के साथ पहुंची टीम ने ग्रामीणों की शिकायत की जांच की। गांव में मनरेगा के तहत कराए गए गोशाला में बंधा निर्माण, अन्य कार्य की जांच मौके पर की। इस बाबत प्रभारी खंड विकास अधिकारी देवेन्द्र वर्मन ने बताया कि मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ताओं का बयान दर्ज किया गया है, आरोपों की छानबीन की जा रही है। लाभार्थियों से शपथ पत्र के साथ स्पष्टीकरण लेने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जनता एक्सप्रेस के कोच में विवाद, यात्री को उतारकर पीटा

रानीगंज/गौरा प्रतापगढ़ अमृत विचार : पंजाब मेल को पास देने के लिए गौरा स्टेशन पर वाराणसी से नई दिल्ली जा रही जनता एक्सप्रेस रोकी गई थी। इस दौरान एक कोच में विवाद को लेकर कुछ बाहरी युवक आ गए। ट्रेन से एक यात्री को उतारकर पीटने लगे। तो ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने मारपीट का वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। ( अमृत विचार ऐसी किसी वीडियो व उससे जुड़े तथ्यों की पुष्टि नहीं करता है।) पिटाई के दौरान किसी ने बीचबचाव का साहस नहीं किया। कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर फतनपुर थाने के साथ ही आरपीएफ और जीआरपी के लोग भी भी पहुंच गए। स्टेशन अधीक्षक अमलेश कुमार ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर तीन की तरफ विवाद की सूचना मिली थी, वहां पहुंचने तक सब शांत हो गया था। एसओ फतनपुर अभिषेक सिंह सिरोही ने बताया कि ट्रेन पर सवार यात्रियों के बीच सीट को लेकर विवाद हुआ था। सूचना पर पुलिस भेजी गई थी, लेकिन मौके पर कोई मिला नहीं। वीडियो से हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### पूरे बाबा का नलकूप ध्वस्त, पानी के लिए मचा हाहाकार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज के पूरे बाबा शांति नगर में नलकूप खराब हो जाने से पानी पीने का संकट गहरा गया है। इससे लालगंज के तीन चौथाई हिस्से में पानी सप्लाई ठप हो गया है। पानी सप्लाई ठप होने से लोगों में हाहाकार मच गया है। नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे में लाउडस्पीकर से अनाउंस कराकर पानी सप्लाई ठप होने की जानकारी जनता को दी है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला का कहना है कि नलकूप को ठीक करने में समय लगेगा। नई बोरिंग होगी तब जाकर लोगों को पानी मिलेगा। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था देने की योजना पर काम चल रहा है।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे लालता मजरे देवली ग्राम निवासी सेवानिवृत्ति रेल कर्मी ईश्वरदीन (65) रविवार को खरीदारी करने के लिए अपनी साइकिल से मुराई बाग कस्बा आ रहा थे, तभी मलियापुर गांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे ईश्वरदीन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया, जहां पर तैनात चिकित्सा संजीव कुमार राय ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मृतक के भाई राजकुमार की तहरीर पर बाइक चालक नरेंद्र कुमार और साथ में बैठे वीरेंद्र कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### खाकी पर हमला, डायल 112 के दीवान घायल

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** नशे में धुत एक युवक ने डायल 112 के दीवान की वर्दी फाड़ी और हाथापाई कर उसकी हाथ की ऊंगली को दांतों से काट कर चोटिल कर दिया। यह मामला भदोखर थाना का है। शनिवार देर रात भदोखर गांव निवासी पदुम कुमार नशे की हालत में अपने परिजनों से गाली-गलौज कर रहा था। परिजन की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने विवाद कर रहे युवक पदुम कुमार को समझाने का प्रयास किया, तभी वह दीवान सोनू से उलझ गया और उनकी वर्दी फाड़ डाली तथा दीवान के हाथ की ऊंगली को दांतों से काट कर चोटिल कर दिया। यह देख साथ गयी टीम के हाथ-पैर फूल गए। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि पारिवारिक विवाद में गये दीवान को नशे में धुत भदोखर निवासी पदुम कुमार ने दीवान की ऊंगली को दांतों से काट कर चोटिल कर दिया है।

### निर्माणाधीन मकान से इनवर्टर और दो बैटरी चोरी

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** बीती रात कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने निर्माणाधीन मकान से इनवर्टर और दो बैटरी चोरी हो गई। रविवार सुबह जब गृह स्वामी निर्माणाधीन मकान पर पहुंचा तो बैटरी चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। कस्बा निवासी राजेश कुमार मौर्य पुत्र स्व. राम सुमेर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने उसके नवनिर्मित मकान में मार्बल व टाइल्स लगाने का कार्य चल रहा है, जिसके लिए उसने मकान में इनवर्टर और बैटरी लगवाया था। रोज की तरह शनिवार की शाम मकान में काम बंद होने के बाद पीड़ित अपने घर चला गया। कस्बा इंचार्ज का कहना है कि बैटरी चोरी होने की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल के

# पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

## न्याय दिलाने का दिया भरोसा, 11 अगस्त को पिछवरिया गांव ने हुई थी अर्जुन पासी की हत्या

संवाददाता,परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया गांव में अर्जुन पासी की हत्या के मामले में रविवार को कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। परिजनों से घटना के कारणों की जानकारी लेकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया गांव में बीते 11 अगस्त को 21 वर्षीय युवक अर्जुन पासी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसको लेकर पक्ष व विपक्ष से कई संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील पासी, रायबरेली जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, अमेठी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, चेयरमैन शत्रोहन सोनकर, मोहम्मद इलियास आदि ने गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। प्रतिनिधि मंडल ने परिजनों से घटना के कारणों की जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल द्वारा आर्थिक सहायता के लिए पूछने पर मां दुलारा ने बताया कि अभी तक कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है। जिस पर प्रतिनिधि मंडल ने मौके पर उपस्थित एसडीएम और सीओ से आर्थिक सहायता की जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि परिवार की उपस्थिति में करीब एक बीघा जमीन का चिन्हांकन हो गया है। 21 अगस्त को बैठक में प्रस्ताव कर एक सप्ताह में जमीन उपलब्ध करा दी जाएगी। प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास देने के लिए कहने पर उपजिलाधिकारी ने बताया कि बीडीओ से लिखित में पत्राचार कर आवास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मुख्य शूटर नवीन सिंह सहित नामजद छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। 7वें आरोपी के लिए तकनीकी जांच कराई जा रही है। सीओ ने बताया कि परिवार को जल्द ही साढ़े आठ लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जायेगी। अमेठी सांसद ने कहा कि परिवार को न्याय और आर्थिक सहायता जल्द ही मिलनी चाहिए। वे फिर आकर देखेंगे कि कितनी सहायता मिली है।


पिछवरिया गांव में परिवार से घटना की जानकारी लेते कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल।

> देश राहुल गांधी ने घटना को संज्ञान में लेकर प्रतिनिधि मंडल को भेजा है। परिवार की मांग है कि उन्हें न्याय मिले। हमारा प्रतिनिधि मंडल डीएम व एसपी से मिलेगा और परिवार को न्याय दिलाएगा।
>
> –किशोरी लाल शर्मा, सांसद-अमेठी

**परिवार से बंद कमरे में की बातचीत :** बाराबंकी व अमेठी सांसद ने परिवार से काफी देर तक अलग कमरे में बात की। बताते हैं कि उन्होंने उनकी समस्याएं सुनी और परिवार को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई।

# कोलकाता कांड पर शहरवासियों ने निकाला मार्च

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** जिले की तमाम संस्थाओं ने मिलकर कोलकाता में पीड़िता डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार एवं हत्या की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए गुरु तेग बहादुर मार्केट से शहीद चौक तक मार्च निकाला गया।



शहीद चौक पर प्रदर्शन करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

पीड़िता डॉक्टर की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर सरकार से न्याय की मांग की गई कि जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ कर फांसी की सजा दी जाए। आज जहां बेटियों को शिक्षित करने की बात, सुरक्षा देने की बात कही जाती है वहीं पर बेटी और महिलाओं के साथ इस तरह के जगह ने जघन्य अपराध देशवासी बर्दाशत नहीं करेंगे। केंद्र सरकार से मांग की है कि बंगाल की ऐसी भ्रष्ट सरकार को तुरंत बर्खास्त करें और बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाएं। पीड़िता डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए प्रोटेस्ट में शामिल होने वालों में माधव सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी, उषा किरण सिंह, अनामिका जायसवाल, प्रिया पांडे, सभासद पुष्पा यादव, नीतू सिंह, नारी शक्ति फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू सिंह, नीलमा श्रीवास्तव, शिल्पी जायसवाल, नीलू शर्मा, ममता सिंह, कमला देवी, शिल्पी, अजमी जमाल, विवेक मिश्रा, अतुल कुमार गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, संदीप जैन, चंद्र प्रकाश गुप्ता, संजय जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, डॉ. चंपा श्रीवास्तव, डॉ.संजय रस्तोगी, डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, डॉ. अतुल अग्रवाल, एनसी हसनी, डॉ. बृजेश सिंह, नीलम श्रीवास्तव सहित सैकड़ों समाजसेवी उपस्थित रहे।

### शिवगढ़ में आरएसएस का रक्षासूत्र का कार्यक्रम

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का रक्षा सूत्र कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड सम्पर्क प्रमुख रमेश कुमार सहगल के आवास पर आयोजित रक्षासूत्र कार्यक्रम में पहुंचे स्वतन्त्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, जिला महामंत्री शरद सिंह की कलाई पर राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने रक्षासूत्र बांधने के साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं रक्षासूत्र बांधकर देश की एकता, अखण्डता एवं एकजुटता का संकल्प लिया। इस मौके खण्ड संचालक अमर सिंह राठौर, खण्ड कार्यवाह अंकुर सिंह, खण्ड सह कार्यवाह विनय त्रिवेदी, जिला धर्म जागरण संयोजक रामजी जायसवाल, नीरज मौर्य, रमेश कुमार, राकेश कुमार रावत, विकास पाठक, बद्री प्रसाद, दिव्यांशु रंजन, प्रियांशु रंजन, धर्म जागरण खण्ड सह संयोजक अंगद राही, आनंद वर्धन आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोलकाता की घटना को लेकर किया प्रदर्शन

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा एवं उपाध्यक्षा डॉ. अंजना खरे के नेतृत्व में महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों एवं सदस्याओं ने कोलकाता घटना पर गहरा रोष व्यक्त कर विरोध प्रदर्शन किया।



रेल डिब्बा कारखाना में प्रदर्शन करती डॉक्टर और अन्य महिलाएं। अमृत विचार

भारती मिश्रा ने कहा कि पीड़िता और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए विरोध प्रदर्शन हुआ है। श्रीमती मिश्रा ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए महिला सुरक्षा के लिए कठोर कानून बनाने के लिए सरकार से अपील भी की। ज्ञात हो कि कोलकाता केआरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में एक महिला डाक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान 9 अगस्त को रेप किया गया एवं बाद में नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद से कोलकाता के छात्र पीड़िता को न्याय दिलाने लिए लगातार आन्दोलन कर रहे और देश भर में इस घटना के विरोध में प्रदर्शन जारी है, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। इसी कड़ी में आज आरेडिका में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों, सदस्याओं एवं कॉलोनी की महिलाओं ने सहभागिता की।

### यात्रा के दौरान महिला के बैग से जेवरात चोरी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार:** जगतपुर थाना क्षेत्र के भनवामऊ निवासी रूबी बानो कहना है कि 11 अगस्त को वह रोडवेज बस में सवार होकर अपने मायके प्रतापगढ़ जिले के कुंडा जा रही थी। इसी दौरान बस सवैया तिराहा स्थित एक रेस्टोरेंट के पास रुक गई और वह अपने बच्चों के खाने की सामग्री खरीद फिर से बस में बैठ गई। इसी दौरान पास में बैठे युवक ने उसके बैग का चैन खोलकर उसमें रखे कान के झुमके व सोने की चेन चुरा ले गए। चोरी करने वाले युवकों का रेस्टोरेंट में आते जाते सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय नगर पंचायत देवा, बाराबंकी**

पत्रांकः 1501 / न0प0देवा/2024–25 दिनांकः– 16/08/2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय गोमती नगर विस्तार खण्ड–07 उ0प्र0 के कार्यालय पत्र संख्या 4/319/स्व0 सी0/2022–23 लखनऊ दिनांक 06.05. 2024 के क्रम में मा0 उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या–324 ऑफ 2020 डा0 बलराम सिंह बनाम यूनियन आफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक–20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत मैनुवल स्कैवैजर और अस्वच्छ शौचालयों का समस्त 12 वार्डो का वार्डवार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण कराया गया। उक्त सर्वेक्षण में मैनुअल स्कैवेंजर और अस्वच्छ शौचालय की संख्या शून्य प्राप्त हुई है। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी के संज्ञान में कोई भी मैनुअल स्कैवेन्जर एवं अस्वच्छ शौचालय है तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर लिखित रूप से कार्यालय नगर पंचायत देवा. बाराबंकी में उपस्थित होकर या श्री सोहन लाल (सफाई नायक) से मो0नं0–8931032607 पर सम्पर्क कर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्कैवेंजरी की सूचना दे सकते है, जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

(शीलू अवस्थी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत देवा
बाराबंकी

(मो0 हारून वारसी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत देवा
बाराबंकी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली**

पत्रांकः 265 / न0पा0परि0राय0 / ई0ओ0 – ई–निविदा / 2024–25 दिनांक 17–8–2024

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फन्ड / 15वें वित्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से शहर के विभिन्न स्थानों पर सीवर सफाई कराये जाने हेतु निविदा दरों के स्वीकृतार्थ इच्छुक फर्म / एन0जी0ओ0 / यू0पी0 उपेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स से निविदाएं दिनांक 17.08.2024 से दिनांक 30.08.2024 को सायं 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। अपलोड की गयी निविदा दिनांक 31.08.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी। जिसे www.etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है व इससे सम्बन्धित समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। उक्त ई–निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में नगर पालिका परिषद, रायबरेली के जलकल अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। विवरण निम्नवत है:–

टेण्डर शेड्यूल (WWW.e-tender.up.nic.in पर)

| क0 स0 | नगर पालिका परिषद रायबरेली | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | Tender upload | 17-08-2024 | - |
| 2 | | Tender Download | 17-08-2024,05.00PM | 30.08. 2024 5.00PM |
| 3 | | Bid Submission | 17-08-2024,05.00PM | 30.08. 2024 05.00PM |
| 4 | Bid Opening | | 31-08-2024,11.00AM | |

कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (GST रहित) | अर्नेस्टमनी | निविदा मूल्य + 18% GST | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में सुपर सकर मशीन द्वारा सीवर सफाई कराने का कार्य | 1698463.00 | 33970 | 2004 | 15 दिन |

(स्वर्ण सिंह )
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
रायबरेली

(शत्रोहन सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
रायबरेली

# राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गुमावां, भवनपुर, रायपुर नेरुवा में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनी।


शिवगढ़ क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

रविवार को स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री ने गुमावां में प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप सिंह की मार्केट, शिवगढ़ नगर पंचायत के भवनपुर, भाजपा नेता नन्दकिशोर तिवारी व रायपुर नेरुवा में ग्राम प्रधान रतीपाल रावत के आवास पर समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याएं सुनी तथा क्षेत्र में हॉट बाजारों के निर्माण के लिए जगह चिन्हित करने, स्टेडियम के निर्माण के लिए जगह सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र के लोगों को रोजगार मुहैया कराने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की एवं सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि मैं रायबरेली का निर्वाचित प्रतिनिधि हूं, शिवगढ़ ने मुझे निर्वाचित करके सदस्य विधान परिषद के रूप में स्थापित किया है। यह मेरा दायित्व है कि जिन लोगों ने मुझे इस लायक समझा उनकी चौखट तक जाना, उनकी आशा के अनुरूप क्षेत्र का विकास करना, उनका सम्मान करना, उनका हाल-चाल जानना यह मेरा नैतिक दायित्व है, मेरा कर्तव्य है। सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी निर्देश है कि सरकार जनता के द्वारा जाएं जिनके निर्देश का मैं अनुपालन कर रहा हूं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, पूर्व प्रधान किशोर तिवारी, जन्मेजय सिंह, शरद सिंह, गोविंद नरायण शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, प्रदीप सिंह, रतीपाल रावत, मनीराम यादव, दुर्गेश बहादुर सिंह, कृष्णकांत उर्फ दउवा शुक्ला, विजय रावत, राजकिशोर बाजपेई, संजय मोहन त्रिवेदी, अशर्फीलाल यादव, जानकीशरण जायसवाल, बंसीलाल लोधी, अरुण रावत, लल्लन सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ने किया भ्रमण

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** कृषि एवं उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र भ्रमण कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कई स्थानों पर एकत्र कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर हाल चाल लिया। महराजगंज पंहुचे राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू की राइस मिल पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान जन्मेजय सिंह, सुनील मौर्य, शक्ति रस्तोगी, प्रधान दद्दू सिंह, रणविजय सिंह के अलावा नगर के सभासद उपस्थित रहे।

# परीक्षा की पारदर्शिता व सुचिता पर रखें विशेष ध्यान : डीएम

## पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

संवाददाता, रायबरेली



कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार बचत भवन में केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा संपन्न कराने के लिए जो भी नियमावली बुकलेट है उसका भलीभांति अध्ययन कर लिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां पर सीसीटीवी कैमरो एवं अन्य समस्त व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित करा ली जाए। साथ ही सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में संबंधित की बैठक अवश्य कर ले। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा की परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी, कैमरा तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा।

स्वास्थ्य विभाग को परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास एम्बुलेंस की मौजूदगी सुनिश्चित कराने को कहा। विद्युत विभाग को परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण सम्पन्न करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा के पूर्व ड्यूटी पर लगे संबंधित लोग, प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त कर ले जिससे परीक्षा निर्बाध रूप से सम्पन्न हो सके। परीक्षा के दिन केंद्र के आसपास जो भी फोटोकॉपी दुकाने है उनको बंद रखा जाए। आवश्यकता पड़ने पर अनुमति के उपरांत ही उसे खोला जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी डा. भावना श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कॉलेज में योगदान देने वाले प्रबुद्धजन सम्मानित



बच्चों को पाठ्य सामग्री देते प्रबंधक रमेश दीक्षित।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** समाजसेवी और बाजपेईपुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमेश दीक्षित ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्कूल की स्थापना और उसके विकास में योगदान देने वाले प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया। रमेश दीक्षित ने पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय, देवी शंकर दीक्षित, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, सुरेश त्रिवेदी, विजय त्रिवेदी, राम सजीवन श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार, अशोक त्रिवेदी, अंबुज दीक्षित आदि प्रबुद्धजनों को अंग वस्त्र और विशिष्ट पदक देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही स्कूल के बच्चों को भी टी-शर्ट और पढ़ने में प्रयुक्त होने वाली काफी किताबें भी प्रदान की। बाजपेईपुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमेश दीक्षित समय-समय पर जहां बच्चों को पाठ सामग्री प्रदान किया करते हैं। वही समाज के लोगों की भी बढ़-चढ़कर सहायता करते हैं। गरीब बच्चों की फीस भी स्वयं प्रबंधक रमेश दीक्षित अपने पास से देते हैं। उनके द्वारा स्थापित लालगंज का रघुवीर इंस्टीट्यूट भी क्षेत्रीय बच्चों को मेडिकल की व्यावसायिक शिक्षा देने का अनूठा प्रयास कर रहा है। रघुवीर इंस्टीट्यूट से निकले बच्चे सरकारी विभागों सहित अन्य जगहों पर रोजगार प्राप्त कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। वही वाजपेईपुर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में बोलते हुए प्रबंधक रमेश दीक्षित ने कहा कि समाज और राष्ट्र तभी मजबूत हो सकता है, जब सब पढ़ लिखकर शिक्षित हो। शिक्षित समाज ही राष्ट्र को विकास के पद पर ले जा सकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शशि कुमार मौर्य, प्रशांत तिवारी, रण बहादुर सिंह, मणिकांत तिवारी, प्रमोद बाजपेई, महेश्वर बाजपेई, अभिषेक शुक्ला आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### अमर शहीदों को दी गई पुष्पांजलि



शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह।

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** सरेनी के ऐतिहासिक शहीद स्मारक में 18 अगस्त 1942 को शहीद हुए अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसका आयोजन शहीद स्मारक सरेनी ट्रस्ट के महासचिव अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। सरेनी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह व अशोक श्रीवास्तव ने पहले पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व माध्यमिक विद्यालय धूरेमऊ, एबीएस पब्लिक स्कूल सैदापुर, ब्राइट करियर पब्लिक स्कूल सरेनी व शहीद जूनियर हाईस्कूल की छात्राओं की प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर इंटर कॉलेज बैरूआ के प्रधानाचार्य रामसकल सिंह, रामप्रताप सिंह, राजेंद्र विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामू सिंह, गोविंद सविता, अनूप तिवारी, डा. भूपेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला, बाल कृष्ण, रवि त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह, कामता सिंह, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार साहू, पुतानी साहू, राजेंद्र त्रिपाठी, उमा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### मुस्तकीम ने लगाई सबसे लंबी छलांग



लंबी कूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देते प्रधान प्रतिनिधि हरकेश कुमार।

**सूची, रायबरेली, अमृत विचार।** सलोन ब्लाक क्षेत्र के अन्तर्गत गौवा बाजार मजरे इटारा गांव में लंबी कूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें सबसे लम्बी छलांग लगाकर मुस्तकीम ने पहला स्थान हासिल किया। विजेता खिलाड़ियों को प्रधान प्रतिनिधि हरकेश कुमार ने पुरस्कार और शील्ड देकर सम्मानित किया। सलोन ब्लाक के गौवा बाजार मजरे इटारा गांव में आयोजित लम्बी कूद प्रतियोगिता में मुस्तकीम कै पहला स्थान, अरूण कुमार को दूसरा स्थान, विवेक को तीसरा स्थान और रविकेश को चौथा स्थान मिला। प्रथम विजेता मुस्तकीम को प्रधान प्रतिनिधि हरकेश कुमार और शिवबरन यादव ने साइकिल देकर सम्मानित किया। प्रधान प्रतिनिधि हरकेश कुमार ने कहा कि गांवों में ऐसे आयोजनों से युवाओं में आपसी भाईचारा बढता है। कार्यक्रम में हर्ष बहादुर सिंह, विजय प्रताप, अंकित सिंह, हरिमोहन, धर्मराज, राजकरन, रामनाथ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय फोर्स के अफसर को बेटियों ने बांधी राखी



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधती छात्राएं।

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचारः** रक्षा बंधन पर्व पर एनटीपीसी परिसर में स्थित सरस्वती इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सामूहिक रूप से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट को रक्षा सूत्र बांधकर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।

इस मौके पर उन्होंने बेटियों के स्वावलंबन और आत्मरक्षा हेतु सजग व सक्रिय रहने का आह्वान किया।

इंटर कालेज की छात्राएं सामूहिक रूप से रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कामडेंट ऑफिस पहुंची। उन्होंने सहायक कमांडेंट और ऊंचाहार यूनिट के प्रभारी अजय त्रिपाठी को राखी बांधी, तथा राष्ट्र रक्षा का उनसे संकल्प लिया। इस मौके पर फोर्स के अफसर ने बच्चियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप में असीमित ताकत है। आज हर क्षेत्र में बेटियां सबसे आगे निकल रही है। आप लोग भी आत्मनिर्भर बने और आत्मरक्षा के लिए तत्पर रहे। इस मौके पर कालेज के वरिष्ठ आचार्य दुर्गेश पांडेय समेत सीआईएसएफ के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### किड्स फन के बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन




रंक्षाबंधन का पर्व मनाते बच्चे।

**रायबरेली, अमृत विचार :** किड्स फन पब्लिक स्कूल हनुमंतपुरम में रविवार को रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम खुशी और उत्साह से भरा था, खासकर छोटे बच्चों के लिए जिन्होंने उत्सुकता से भाग लिया। जीवंत पारंपरिक परिधान पहने लड़कियों ने एक-दूसरे की कलाई पर राखी बांधी, जो उनके प्यार और सुरक्षा के बंधन का प्रतीक है। बदले में लड़कों ने अपना स्नेह और आभार व्यक्त करते हुए लड़कियों को चॉकलेट और छोटे उपहार दिए। यह उत्सव एक दिल छू लेने वाला दृश्य था, जो प्यार, देखभाल और सम्मान के मूल्यों को दर्शाता है जो इस त्योहार का प्रतीक है। यह सिर्फ आनंद लेने का अवसर नहीं था, बल्कि छात्रों के लिए अपने जीवन में इन मूल्यों के महत्व को समझने का भी अवसर था। यह कार्यक्रम छात्रों के बीच खुशी और एकता की भावना के साथ संपन्न हुआ।

# ब्रांड एंबेसडर दीपेंद्र गुप्ता को छात्राओं ने बांधी राखी

संवाददाता,लालगंज, रायबरेली।



दीपेंद्र गुप्ता को राखी बांधतीं छात्राएं।

**अमृत विचारः** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर स्वच्छ सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसडर दीपेंद्र गुप्ता के तिलक लगाकर राखी बांधा और मुंह मीठा कराया। दीपेंद्र गुप्ता ने भी बहनों को उनकी रक्षा का वचन दिया।

वहीं, बालिकाओं द्वारा नगर पंचायत लालगंज कार्यालय परिसर के सभागार मे शिव शंकर मिश्रा, वीरेंद्र यादव, मनोज दीक्षित, रमेश कुमार, उमेश कुमार, राजकुमार, विजय कुमार, रितिज मिश्रा, अभिषेक सिंह, संजीव कुमार, राम करन, सुशील गुप्ता, शिवम् सोनी आदि के राखी बांधकर सभी के उत्तम स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता के प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता ने सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय की बालिकाएं बहुत ही संस्कारित है। बालिका विद्या मंदिर स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने के लिए भी मशहूर है।

# मंत्रोच्चारण से हुई प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता,लालगंज,रायबरेली



शिव मंदिर की स्थापना के दौरान पूजा अर्चना करती तहसीलदार मंजुला मिश्रा।

**अमृत विचारः** लालगंज तहसील के आवासीय परिसर में तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने भगवान शिव के मंदिर का निर्माण कराया है। तहसीलदार लालगंज मंजुला मिश्रा ने तहसील आवास में मन्दिर की स्थापना पूरे लगन के साथ कराया, जिसमें भोलेनाथ जी, पार्वती जी, गणेश जी, कार्तिकेय व हनुमान जी, दुर्गा श्री कार्तिकेय, नंदी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई है। जिसकी सराहना पूरे क्षेत्र में हो रही है। मंदिर में मूर्तियों की स्थापना वेद विधान से प्रसिद्ध आचार्यों के द्वारा कराई गई है।

आचार्य अम्बिका प्रसाद मिश्र, ओंकार अवस्थी, अभयनाथ शुक्ला, शिवांक अवस्थी व कुश त्रिवेदी ने विधि विधान के साथ सभी मूर्तियों का जलाभिषेक, अन्नाधिकरण, शैय्याधिकरण, अभिषेक प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चारण के साथ कराया। पूजन अर्चन तहसीलदार मंजुला मिश्रा के साथ पिता कमलेश कुमार मिश्र, माता पुष्पलता व बड़ी बहन अनुपमा त्रिवेदी ने किया। पूजन अर्चन के पश्चात भगवान की बारात बाजे गाजे व संगीत के के साथ निकली जिसमे शामिल भक्त भक्ति गीतों पर थिरकते हुए बारात लेकर क्षेत्र के प्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर पहुंचे जहां तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने भगवान भोलेनाथ का विधि विधान के साथ पूजन किया। आयोजित भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य किया। भगवान शिव के मंदिर निर्माण पर एसडीएम नवदीप शुक्ला ने प्रसन्नता जताई है। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से जटिल रोगों का इलाज संभव : डॉ. भगवानदीन

संवाददाता, रायबरेली



रिफॉर्म क्लब परिसर में आयोजित एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में मौजूद डॉक्टर।

**अमृत विचारः** रिफॉर्म क्लब परिसर में आयोजित एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का पहुंच कर लोग लाभ उठा रहे हैं। डॉ. भगवानदीन यादव ने कहा कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से जटिल से जटिल रोगों का इलाज किया जाना संभव है।

डॉ. यादव ने बताया कि आज के खानपान एवं रहन-सहन एवं भाग दौड़ की जिंदगी से तरह-तरह के रोग जन्म ले रहे हैं। आज हम एक संकल्प लेते हैं। कम से कम अपने शरीर के लिए 30 मिनट व्यायाम और स्वाध्याय से जोड़ेंगे तभी हम निरोग रह सकेंगे और बीमारियों से लड़ने की शक्ति हमारे अंदर आएगी। उन्होंने बताया कि एक्यूप्रेशर विधि से गठिया, सर्वाइकल, मोटापा, कमर दर्द, स्लिप डिस्क, जोड़ों का दर्द, बवासीर, लिकोरिया, मधुमेह, सटिका, गार्दन की अकड़न, आंखों के रोग, पेट के रोग आदि का इलाज किया जाता है। संचालक अनुज कुमार यादव ने कहा कि एक्यूप्रेशर कुदरत की अनमोल धरोहर है इस पद्धति को अपना करके हम स्वस्थ रहें तथा परिवार को भी स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि रिफॉर्म क्लब में एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर सुबह 10 बजे से पांच बजे तक चलता है। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, गिरजा शंकर, निधि श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, अंजलि श्रीवास्तव अंशु आदि लोग उपस्थित थे।

## अर्थ व्यापार

# अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने का बाजार पर रहेगा असर

## मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा

मुंबई, एजेंसी



- अमेरिकी की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई में कमी के कारण बाजार की धारणा में हुआ सुधार

विश्व बाजार में जबरदस्त तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह दुनिया की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 730.93 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 80436.84 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 173.65 अंक यानी 0.71 प्रतिशत मजबूत होकर 24541.15 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 201.66 अंक अर्थात 0.43 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 47393.93 अंक रहा। साथ ही स्मॉलकैप 242.72 अंक यानी 0.45 प्रतिशत चढ़कर 53857.09 पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में खुदरा बिक्री के मजबूत आंकड़े और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों में गिरावट ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मंदी की आशंकाओं को कम करने में मदद की है। साथ ही अमेरिकी की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई में कमी के कारण बाजार की धारणा में सुधार हुआ है। बाजार पर इसका असर अगले सप्ताह भी कायम रहने की उम्मीद है। घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई दर अनुमान से नीचे आ गई है, जो आशावाद का संकेत है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर कम होकर 670.12 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट होने से 09 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर कम होकर 670.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी 7.53 अरब डॉलर बढ़कर 674.93 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.1 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 588 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.64 अरब डॉलर हो गया।

# सिपाही भर्ती परीक्षाः डाटा मिस मैच होने पर अभ्यर्थी के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

संवाददाता,प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गए हैं। यूपी पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने निर्धारित किया है कि परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले परीक्षार्थियों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। जिन अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन पत्र में आधार कार्ड का नंबर नहीं दर्ज किया है, उन्हें अनिवार्य रूप से परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। जिससे निर्धारित समय में उनके सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जा सके। डाटा मिस मैच होने पर संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

अभ्यर्थियों को केवल नीला/काला बॉल पेन ले जाने की अनुमति दी जाएगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड/पहचान पत्र (ई-आधार, डीएल, पासपोर्ट) लेकर आना होगा। त्रुटिरहित व पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए पुलिस - प्रशासन अलर्ट है। अफसरों ने केंद्रों पर पहुंच कर परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं और संसाधनों को निरीक्षण किया।

यूपी में 60,244 पदों पर सिपाही की सीधी भर्ती-2023 के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 11 केंद्रों पर पांच दिन 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को दो पालियों में किया गया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

**प्रवेश पत्र दिखाने पर अभ्यर्थियों को मिलेगी फ्री बस सेवा :** परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परिवहन विभाग निःशुल्क बस सेवा की सुविधा देगा। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां रखनी होगी। एक प्रति परीक्षा केंद्र के जनपद तक की यात्रा और दूसरी प्रति परीक्षा उपरांत अपने जनपद तक की यात्रा के लिए परिचालक को देना है।

### नकल व गड़बड़ी फैलाने वालों पर विशेष नजर : एसपी



डॉ.अनिल कुमार
एसपी, प्रतापगढ़

एसपी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि परीक्षा में नकल व गड़बड़ी फैलाने वालों पर विशेष निगरानी की जा रही है। इसके लिए सर्विलांस सेल सहित पुलिस टीम सक्रिय है। प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों का प्रयोग,परीक्षा से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उ.प्र. सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश- 2024 में प्रावधान किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना अथवा कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना अथवा षड्यंत्र करना आदि अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे प्रकरणों में संलिप्त पाए जाने पर उम्रकैद अथवा एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है।

# कबीर की स्थापना तभी हुई जब हिंदी साहित्य की भूमिका लिखी गई

संवाददाता, नई दिल्ली

- स्मारिका और आचार्य द्विवेदी पर डॉ. नित्यानंद तिवारी द्वारा लिखी गई पुस्तक का हुआ लोकार्पण



पुस्तक का विमोचन करते साहित्यकार डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी व अन्य।

**अमृत विचारः** प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी का मानना है कि कबीर की स्थापना तभी हुई जब हिंदी साहित्य की भूमिका लिखी गई, मध्यकालीन धर्म-साधना, नाथ संप्रदाय और कबीर जैसी पुस्तक लिखी गई। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर को अपने नजरिए से देखा समझा और किताब लिखी।

डॉ. त्रिपाठी ने आचार्य द्विवेदी की 118वीं जयंती के अवसर पर साहित्य अकादमी के सभागार आयोजित व्याख्यान माला में उक्त बातें कहीं। व्याख्यान का विषय हजारी प्रसाद द्विवेदी के कबीर था। इसका आयोजन आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट ने एनएचपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से किया था। इस अवसर पर ट्रस्ट की स्मारिका पुनर्नवा का लोकार्पण किया गया। साथ ही डॉ. नित्यानंद तिवारी द्वारा आचार्य जी पर लिखी गई पुस्तक अतीत को फिर से आधुनिक कहने का विवेक विमोचन भी किया गया। डॉ तिवारी ने यह पुस्तक डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी को समर्पित की है।

ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अपर्णा द्विवेदी ने आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी शोध सम्मान नाम से शोधार्थियों के लिए पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में प्रोफेसर रामेश्वर राय, दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिणी परिसर के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल राय, प्रसिद्ध व्यंग्यकार पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अंत में सुर मल्हार के कलाकारों ने कबीर के भजनों का गायन किया।

### एनटीपीसी : एक नंबर यूनिट के ब्वायलर वाल्व में आई खराबी, घंटों ठप रहा उत्पादन

ऊंचाहार। बीते शनिवार को एनटीपीसी की 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या तीन तकनीकी खामी से बंद होने के बाद देर रात इतनी ही क्षमता वाली यूनिट संख्या के ब्वायलर वाल्व में तकनीकी खामी आ गई, जिसके कारण यह यूनिट स्वत: ट्रिप हो गई और दस घंटे तक बंद रही। शनिवार की सुबह गैस रिसाव हो रहा था। जिसके कारण इसे बंद करना पड़ा था।

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



अनूप यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खंड जगतपुर

## खेल डायरी

### आई रन फॉर द नेशन मैराथन के विजेता रहे अंशुल खत्री

**नई दिल्ली।** नरेला विधानसभा के शाहपुर गढ़ी गांव में रविवार सुबह युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरणा के लिए आयोजित आई रन फॉर द नेशन मैराथन को अंशुल खत्री ने जीता। यहां समाजसेवी सौरभ खत्री द्वारा आई रन फॉर द नेशन मैराथन का आयोजन किया गया। नशे के विरोध में आयोजित इस मैराथन के लिए समाजसेवी सौरभ खत्री ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट किया। दो चरणों में आयोजित इस मैराथन के सात किलोमीटर की दौड़ को अंशुल खत्री ने जीता। उन्हें ग्यारह हजार रूपये, दूसरे स्थान पर के लिए सात हजार तथा तीसरे स्थान के लिए पांच हजार रुपए के पुरस्कार से प्रतिभागियों को नवाजा गया। इसके साथ ही तीन किलोमीटर की दौड़ में भाग ले रहे प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरुस्कार दिए गए। इस कार्यक्रम में दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नवनिर्वाचित सांसद योगेंद्र चंदोलिया, बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता विद्युत जामवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की विशेष उपस्थिति रही। यह मैराथन दौड़ भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत नरेला के समाज सेवी सौरभ खत्री का एक सराहनीय प्रयास है।

### एमेच्योर चैंपियनशिप में हारीं मन्नत बरार

**एलवुडले (ब्रिटेन)।** आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मन्नत बरार को अंतिम चार के मुकाबले में पोलैंड की मैटिल्डा क्रॉजिनस्का के खिलाफ शिकस्त मिली। भारतीय गोल्फ यूनियन की मेरिट सूची में शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मन्नत इस टूर्नामेंट में अंतिम चार में जगह बनाने वाली देश की पहली गोल्फर हैं। टूर्नामेंट में 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच स्वीडन ने लड़के और लड़कियों दोनों के वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के फाइनल में हेवाना टोर्सटेनसन ने मैटिल्डा को हराया जबकि लड़कों के वर्ग में विगो ओल्सन मोर्क ने नीदरलैंड के स्कॉट वॉल्टरिंग को शिकस्त दी।

### लाहिड़ी संयुक्त 49वें स्थान पर खिसके

**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ ग्रीनबियर टूर्नामेंट में दूसरे दौर में एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर थे। ओल्ड व्हाइट कोर्स में आसान परिस्थितियों के बावजूद वह दूसरे दौर में एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठे। जॉन रहम दूसरे दौर में आठ अंडर 62 के स्कोर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। उनका कुल स्कोर 14 अंडर का है और उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

### प्रिया के पांच विकेट से भारत 'ए' ने जीता आखिरी वनडे

**मैकाय (ऑस्ट्रेलिया)।** युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत 'ए' ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रन से रौंद दिया। ब्रिसबेन में तीन टी-20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत 'ए' ने अंततः दौरे पर जीत का स्वाद चखा। तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया 'ए' को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए। दौरे का अपना पहला मैच खेल रही प्रिया ने सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क (22) और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टीस फ्लिंटॉस (20) को पवेलियन भेजा। प्रिया ने इसके बाद निकोल (02), केट (01) और निकोला (00) को आउट करके मेजबान टीम को 22.1 ओवर में समेटने में अहम भूमिका निभाई।



### लक्ष्य सेन ने की मुख्यमंत्री धामी से भेंट

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को उनके आवास में बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने भेंट की। धामी ने पेरिस ओलंपिक में शानदार खेल के प्रदर्शन के लिए सेन को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उत्तराखंड के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ओलंपिक में कांस्य पदक मैच तक पहुंचे थे। धामी ने कहा कि लक्ष्य आगामी खेलों में पूरे समर्पण से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

# लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की होगी जीत : विनेश

नई दिल्ली, एजेंसी



पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी और सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। विनेश ने अपने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी। विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे।

#### फोगाट ने कहा-पदक गंवाना था सबसे बड़ा झटका

विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं। उन्होंने कहा ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है। मैं नहीं जानती कि मुझे इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मैं नहीं जानती कि मैं कुश्ती में वापसी करूंगी या नहीं लेकिन आज मुझे जो साहस मिला है उसका मैं सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।

### बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी में जुटी टीम, 2014 से 2023 तक चार शृंखलाओं में हारा है भारत

# जायसवाल से निपटने के लिए लियोन ने मांगी हार्टले से मदद

सिडनी, एजेंसी

दिग्गज ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला की तैयारी शुरू कर दी है और उन्होंने उभरते हुए स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से निपटने के लिए इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हार्टले से सलाह ली है। पिछले साल वेस्टइंडीज में पदार्पण पर शतक बनाने वाले जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 712 रन बनाए थे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर मिलने वाली गति और उछाल मुंबई के इस बल्लेबाज के लिए अलग चुनौती पेश करेगी।

'ईएसपीएनक्रिकइंफो' ने लियोन के हवाले से कहा मेरा अभी तक जायसवाल सामना नहीं हुआ है लेकिन यह हम सभी गेंदबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा जिस तरह से जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ खेला, मैंने उसे काफी करीब से देखा और मुझे लगा कि यह शानदार था। लियोन ने कहा मैंने टॉम हार्टले (इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर) के साथ अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ उसके खेलने के तरीकों के बारे में काफी अच्छी बातचीत की जो मुझे काफी दिलचस्प लगी। लियोन लंकाशर की ओर से इंग्लिश काउंटी में खेले और उन्हें हार्टले के साथ बातचीत करने का मौका मिला जिन्होंने भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैच में 20 विकेट लिए थे और वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें जायसवाल के खिलाफ खेलने का अनुभव है।

लियोन के अलावा 2014-15 श्रृंखला में खेलने वाले जोश हेजलवुड अब भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के हालिया परिणाम उनके रिकॉर्ड में एक बड़ी कमी दर्शाते हैं। यह दस साल का अधूरा काम है, यह लंबा समय रहा है और मुझे पता है कि हम चीजों को बदलने के लिए बेहद भूखे हैं, खासकर यहां घरेलू मैदान पर। उन्होंने कहा मुझे गलत मत समझिए, भारत एक सुपरस्टार टीम है और उनका सामना करना बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं चीजों को बदलने के लिए भूखा हूं और यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हम उस ट्रॉफी को वापस लाएं।



#### सिर्फ एक बार जीता भारत

ऑस्ट्रेलिया ने 2014-15 में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-0 से जीतने के बाद से भारत के खिलाफ अगली चार शृंखलाएं गंवाई हैं। इनमें से दो शृंखलाएं विराट कोहली (2016-17, 2018-19) की अगुआई में जबकि एक-एक अजिंक्य रहाणे (2021) और रोहित शर्मा (2023) की अगुआई में खेली गईं।

#### कप्तान कमिंस ने लिया आठ सप्ताह का ब्रेक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की शृंखला को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है। कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। फॉक्स स्पोर्ट्स ने कमिंस के हवाले से कहा ब्रेक के बाद वापसी करने पर हर कोई तरोताजा महसूस करता है। आपको इसका कभी अफसोस नहीं होता। उन्होंने कहा मैं लगभग 18 महीने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं। इस ब्रेक से मुझे सात या आठ सप्ताह तक आराम करने का समय मिल जाएगा। इसके बाद मैं तरोताजा होकर गर्मियों के लिए तैयारी शुरू कर सकता हूं। उन्होंने कहा मैंने अभी तक यहां ट्रॉफी नहीं जीती है। यह एक ऐसी ट्रॉफी है जिसे अभी तक हमारी टीम के कई खिलाड़ी नहीं जीत पाए हैं।



**अंडर-19 महिला क्रिकेट**

## टी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान अलग-अलग ग्रुप में

**दुबई।** मलेशिया की मेजबानी में अगले वर्ष जनवरी में होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान को दो अलग-अलग ग्रुपों में रख गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2025 के लिए जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार 18 जनवरी 2025 से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में 16 टीमों के बीच 41 मैच खेले जायेंगे और टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दो फरवरी होगा।

यह टूर्नामेंट मलेशिया के चार शहरों में खेला जाएगा। सेलांगोर में बायुमास ओवल ग्रुप ए के सभी मैचों और फाइनल की मेजबानी करेगा। जोहोर का दातो डॉ. हरजीत सिंह जोहोर क्रिकेट ऐकेडमी ग्रुप बी के मैचों की मेजबानी करेगा। सारावाक का बोर्नियो क्रिकेट ग्राउंड ग्रुप सी मुकाबलों का आयोजन स्थल होगा जबकि सेलांगोर में यूकेएम वाईएसडी ओवल ग्रुप डी के मैच होंगे। समोआ के लिए ये किसी भी आयु वर्ग में यह पहला विश्व कप होगा, जो न्यूजीलैंड, द. अफ्रीका और एक अन्य टीम अफ्रीका क्वालिफायर के साथ ग्रुप सी में है। ग्रुप बी में इंग्लैंड के साथ पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका है। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, स्कॉटलैंड और एक एशियाई क्वालीफायर है। भारत के ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया शामिल है।

## पाकिस्तान-बांग्लादेश का दूसरा टेस्ट रावलपिंडी में

**लाहौर।** कराची के नेशनल स्टेडियम में चल रहे निर्माण के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाला दूसरा टेस्ट मैच भी रावलपिंडी में होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खेल के घंटों के दौरान भी निर्माण कार्य जारी रहता, जिसकी आवाज से खेल प्रभावित हो सकता था। इसके अलावा निर्माण कार्य से उठने वाली धूल भी खिलाड़ियों के लिए ठीक नहीं रहती।

पीसीबी चाहता है कि स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पूरी तरह से तैयार हो जाए। इंग्लैंड के साथ कराची में होने वाले मैच पर टिप्पणी से इंकार करते हुए उन्होंने कहा अभी उस मैच के बाबत कुछ नहीं कहा जा सकता, वह अभी 15 से 19 अक्टूबर के बीच होना है। हम निर्माण कार्यों की प्रगति पर करीबी निगाह रखे हुए हैं और इसके बारे में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड को भी जानकारी देते रहेंगे। पहले बताया गया था कि 30 अगस्त से तीन सितंबर तक चलने वाला दूसरा टेस्ट कराची में ही बिना किसी दर्शकों के खेला जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट के 150 वर्ष पूरे होने पर खेलेंगे मैच

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट के 150 वर्ष पूरा होने मेलबर्न के ऐतिहासिक क्रिकेट मैदान पर मार्च 2027 में टेस्ट मैच खेलेंगे। दोनों देशों के बीच 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीता था।

टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरा होने पर भी दोनों देशों के बीच 1977 में टेस्ट मैच खेला गया था इस मुकाबले को भी ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। इसके साथ यह भी समझौता हुआ अगले सात वर्षों तक बॉक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न तो नए साल का टेस्ट सिडनी में ही आयोजित होगा। 2030-31 सत्र तक हुए इस समझौते के अनुसार क्रिसमस से तुरंत पहले का टेस्ट ऐडिलेड जबकि सत्र का पहला टेस्ट पर्थ में आयोजित होगा। हालांकि पर्थ ने केवल अगले तीन साल के लिए ही अनुबंध किया है। अगले वर्ष का ऐशेज श्रृंखला पारंपरिक गाबा, ब्रिस्बेन की मैदान की जगह पर्थ में होगी। उल्लेखनीय है कि 2032 के ओलंपिक को देखते हुए गाबा के स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान वहां बहुत कम टेस्ट होंगे।

# चयन नीति से हो रहा है नुकसान : राणा

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीत कर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने राष्ट्रीय महासंघ की लगातार बदलती ओलंपिक चयन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे अतीत में कुछ सबसे होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे भी ऐसा होता रहेगा। एशियाई खेल 2006 में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की अपनी नीतियों में अंतिम समय में बदलाव करने की प्रवृत्ति की आलोचना की।

राणा ने शुक्रवार को पीटीआई मुख्यालय में उसके संपादकों से बात करते हुए अपनी राय साझा की। इस दौरान उनके साथ मनु भी मौजूद थीं जिन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा (सरबजोत सिंह के साथ मिलकर) में कांस्य पदक जीते थे।



- एनआरएआई की अपनी नीतियों में अंतिम समय बदलाव की प्रवृत्ति पर कोच ने की आलोचना

राणा ने कहा सौरभ चौधरी कहां हैं, जीतू राय कहां हैं? क्या कोई उनके बारे में बात करता है? नहीं। क्या हम (10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज) अर्जुन बाबुता के बारे में बात कर रहे हैं, जो पेरिस में चौथे स्थान पर रहे थे। वह मामूली अंतर से पदक से चूक गए थे। क्या कोई उनकी सुध ले रहा है। राणा ने कहा कि वह बदलाव के खिलाफ नहीं हैं लेकिन ओलंपिक चक्र के दौरान अधिक निरंतरता बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा अभी हमारे पास ओलंपिक और विश्व कप के पदक विजेताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई तंत्र नहीं है। हम ओलंपिक पदक विजेताओं को लंबे समय तक नहीं देखते क्योंकि हमारे पास उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई प्रणाली नहीं है।

#### छह माह में बदलती नीति

राणा ने कहा महासंघ की चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। मैंने खेल मंत्री से मुलाकात करके इस पर उनसे बात की। उन्हें निर्णय लेने दें वे जो भी निर्णय लेते हैं, सही या गलत, हम उस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, और फिर उस पर कायम रहो। आप इसके बाद निशानेबाजों के प्रदर्शन में अंतर देखेंगे। तोक्यो ओलंपिक खेलों में फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी सौरभ चौधरी और जीतू राय जैसे कई प्रतिभाशाली निशानेबाज कुछ ही वर्षों में फीके पड़ गए।



आईएसपीएल की घोषणा करते सचिन तेंदुलकर, करीना व सैफ अली खान।

## टेप लगी गेंद और रिवर्स स्विंग से होगी बल्लेबाजों की परीक्षा : तेंदुलकर

**आईएसपीएल**

मुंबई, एजेंसी

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रिवर्स स्विंग का सामना करने के अपने अनुभव का इस्तेमाल टेनिस गेंद टूर्नामेंट इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में इसे लागू करने के लिए किया।

आईएसपीएल का दूसरा सत्र ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में 26 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें अक्टूबर से देश के पांच क्षेत्रों के 55 शहरों में ट्रायल होंगे। टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी। तेंदुलकर ने उम्मीद जताई कि स्टेडियम में 30,000 और इससे अधिक दर्शकों को आकर्षित करने वाले टूर्नामेंट का जल्द ही महिला क्रिकेटर भी हिस्सा होंगी। तेंदुलकर ने कहा कि जो गेंदबाज ट्रायल और चयन के माध्यम से आए थे, वे टेप लगी गेंद से खेलने के आदी नहीं थे लेकिन कुछ समय बिताने के बाद उन्होंने इसे सीख लिया।

# इगा और सिनर सेमीफाइनल में

**सिनसिनाटी ओपन**

मेसन (ओहियो), एजेंसी




<< मैच के दौरान शॉट खेलतीं इगा स्वियातेक। ● एजेंसी

महिला एवं पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी क्रमशः इगा स्वियातेक और यानिक सिनर ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया। उनका अगला मुकाबला आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने लुडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-2 से हराया।

सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हरा कर पिछले सप्ताह मोंट्रियल के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। वह ओपन युग में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पूर्व चैंपियन ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को 3-6, 7-6, 7-5 से हराया। ज्वेरेव ने सिनर के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की हैं। फ्रांसिस टियाफो ने ह्यूबर्ट हर्काज़ के पिंडली की चोट के कारण दूसरे सेट से हट जाने के बाद लगातार दूसरे वर्ष सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में जेसिका पेगुला ने लेयला फर्नांडीज को 6-2, 6-7, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को हराया।



मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कांस्य विजेता हॉकी टीम। ● एजेंसी

## मान ने हॉकी टीम को किया सम्मानित

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले पंजाब के हॉकी खिलाड़ियों को रविवार को यहां एक-एक करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। मान ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि राज्य और देश के लिए गौरव बढ़ाने वाले इन सभी माटी के लाल को सम्मानित किया जा रहा है। मान ने भारतीय टीम में शामिल पंजाब के आठ हॉकी खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये से सम्मानित किया। उन्होंने ओलंपिक में भाग लेने वाले राज्य के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी 15-15 लाख रुपये से पुरस्कृत किया। मान ने कहा कि उन्होंने भारतीय टीम का हर हॉकी मैच देखा और इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने सभी को गौरवान्वित महसूस कराया है। पदक जीतना हर देशवासी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने जिम्मेदारी के साथ टीम का नेतृत्व करने के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की सराहना की। मान ने कहा कि भारतीय हॉकी अपने पुराने गौरव को हासिल करते हुए पुनरुद्धार की राह पर है।

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराकर 1-0 से जीती शृंखला

प्रोविडेंस (गयाना), एजेंसी

केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई।

यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट श्रृंखला जीती। पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से नौवें नंबर के बल्लेबाज गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कुल विकेटों की संख्या 171 पर पहुंचा दी है और इस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ा। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला में 13 विकेट लिए।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 223 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 246 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य था लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। मोती और जोशुआ डा सिल्वा (27) ने 77 रन की साझेदारी करके उम्मीद जगाई लेकिन महाराज ने इन दोनों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 160 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज 144 रन पर आउट हो गई थी।



ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



**विरोध प्रदर्शन** कोलकाता में रविवार को बारिश के बीच आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# फोन से निकल रहा रेडिएशन हो सकता है जानलेवा

आजकल स्मार्टफोन जिन्दगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है, जेब से लेकर बिस्तर तक हर समय साथ रहता है। स्मार्टफोन के कई सारे नुकसान हैं तो कई फायदे भी हैं लेकिन सबसे खतरनाक बात यह है कि यह फायदे के साथ-साथ फोन से लोगों को नुकसान भी पहुंच रहा है। मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन सेहत के लिए बहुत हानिकारक माना जाता है, इसके कारण हमारे शरीर को कई सारी बीमारियां घेर लेती हैं। चलिए जानते है ये रेडिएशन कितना हानिकारक है :



### क्या है मोबाइल टॉवर रेडिएशन

मोबाइल फोन के नेटवर्क के लिए टेलीकॉम कंपनियां अलग-अलग क्षेत्रों में जरूरत के मुताबिक टावर इंस्टॉल करती हैं, टावर का रेडिएशन हमारे सीधे संपर्क में नहीं रहता है, इसलिए इसका गलत प्रभाव शरीर पर बहुत कम पड़ता है लेकिन फोन 24 घंटे हमारे साथ रहता हो तो इसका प्रभाव बहुत ज्यादा पड़ता है। अगर आप अपने मोबाइल फोन के रेडिएशन को चेक करना चाहते हैं, तो इसके लिए मोबाइल से *#07# डायल करना होगा।

### इन बीमारियों का बढ़ता है खतरा

रेडिएशन के कारण दिमाग और दिल दोनों पर बुरा असर पड़ता है। धड़कन अनियमित हो सकती है और दिमाग की याददाश्त प्रभावित होती है। ये फर्टिलिटी पर भी बुरा असर डालती है। कैंसर, आर्थराइटिस, सर्वाइकल, अल्जाइमर और हार्ट डिजीज का रिस्क बढ़ाती है। इतना ही नहीं एकाग्रता, आंख की समस्याएं के साथ न्यूरोडेगेनेरेटिव डिसऑर्डर होने का भी खतरा रहता है।

### ऐसे प्रभाव करें कम

- यदि फोन पैंट की जेब में है तो यह फर्टिलिटी को प्रभावित करता है इसलिए ऐसा करने से बचें। अच्छे मोबाइल केस का इस्तेमाल करें।
- कई बार आप फोन में मल्टी-टास्किंग कर रहे होते हैं या गेम खेल रहे होते हैं या फिर लो बैटरी में भी लगातार फोन चला रहे होते हैं। इन तमाम चीजों से बचें. चार्जिंग के दौरान भी फोन पर काम न करें।
- रेडिएशन का असर दिमागी सेल्स पर भी पड़ता है, अगर लंबे समय तक फोन पर बात करते हैं तो आपके दिमाग पर इसका असर हो सकता है। सबसे सही तरीका है कि आप फोन को स्पीकर में रखकर बात करें, या इयरफोन का प्रयोग करें।
- कमजोर सिग्नल के दौरान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन सबसे ज्यादा होता है, खासकर जब आप बेसमेंट या लिफ्ट जैसी जगहों पर हों तो फोन कॉल करने से बचें।

## एक नजर

### फ्रांस के मशहूर अभिनेता एलेन डेलन का निधन

**पेरिस।** द लेपर्ड और रोक्को एंड हिज ब्रदर्स जैसी सुपर हिट फिल्मों में अभिनय का जौहर दिखाने वाले फ्रांस के मशहूर अभिनेता एलेन डेलन का रविवार को निधन हो गया। वह 88वर्ष के थे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व प्रसिद्ध फ्रांसीसी अभिनेता एवं फिल्म निर्माता डेलन को 20वीं सदी के उत्तरार्ध के सबसे बेहतरीन यूरोपीय सितारों और सेक्स प्रतीकों में से एक माना जाता है। डेलन कई वर्षों से स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रहे थे और पूरी तरह से एकांतप्रिय हो गए थे। डेलन को 1960 में रिलीज हुई फिल्म पर्पल नून से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली।

### ब्राजील में संचालन बंद करेगा एक्स

**मेक्सिको सिटी।** सोशल मीडिया मंच एक्स ने ब्राजील में अपना संचालन बंद करने की शनिवार को घोषणा की। कंपनी ने आरोप लगाया कि ब्राजीलियाई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जांद्रे डि मोरेज ने सेंसरशिप से जुड़े आदेशों का अनुपालन न करने पर ब्राजील में एक्स के न्यायिक प्रतिनिधि को गिरफ्तार करने की चेतावनी दी है।

### रूस में कामचटका प्रायद्वीप के तट पर भूकंप के तेज झटके

**मास्को।** रूस के सुदूर पूर्व में कामचटका प्रायद्वीप के तट पर शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रूसी विज्ञान अकादमी (आरएएस) ने कहा भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7 .0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की शहर से 108 किलोमीटर 67 मील दूर सतह से छह किमी गहराई में था।

### अमेरिका में सैन्य अड्डे पर गोलीबारी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के टेक्सास में ज्वाइंट बेस सैन एंटोनियो-लैकलैंड (जेबीएसए) में सुरक्षा बलों ने जेबीएसए-चैपमैन ट्रेनिंग एनेक्स को तोड़ने का प्रयास कर रहे संदिग्धों के साथ गोलीबारी की घटना हुई। सैन्य अड्डे ने यह जानकारी दी। जेबीएसए की अनुसार सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4 :30 बजे गोलीबारी करने वालों के जवाबी गोलीबारी की।

# सत्ता हस्तांतरण में सहयोग करे भारत

## राजनीतिक विश्लेषक बोले- अल्पसंख्यकों से व्यवहार दोनों देशों के संबंधों में महत्वपूर्ण कारक होगा

**ढाका, एजेंसी**

कई राजनीतिक विश्लेषकों और विदेशी संबंध एवं सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को कहा कि अगर भारत बांग्लादेश में हो रही सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया का समर्थन करता है और किसी एक व्यक्ति और पार्टी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अन्य राजनीतिक दलों के साथ भी संबंध बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है, तो इससे उसे फायदा होगा। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ व्यवहार दोनों देशों के संबंधों में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

अग्रणी थिंकटैंक बांग्लादेश एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट (बीईआई) के प्रमुख हुमायूं कबीर ने कहा मुझे लगता है कि हमारे संबंधों को फिर से तय करने के लिए आपसी समझ शुरुआती बिंदु होनी चाहिए, क्योंकि हम एक-दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए हमें अपने संबंधों को पुनर्निर्धारित करने के लिए एक-दूसरे की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का पड़ोसी होने के नाते भारत मुश्किल समय में हमेशा हमारे साथ रहा है और बदलाव की मौजूदा प्रक्रिया के दौरान भी यदि वह हमारा समर्थन करता है तो मुझे लगता है कि बांग्लादेश के लोग भारत को एक मित्र के रूप में देखेंगे। कबीर ने कहा बांग्लादेश शांति एवं सुरक्षा अध्ययन संस्थान (बीआईपीएसएस) के अध्यक्ष सेवानिवृत्त मेजर जनरल मुनीरुज्जमां ने कहा कि भारत को बांग्लादेश की वास्तविकता देखनी चाहिए, जहां जन क्रांति हुई है। उन्होंने कहा उन्हें (भारत को) इतिहास के सही पक्ष की तरफ होना चाहिए और बांग्लादेश के लोगों के साथ सहयोग करने की इच्छा व्यक्त करनी चाहिए।



### हसीना ने बांग्लादेश की हर संस्था को नष्ट किया : यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आरोप लगाया कि उन्होंने सत्ता बरकरार रखने की कोशिश के तहत हर संस्था को तबाह कर दिया। यूनुस ने वादा किया कि जैसे ही उनकी सरकार अहम सुधार करने की जरूरी प्रक्रिया पूरा कर लेगी, वह स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव कराएंगे। सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद 76 वर्षीय हसीना ने 5 अगस्त को इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं। हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद 84 साल के यूनुस ने 8 अगस्त को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली। यूनुस ने कहा सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में शेख हसीना की तानाशाही ने देश की हर संस्था को नष्ट कर दिया। न्यायपालिका चरमरा गई। डेढ़ दशक तक चली क्रूर कार्रवाई के जरिये लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला गया।

### हसीना पर सामूहिक हत्या के आरोप में वाद दायर

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत में रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 33 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एक अर्जी दायर की गई, जिसमें उन पर 2013 में हिफाजत-ए-इस्लाम द्वारा आयोजित एक रैली पर अंधाधुंध गोलीबारी करके सामूहिक हत्या करने का आरोप लगाया गया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, बांग्लादेश पीपुल्स पार्टी (बीपीपी) के अध्यक्ष बाबुल सरदार चखारी ने ढाका मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दायर की है।

### एक महीने बाद शिक्षण संस्थान खोले गए

**ढाका।** बांग्लादेश में सभी शिक्षण संस्थान रविवार को खोल दिए गए। इन्हें छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा होने के कारण एक महीने से अधिक समय पहले बंद कर दिया गया था। विरोध प्रदर्शनों के कारण हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर जाना पड़ा था। नौकरियों में आरक्षण से संबंधित प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हाल में हुए आंदोलन के दौरान हिंसा भड़कने पर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 17 जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए गए थे।

**कुवैत के प्रधानमंत्री और युवराज से द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा**

# भारत और कुवैत के बीच सद्भावना व मित्रता सदियों पुरानी : जयशंकर

**कुवैत सिटी, एजेंसी**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कुवैत के प्रधानमंत्री शेख मुहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा और युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उनसे चर्चा की। जयशंकर ने कहा भारत और कुवैत के बीच सद्भावना और मित्रता के सदियों पुराने संबंध हैं। हमारी समकालीन साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। हमारे संबंधों को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने से जुड़े उनके विचार और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद।

रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने के लिए शेख सबा के विचारों को सराहा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कुवैत के प्रधानमंत्री शेख डॉ. मुहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा से मुलाकात कर खुशी हुई। उन्होंने कहा भारत-कुवैत संबंधों को और मजबूत बनाने के उनके विचारों की सराहना करता हूं। आगे के आर्थिक सहयोग के संबंध में उनके विचारों को महत्व दिया। जयशंकर ने इससे पहले देश के युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के बारे में मशविरा किया। उन्होंने पोस्ट कर कहा कुवैत के युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।



कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ एस जयशंकर।

### विदेश मंत्री से अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का हुआ आदान-प्रदान

विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी यात्रा से दोनों देशों को राजनीतिक मसलों, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक, वाणिज्य दूतावास समेत भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करने का मौका मिला है और आपसी हितों के जुड़े क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी हुए।

# सूडान में अर्धसैनिक समूह के लड़ाकों ने 85 की हत्या की

- लूटपाट, आगजनी के बाद महिलाओं व बच्चों को बनाया निशाना
- 18 महीने से जारी विनाशकारी संघर्ष में रक्तपात की ताजा घटना

**काहिरा, एजेंसी**

सूडान में अर्धसैनिक समूह के लड़ाकों ने एक गांव में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी के बाद महिलाओं एवं बच्चों समेत कम से कम 85 लोगों की हत्या कर दी। प्राधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। देश में 18 महीने से जारी विनाशकारी संघर्ष में रक्तपात की यह ताजा घटना है। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अर्धसैन्य बल 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ)' ने जुलाई में सेन्नार प्रांत के गलगानी में हमले शुरू किए और पिछले सप्ताह आरएसएफ लड़ाकों ने गांव के निहत्थे निवासियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। ग्रामीणों ने अपहरण और महिलाओं व लड़कियों के साथ यौन शोषण का विरोध किया, जिसके बाद उन पर हमला किया गया। इसमें बताया गया है कि हमले में 150 से अधिक ग्रामीण घायल हो गए। एक स्वास्थ्य देखभाल कर्मी ने बताया कि शुक्रवार तक चिकित्सा केंद्र में 24 महिलाओं और नाबालिगों समेत कम से कम 80 मृतकों के शव आए।



## सड़क हादसे में भारतीय मूल के तीन सदस्यों की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक कार दुर्घटना में भारतीय मूल के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दुर्घटना टेक्सास के लैम्पासस काउंटी के पास हुई। ऑस्टिन अमेरिकन स्टेट्समैन की रिपोर्ट के अनुसार, अरविंद मणि (45), उनकी पत्नी प्रदीपा अरविंद (40) और उनकी 17 वर्षीय बेटी एंड्रिल अरविंद की कार दुर्घटना में मौत हो गयी। इसमें कहा गया है कि सभी लिएंडर के रहने वाले थे। उनका एकमात्र पारिवारिक सदस्य बच गया है। मृतक दंपती का 14 वर्षीय पुत्र आदिरयान दुर्घटना के दौरान उनके साथ वाहन में नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि टक्कर से पहले वाहन तेज गति से उनके पास से गुजरा था।

# इजराइली हमलों में 28 की मौत, संघर्ष विराम को प. एशिया रवाना हुए ब्लिंकन

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

गाजा में बीती रात इजराइल के हमलों में एक महिला और उसके छह बच्चों समेत 28 लोगों की मौत हो गई। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन महीनों से जारी जटिल वार्ताओं के बाद एक संघर्ष विराम समझौता कराने के उद्देश्य से रविवार को पश्चिम एशिया के लिए रवाना हो गए। दोहा में दो दिन की वार्ता के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी मध्यस्थ देश मिस्र और कतर समझौता कराने के करीब पहुंचते दिख रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने समझौते को लेकर सावधानीपूर्वक आशा व्यक्त की है। लेकिन हमास ने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए हैं। संघर्ष विराम प्रस्ताव में तीन चरण वाली प्रक्रिया की बात कही गई है, जिसके तहत हमास 7 अक्टूबर को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करेगा। बदले में, इजराइल गाजा से अपनी सेना वापस बुलाएगा और फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मध्यस्थों को इस युद्ध के समाप्त होने की उम्मीद है, जिसमें 40,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

### नेतन्याहू से मुलाकात कर सकते हैं अमेरिकी विदेश मंत्री

इस बीच, इजराइल का एक प्रतिनिधिमंडल वार्ताओं के लिए रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा जाएगा जबकि सोमवार को ब्लिंकन के इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करने की संभावना है। हमास ने निकट भविष्य में समझौता होने को लेकर संदेह जताया है। इसने कहा है कि नवीनतम प्रस्ताव पिछले प्रस्ताव से काफी अलग है, जिसे उसने सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया था।



## नेपाल की विदेश मंत्री की भारत में पांच दिवसीय यात्रा शुरू

**काठमांडू।** नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा ने रविवार को भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू की और इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जयशंकर के निमंत्रण पर राणा भारत की यात्रा कर रही हैं। यह पदभार संभालने के बाद राणा की विदेश की पहली आधिकारिक यात्रा है। इसमें कहा गया है, इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री राणा भारत के अपने समकक्ष जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी और नेपाल-भारत संबंधों को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए परस्पर हित के मामलों पर चर्चा करेंगी।

# ट्रंप बोले- हैरिस से बेहतर दिखता हूं

- ट्रंप ने टाइम पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है

**अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में की टिप्पणी**

**वाशिंगटन, एजेंसी**

राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के खिलाफ निजी हमला करते हुए कहा कि वह उनसे कहीं ज्यादा अच्छे दिखते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने टाइम पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया, जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है।

ट्रंप (78) ने टाइम पत्रिका के चित्रकार द्वारा हैरिस (78) के चित्र के साथ अत्यधिक उदारता दिखाने की आलोचना करते हुए कहा मैं उनसे कहीं अधिक अच्छा दिखता हूं। ट्रंप पिछली रैलियों में भी इस तरह की टिप्पणियां कर चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा टाइम पत्रिका के पास उनकी (हैरिस) कोई तस्वीर नहीं है। उनके पास एक अविश्वसनीय कलाकार है जो उनके चित्र बना रहा है। उन्होंने बहुत सारी तस्वीरें लीं जो काम नहीं आईं, इसलिए उन्होंने स्केच कलाकार को काम पर रखा। ट्रंप ने उपराष्ट्रपति हैरिस पर उनकी आर्थिक नीति को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि उन्हें हैरिस पर व्यक्तिगत रूप से हमला करने का अधिकार है, क्योंकि वह उनके प्रति बहुत सम्मान नहीं रखते। ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया की रैली के दौरान चुनाव में राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी हमला किया। अमेरिका में 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पेंसिल्वेनिया की महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि ट्रंप ने 2016 में राज्य को बहुत कम अंतर से जीता था, लेकिन फिर 2020 में बाइडन से मामूली अंतर से हार गए।



### कहा- बाइडन हैरिस ने नफरत करते हैं

हालांकि, ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि वह कीमतों को नीचे ला सकते हैं, लेकिन उन्होंने अमेरिकी तेल उत्पादन को बढ़ाने की कवायद के अलावा कोई अतिरिक्त विवरण नहीं दिया। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने लगातार दावा किया कि हैरिस ने राष्ट्रपति बाइडन से राष्ट्रपति पद की दावेदारी चुरा ली। ट्रंप ने दावा कि बाइडन गुस्से में हैं और वह हैरिस से नफरत करते हैं। ट्रंप ने कहा बाइडन उनसे नफरत करते हैं क्योंकि उन्होंने राष्ट्रपति को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### हैरिस की टीम बोली- फिर वही पुराना शो

ट्रंप की रैली के बाद एक बयान में हैरिस की चुनाव प्रचार टीम ने कहा एक और रैली, वही पुराना शो। हैरिस की चुनाव प्रचार टीम के प्रवक्ता जोसेफ कोस्टेलो ने कहा डोनाल्ड ट्रंप अपने खतरनाक प्रोजेक्ट 2025 एजेंडे को नहीं बेच सकते, जिसमें कामकाजी परिवारों पर करों में 3,900 डॉलर की वृद्धि, किफायती देखभाल कानून को समाप्त करना और हमारी स्वतंत्रता को छीनना शामिल है। इसलिए वह झूठी, बेतुकी और भ्रमित करने वाली बातों का सहारा लेते हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### 35 साल बाद फिर से रिलीज होगी फिल्म मैंने प्यार किया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री भाग्यश्री की सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया 35 साल बाद फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनीं सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया वर्ष 1989 में प्रदर्शित हुयी थी। बतौर मुख्य अभिनेता सलमान खान की यह पहली फिल्म थी। भाग्यश्री ने भी इसी फिल्म से अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। राजश्री प्रोडक्शन ने मैंने प्यार किया को फिर रिलीज करने का फैसला किया है। राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसको दोबारा रिलीज किए जाने की जानकारी दी है। फिल्म मैने प्यार किया 23 अगस्त को पीवीआर और सिनेपॉलिस में रिलीज की जायेगी।



### अमिताभ बच्चन ने काम करने की बताई वजह

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 81 साल की उम्र में भी काम करने की वजह बतायी है। अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये करीब छह दशक हो गये हैं। अमिताभ आज भी जोशो-खरोश के साथ 81 वर्ष की उम्र में काम कर रहे है।अक्सर उनसे यह सवाल पूछा जाता है कि वह काम क्यों करते रहते हैं। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में इसका जवाब दिया है। अभिनेता ने लिखा कि वे काम के सिलसिले में मुझसे पूछते रहते हैं, मेरे काम करने का कारण और मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है, सिवाय इसके कि यह मेरे लिए एक और नौकरी का अवसर है और क्या कारण हो सकता है।दूसरों के पास अवसरों और स्थितियों का अपना आकलन होता है और अक्सर वे अपने मॉडल को सर्वोपरि मानते हैं। मेरे जूते पहनें और पता करें। हो सकता है आप सही हों और हो सकता है नहीं। आपको अपने निष्कर्ष निकालने की स्वतंत्रता है और मुझे अपने काम की स्वतंत्रता है।मेरा काम मुझे दिया गया था। जब यह आपको दिया जाता है, तो उस प्रश्न का उत्तर दें। मेरे कारण आपसे सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन अभिव्यक्ति के अधिकार को उपस्थिति की कई सुरंगें दी गई हैं, आपको सुना जाता है।आपने कहा, मैंने सुना, मैंने काम करने का कारण दिया। वह मैं हूं, मेरे पास जो कारण है वह मेरा है। बंद शटर और ताला लगा हुआ है और सामग्री की नपुंसकता आपको अपने रेत के महल बनाने और इसके निर्माण का आनंद लेने के लिए मजबूर करती है।

